नई दिल्ली
मंगलवार, 16 जनवरी 2024
पौष मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी+षष्ठी, वर्ष : 27, अंक : 282
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 17
न्यून. 06

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा



## मैं भाग्यशाली हूं... श्री रामलला हमें 22 जनवरी को दर्शन देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सोमवार को कहा कि भगवान राम हमें 22 जनवरी को दर्शन देंगे और मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे अयोध्या में राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में आमंत्रित किया गया है। प्रधान मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधान मंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के लाभार्थियों को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मैंने 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से पहले 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान भी शुरू किया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने मप्र एवं छत्तीसगढ़ के हितग्राहियों से वर्चुअली की बातचीत

# हितग्राही ललिता और विद्या ने पीएम को बताया पूरे परिवार को मिल रहा सारी योजनाओं का लाभ

पीएम ने कहा कि योजनाओं का लाभ जिनका अधिकार है उन्हें भटकना न पड़े, यही मोदी की गारंटी है

पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के जशपुर की मानकुंवारी बाई से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीएम जन-मन अंतर्गत पीएमवाई (जी) के लाभार्थियों से बातचीत में वर्चुअली रूप से शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम-जनमन के मप्र के शिवपुरी की ललिता आदिवासी और श्रीमती विद्या आदिवासी से वर्चुअली चर्चा की। वहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ की मानकुंवारी से पीएम ने पूछा योजना का मिल रहा है। जवाब मिला हां। प्रधानमंत्री मोदी को श्रीमती ललिता ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी छठवीं ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम-जनमन के लाभार्थी






पीएम मोदी ने शिवपुरी सहित देश भर के कई राज्यों के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कर उनके अनुभव को जाना।

### प्रधानमंत्री जी, हम सब आभारी हैं

*प्रधानमंत्री मोदी ने ललिता से कहा कि आपका पक्के घर का सपना पूरा होने जा रहा है, आपको आज पहली किस्त भी मिलने जा रही है। ललिता ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने पिछड़े आदिवासी गांव के बारे में सोचा, जनमन योजना के अंतर्गत सभी योजनाओं का लाभ हमारे समुदाय को उपलब्ध कराया, उसके लिए हम सब आपके बहुत आभारी हैं। प्रधानमंत्री ने ग्राम हातोद के सभा स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली बच्चियों को भी बातचीत के लिए प्रोत्साहित किया।*







*नीति आयोग की रिपोर्टः यूपी में गरीबों की संख्या सबसे ज्यादा घटी, उसके बाद बिहार, मप्र और राजस्थान*

# सरकारी योजनाओं से 9 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से मुक्त

## अकेले मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

*भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग 24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2013-14 से 2022-23 तक नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में बहुआयामी गरीबी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में सुधार के आधार पर मापा जाता है। नीति आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, भारत में बहुआयामी गरीबी 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गई, इस अवधि के दौरान लगभग ▶▶ शेष पेज 5 पर



### गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2005-06 से 2015-16 की अवधि (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट की दर) की तुलना में 2015-16 से 2019-21 के बीच गरीबी अनुपात में गिरावट की गति बहुत तेज (गिरावट की वार्षिक दर 10.66 प्रतिशत) रही।



### ओपीएचआई और यूएनडीपी ने तकनीकी इनपुट दिए

नीति आयोग के इस चर्चा पत्र का विमोचन सोमवार को नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में किया। नीति आयोग के इस पेपर के लिए ऑक्सफोर्ड पॉलिसी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (ओपीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने तकनीकी इनपुट प्रदान किए हैं।

### 12 सतत लक्ष्यों पर आधारित है राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी का आंकड़ा

*नीति आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में बदलावों के आधार पर वंचितों का आकलन किया जाता है। इन्हें विकास के 12 सतत लक्ष्यों पर आधारित संकेतकों के जरिए मापा जाता है। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, सशिक्षा के वर्ष, स्कूलों में उपस्थिति, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं।*

### केंद्र सरकार की इन योजनाओं से मिला फायदा

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनाः** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत 1 मई 2016 को हुई थी। अब तक 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिया जाता है। साथ ही कनेक्शन लेने पर 1600 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाती है ताकि वे गैस कनेक्शन से जुड़ी अन्य जरुरी चीजें भी खरीद लें।

**प्रधानमंत्री जन धन योजनाः** इस योजना की शुरुआत 28 अगस्त 2014 को हुई थी। लगभग 100% परिवारों को इस सुविधा के तहत लाया जा चुका है। खोले गए खातों में से 60% खाते ग्रामीण क्षेत्रों में और 40% खाते शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। जनधन की वेबसाइट के अनुसार 51. 42 करोड़ अकाउंट होल्डर हैं। और उनके खातों में 2 लाख करोड़ रुपए जमा हैं।

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनाः** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को 2020 में शुरू किया ▶▶ शेष पेज 5 पर

कोहरा बनी देरी की वजह, आरोपी गिरफ्तार

## उड़ान में 10 घंटे की देरी, यात्री ने पायलट को मारा थप्पड़!



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान में देरी की घोषणा कर रहे इंडिगो के पायलट पर एक यात्री ने हमला कर दिया। घटना के बाद यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार शाम हुई इस घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर आया है। वीडियो में साहिल कटारिया नामक यात्री गोवा जा रहे विमान के अंदर घोषणा कर रहे पायलट पर हमला करते दिख रहा है।

उड़ानों की निगरानी करने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटराडार24' के मुताबिक, विमान ने 10 घंटे से ज्यादा की देरी के बाद शाम छह बजे दिल्ली से उड़ान भरी। घटना उस दिन हुई जब घने कोहरे के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसके कारण कई उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, कई उड़ानें रद्द हुईं या उनके ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वायरल वीडियो में क्या?

वीडियो में कटारिया को यह कहते सुना जा सकता है कि वे विमान में लंबे समय से बैठे हैं और अगर विमान उड़ान नहीं भरने वाला है तो उन्हें जाने की अनुमति मिलनी चाहिए। एक अन्य वीडियो क्लिप में कटारिया को सुरक्षा कर्मी विमान से बाहर ले जाते दिख रहे हैं और वह अपने इस आचरण के लिए माफी मांगता नजर आ रहा है। उसे बाद में थाने ले जाया गया और फिर गिरफ्तार कर लिया गया।

### सिंधिया बोले- खराब आचरण स्वीकार्य नहीं

*नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यात्री का खराब आचरण स्वीकार्य नहीं है। उससे 'सख्ती से निपटा' जाएगा। नागर विमानन महानिदेशालय उड़ानें रद्द होने और खराब मौसम के कारण उनके परिचालन में देरी के मद्देनजर यात्रियों के साथ बेहतर संचार के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी करेगा। एक बयान में एयरलाइन ने कहा कि कटारिया ने सह-पायलट से 'मारपीट' की।*

## खबर संक्षेप

### धारावी वालों को मिलेंगे 350 वर्ग फुट के फ्लैट



**मुंबई।** अडाणी समूह धारावी झुग्गी-बस्ती के पात्र निवासियों को 350 वर्ग फुट के नए फ्लैट की पेशकश करेगा। अडाणी समूह महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से धारावी झोपड़पट्टी का पुनर्विकास कर रहा है। समूह ने दावा किया कि इन फ्लैट का आकार झुग्गी पुनर्विकास के तहत प्रस्तावित आकार से '17 प्रतिशत अधिक' है।

### हमले की साज़िश की सूचना मातोश्री की सुरक्षा बढ़ाई



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के घर के पास हमले की साजिश रचे जाने की सूचना फोन कॉल से मिलने के बाद पुलिस ने मातोश्री की सुरक्षा बढ़ा दी है। मातोश्री के पास हमले को लेकर धमकी भरा कॉल आया था। फोन करने वाले शख्स ने पुलिस को बताया कि मातोश्री को खतरा है। उनके घर के सामने हमले की बात करते हुए सुना है।

अस्पताल में चल रहा था इलाज

## गृहमंत्री शाह की बड़ी बहन का मुंबई में निधन, गुजरात के सारे कार्यक्रम रद्द


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बड़ी बहन का मुंबई के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया है।

बहन राजेश्वरीबेन शाह के निधन के बाद अमित शाह ने गुजरात में अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। राजेश्वरीबेन की उम्र 60 के आसपास थी। भाजपा के एक पदाधिकारी ने बताया कि राजेश्वरीबेन की तबीयत कुछ समय से ठीक नहीं थीं और मुंबई के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने सोमवार तड़के अंतिम सांस ली। राजेश्वरीबेन का पार्थिव शरीर सोमवार सुबह अहमदाबाद में उनके आवास पर लाया गया है और उनका अंतिम संस्कार दोपहर में थलतेज श्मशान में कर दिया गया।

अंतिम संस्कार अहमदाबाद में हुआ








सरकार ने तय की समय सीमा

## फास्टैग की 31 तक केवाईसी नहीं, तो देनी होगी पेनाल्टी




### क्या है नियम

फास्टैग उपयोगकर्ताओं को 'एक वाहन, एक फास्टैग' का भी अनुपालन करना होगा। अपने संबंधित बैंकों के माध्यम से पहले जारी किए गए सभी फास्टैग को छोड़ना होगा। केवल नवीनतम फास्टैग खाता सक्रिय रहेगा क्योंकि पिछले टैग 31 जनवरी 2024 के बाद निष्क्रिय/ब्लैकलिस्ट कर दिए जाएंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल का शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य कई वाहनों के लिए एकल फास्टैग का उपयोग अथवा एक विशेष वाहन के लिए कई फास्टैग को जोड़ने को रोकना है।

फास्टैग का तय समय से पहले केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। बकाया धनराशि के साथ अपूर्ण केवाईसी वाले फास्टैग को 31 जनवरी 2024 के बाद बैंकों द्वारा निष्क्रिय/ ब्लैकलिस्ट कर दिए जाएंगे। और टोल पहुंचने पर आपको पेनाल्टी देनी होगी। सड़क परिवहन मंत्रालय में पीआईबी की एडीजी जेपी मट्टू सिंह बताती हैं कि केवाईसी कराने के दायरे में पुराने फास्टैग आएंगे, क्योंकि इधर कुछ वर्षों में लिए गए फास्टैग आधार से लिंक हैं और उनका केवाईसी भी हुआ है. पुराने फास्टैग में इस तरह की समस्या आ रही है, जो ब्लैकलिस्ट किए जाएंगे।

### केवाईसी कराने के लिए कहां जाना होगा?

ऐसे फास्टैग धारकों को अपने बैंकर के पास जाकर केवाईसी अपडेट कराना होगा। मसलन किसी ने पेटीएम से फास्टैग लिया है तो पेटीएम में जाकर अपडेट कराना होगा, अगर किसी ने बैंक से लिया है तो वहां जाकर अपडेट कराना होगा। इस संबंध ट्रासंपोर्ट एक्सपर्ट अनिल छिकारा ने बताया कि कुछ वाहन चालक इसका मिसयूज कर हैं। वो छोटी गाड़ी के फास्टैग कमर्शियल गाड़ी चला रहे हैं।



## भारी हंगामे के बीच दो प्रस्ताव पास, विपक्ष ने बताया असंवैधानिक

# एमसीडी : सदन में हंगामा, विपक्षी पार्षदों ने महापौर की टेबल पर चढ़ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) मुख्यालय में सोमवार को सदन का विशेष सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया। इस सत्र के दौरान महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने भारी हंगामे के बीच ही दोनों प्रस्ताव पारित कर दिए। वहीं, विपक्ष ने इस प्रक्रिया को असंवैधानिक करार दिया है। बता दें कि स्थायी समिति की शक्तियों को सदन में निहित करने के मुद्दों पर चर्चा करने और दिल्ली के 9 बाजारों में दुकानों को 'डी-सील' करने से संबंधित प्रस्ताव पर सत्र में चर्चा होनी थी।

गौरतलब है कि करीब ढाई बजे के जैसे ही महापौर डॉ शैली ओबरॉय सत्र की कार्यवाही शुरू करने के लिए सभागार में पहुंची तभी विपक्ष दलों के पार्षदों ने 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'संविधान की हत्या बंद करो' जैसे नारे लगाने शुरू कर दिये। इस दौरान विपक्षी दल के पार्षद महापौर आसन तक पहुंच गए और हाथ में नारे लिखीं तख्तियों के साथ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कागज भी फाड़कर उछाले गए। इसके बाद करीब सवा तीन बजे महापौर के सदन में प्रवेश के लिए महापौर आसन के दोनों तरफ सुरक्षा की चैन बनाई गई ताकि विपक्षी दल के पार्षद आसन तक नहीं पहुंच सके। जैसे ही महापौर ने सदन में फिर प्रवेश किया तो धक्कामुक्की शुरू हो गई और आसन के सामने से ही विपक्षी दलों के पार्षद आसन पर चढ़ गए और जय श्री राम के नारे के साथ 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'संविधान की हत्या बंद करो' जैसी नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बाद हालातों को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया।




### निगम के इतिहास में आज का दिन काला दिवस के तौर पर जाना जाएगा : मुकेश

निगम में नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के इतिहास में सोमवार को दिन काला दिवस के तौर पर जाना जाएगा। महापौर को सदन में कुर्सी पर बैठने से रोका गया। निगम सचिव को बंधक बनाकर भाजपा के पार्षद बाहर बैठ गए। मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपा तानाशाही रवैया अपना रही है। वह नहीं चाहते कि दिल्ली में कोई भी विकास के कार्य हों। अगर किसी भी प्रस्ताव को लेकर दिक्कत है तो वह सदन में विरोध कर सकते थे। लेकिन सदन को गुंडागर्दी करके नहीं चलने देना, सरासर संविधान की हत्या करना है। मुकेश गोयल ने कहा कि दुकानों की डी-सीलिंग के प्रस्ताव को पास करने के लिए सदन बुलाया गया था। इसके अलावा निगम में अभी तक स्थायी समिति का गठन नहीं हुआ है, जिसकी वजह से सारे काम ठप पड़े हुए हैं। उन सभी कार्यों को करने के लिए सदन के विशेष सत्र में प्रस्ताव पास करना था, ताकि दिल्ली के अंदर सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो। लेकिन भाजपा के पार्षदों ने सदन को हंगामा कर-कर के मजाक बना कर रख दिया।

### सचिव कार्यालय के सामने भाजपा पार्षदों का प्रदर्शन

दो बार हुए हंगामे के बाद भाजपा पार्षदों ने निगम सचिव कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा पार्षदों डॉ. अमित नागपाल, संदीप कपूर आदि ने नारे लगाते हुए कहा कि केजरीवाल शर्म करो, संविधान की हत्या मत करो, एमसीडी एक्ट की हत्या मत करो।

### स्थायी समिति की शक्तियां नहीं ले सकता है सदन

निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि स्थायी समिति की शक्तियां सदन को सौंपना अमान्य और असंवैधानिक होगा। उन्होंने कहा कि सदन स्थायी समिति की शक्तियां नहीं ले सकता क्योंकि दिल्ली नगर निगम (डीएमसी) अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। स्थायी समिति के पुनर्गठन में देरी से एमसीडी के वित्तीय मामले प्रभावित हुए हैं और कई प्रस्ताव लंबित हैं। नियमों के मुताबिक, पांच करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रस्ताव बिना समिति की मंजूरी के पास नहीं हो सकते।

### महापौर ने निगम अधिनियम 1957 के साथ खिलवाड़ करने की : सचदेवा

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह चौंकाने वाली बात है कि आम आदमी पार्टी ने निरंकुश तरीके से सोमवार एमसीडी की स्थायी समिति की शक्तियों को एमसीडी के सदन में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव लाकर दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की, जिससे हमारे भाजपा पार्षदों को कड़ा विरोध दर्ज कराना पड़ा। निगम में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह के नेतृत्व में हमारे पार्षदों ने मुखर विरोध दर्ज कराया और महापौर को असंवैधानिक एजेंडे को पेश करने नहीं दिया और अंततः महापौर को बिना किसी कार्यवाही के सदन को स्थगित करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### एक साल में आप स्थायी समिति का गठन तक नहीं कर सकी: कांग्रेस

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली नगर निगम में सत्तारूढ़ आप पार्टी पर आरोप लगाए है कि एक साल बीत जाने के बाद भी स्थायी समिति का गठन करने की नियत ही दिखाई नहीं दे रही। जबकि महापौर अपनी शक्तियों का प्रयोग करके केवल 20-25 दिनों में स्थायी समिति का गठन कर सकता है। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से निगम प्रभारी जितेंद्र कोचर ने कहा कि दिल्ली की जनता से चुनाव से पहले किए गए वायदों को पूरा करने में विफल आम आदमी पार्टी,निगम चलाने में भी पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि एक साल में स्थायी समिति का गठन करने में नाकाम सत्ताधारी दल को स्थायी समिति के सभी अधिकार सदन को देने चाहिए। क्योंकि महापौर की रजामंदी से निगम आयुक्त द्वारा निगम का बजट पेश करने की अलोकतांत्रिक अनियमितता आम आदमी पार्टी पहले ही कर चुकी है।

## मंदिरों में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के लिए करें श्रमदान : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दिल्ली भाजपा नेताओं ने सोमवार को दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया। दिल्ली भाजपा के प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने झंडेवालान देवी मंदिर में एवं अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रीत विहार स्थित दुर्गा मंदिर में स्वच्छता श्रमदान किया और साथ ही मंदिर में मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर दिल्लीवासियों के लिए मंगल की कामना की। नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ महरौली स्थित योगमाया मंदिर में स्वच्छता श्रमदान किया। सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने गुफा वाला मंदिर, शालीमार बाग में और सांसद रमेश बिधूड़ी ने प्राचीन शिव मंदिर तुगलकाबाद में स्वच्छता श्रमदान किया। बैजयंत जय पांडा ने दिल्लीवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि 14 जनवरी से 22 जनवरी तक अपने निकट के मंदिरों में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के लिए श्रमदान करें और 22 जनवरी को अपने घरों में 'श्री राम ज्योति' प्रज्वलित कर प्रभु श्री राम की आराधना में संलग्न हों। वहीं, वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पीएम मोदी ने दो दिन पहले देश के सभी धर्म स्थलों पर सफाई अभियान चलाने का आह्वान किया जिसके बाद दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ सफाई अभियान में लगे हुए हैं।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 15 दिनांक 11.01.24 धारा 346 IPC थाना कलानौर रोहतक ।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - संजू
पिता/पति का नाम - पत्नी विनोद
पत्ता- गांव निंगाना जिला - रोहतक
उम्र- 25 वर्ष
कद- 5 फुट 4 इंच
हुलिया- रंग- सांवला, लम्बुतरा चेहरा, मजबूत शरीर, लम्बी नाक, काले बाल, काली आँखे ।
पहनावा - सूट सलवार पहने हुए है रंग का पता नहीं है।


दिनांक 11.01.2024 को संजू पत्नी विनोद निवासी गांव निंगाना जिला रोहतक हरियाणा थाना कलानौर, जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक - 70829-99126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता कलानौर रोहतक- 9416035093

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 26 दिनांक 11.01.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम - सन्दीप कुमार
पिता/पति का नाम - पुत्र शशीभूषण
पता- सैनिक कालोनी रोहतक जिला रोहतक।
उम्र- 40 वर्ष
कद- 5 फुट 8 ईंच
हुलिया- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, फुर्तीला शरीर, काले बाल, काली आँखे, मुछ रखे हुए है
पहनावा - नीली गुलाबी मैरुम रंग की गोल गले की बनियान, भूरे सफेद पीले रंग की जैकेट, ग्रे रंग की पेन्ट व पैरो मे काले रंग के जूते पहने हुए।

दिनांक 11.01.2024 सन्दीप कुमार पुत्र शशीभूषण निवासी सैनिक कालोनी जिला रोहतक थाना शहर जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक - 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9466516387

पीआरडीएच-1084/11/2062/2024/24192/88/7 दि. 15.01.24


## घायल व्यक्ति को भर्ती करने से इनकार करने पर दो डॉक्टर बर्खास्त, दो सस्पेंड

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कर इलाज करने से इनकार करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ सीएम अरविंद केजरीवाल ने सख्त रुख अपनाते हुए जीटीबी अस्पताल के एक डॉक्टर और एलएनजेपी अस्पताल के एक डॉक्टर को बर्खास्त करने और दोनों अस्पतालों के एक-एक डॉक्टर को सस्पेंड करने के स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसकी फाइल एलजी के पास भेज दी है। सीएम अरविंद केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली सरकार अपने नागरिकों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कटिबद्ध है। इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा इस कार्रवाई की सिफारिश गत जनवरी को प्रकाश में आए उस घटनाक्रम के परिप्रेक्ष्य में की गई है, जिसमें पुलिस की चलती वैन से एक व्यक्ति कूद गया था। पुलिस उक्त व्यक्ति को एक मामले में हिरासत में लेकर जा रही थी। चलती पुलिस वैन में कूदने से उस व्यक्ति को गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गई। जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ने उसे जीटीबी के लिए रेफर कर दिया। जब पुलिस उसे जीटीबी अस्पताल लेकर आई तो उस समय ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसे भर्ती करने से इनकार कर दिया। जीटीबी अस्पताल द्वारा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को भर्ती करने से इंकार करने के उपरांत पुलिस घायल को लेकर एलएनजेपी अस्पताल पहुंची, लेकिन यहां पर भी उस दौरान ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने घायल को भर्ती कर इलाज करने से इनकार कर दिया। समय पर उचित इलाज नहीं मिलने के कारण गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मौत हो गई।

## संगम विहार: फोन पर बहन की शिकायत सुनकर युवक ने जीजा को पिटा, मौत

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में 39 वर्षीय युवक को उसके साले ने अपने दोस्तों की मदद से पहले घर से घसीटकर बाहर निकाला और फिर उसकी क्रूरता पूर्वक पिटाई कर दी जिसके कारण बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी और कहा कि आरोपी की बहन ने पति से विवाद के बाद फोन करके अपने भाई से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि घटना 29 दिसंबर की है जिसमें राकेश घायल हो गया था।

पुलिस ने कहा कि राकेश की सोमवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रसारित किया गया है। वीडियो में कुछ लोग राकेश को उसके घर से बाहर घसीटते, उसे लात और पत्थर से मारते नजर आ रहे हैं। लेकिन बाद में आरोपी घायल राकेश को सड़क पर पड़ा छोड़कर मौके से भाग गए। पुलिस ने कहा कि 29 दिसंबर को राकेश की अपनी पत्नी से बहस हो गई थी जिसके बाद उसने अपने भाई को फोन किया और उसे इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बाद में उसका भाई अपने दोस्तों के साथ दिल्ली पहुंचा और राकेश की बेरहमी से पिटाई कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि राकेश के भाई मुकेश ने इस बारे में 31 दिसंबर को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कहा कि शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 452 (अनाधिकार प्रवेश), 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना) आदि धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### गैस सिलेंडर लेकर जा रहा ट्रक पलटा

**नई दिल्ली।** घरेलू रसोई गैस सिलेंडर लेकर जा रहा एक ट्रक सोमवार को यहां पश्चिम विहार पूर्व मेट्रो स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हमें जानकारी मिली कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर ले जा रहा एक ट्रक पश्चिम विहार पूर्व मेट्रो स्टेशन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जल्द ही एक टीम को मौके पर भेजा गया और किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए यातायात को वहां से दूसरी ओर मोड़ दिया गया। अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि कुछ अन्य वाहनों को बचाने के दौरान ट्रक चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया। दुर्घटना के बाद यातायात की स्थिति के बारे में जानकारी देने के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया। पुलिस ने कहा कि पश्चिम विहार मेट्रो स्टेशन के नीचे एक ट्रक के पलट जाने के कारण रोहतक रोड पर पीरागढ़ी से पंजाबी बाग की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ है। कृपया इस हिस्से पर जाने से बचें। बाद में पुलिस ने बताया कि वाहन को मौके से हटा दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 'डंकी रूट' से लोगों को यूरोप भेजने के नौ आरोपी गिरफ्तार : दिल्ली पुलिस

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दावा किया कि अवैध दस्तावेजों के आधार पर लोगों को यूरोपीय देशों में भेजने के आरोप में चार बांग्लादेशी नागरिकों समेत नौ लोगों की गिरफ्तारी के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया गया है।

एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी काम के फर्जी परमिट हासिल करके कुख्यात 'डंकी रूट' का इस्तेमाल कर रहे थे और प्रत्येक यात्री से 15 लाख रुपये तक वसूल रहे थे। 'डंकी रूट' एक अवैध आप्रवासन तकनीक है जिसका उपयोग देशों में अनधिकृत प्रवेश के लिए किया जाता है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अचिन गर्ग के अनुसार, गिरोह का पर्दाफाश होने की शुरुआत चार जनवरी को बांग्लादेशी नागरिकों मोहम्मद अनवर काजी (22) और मोहम्मद खलीलुर रहमान (22) की गिरफ्तारी के साथ शुरू हुई। गर्ग ने कहा कि काजी और रहमान की गिरफ्तारी के बाद अली अकबर, मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद मुदस्सिर खान, बरेंद्र आर्य, धीरज बिश्नोई, गौरव गुलाटी और मोहम्मद यूनुस को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि अली अकबर और यूनुस खान भी बांग्लादेशी नागरिक हैं और वे दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे थे।

## आज धरना स्थल औचंदी बॉर्डर पर होगी महापंचायत

# किसानों ने खेतों में खुदाई का किया विरोध, पुलिस ने हिरासत में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



दिल्ली देहात के बवाना विधानसभा के औचंदी बॉर्डर पर एचटी लाइन के विरुद्ध उचित मुआवजे की मांग को लेकर करीब ढाई माह से धरने पर बैठे प्रभावित किसानों के खेतों में सोमवार की सुबह जब खेत में खुदाई का कार्य शुरू किया गया तो किसानों ने इसका विरोध किया। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। किसान नेता सतेंद्र लोहचब ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि किसानों के साथ पुलिस बल ने धक्का-मुक्की भी की है। जबरन बसों में किसानों को यहां से ले गए हैं। इसे देखते हुए मंगलवार को धरना स्थल औचंदी बॉर्डर पर किसान महापंचायत आयोजित करने की बात कही है। जबकि इस मामले में पुलिस अधिकारी का कहना है कि सरकारी काम में कोई बाधा न हो और यहां कोई माहौल खराब न हो इसको देखते हुए कुछ किसानों को हिरासत में लिया गया है। किसान नेता सतेंद्र ने बताया कि सोमवार की सुबह बिना पूर्व सूचना पुलिस बल के साथ प्राइवेट बिजली कंपनी के अधिकारी खुदाई के लिए यहां पहुंचे थे जिसके बाद किसानों ने विरोध किया। इस घटना के बाद आसपास के कई गांवों से भी किसान अपनी गिरफ्तारी देने भी यहां पहुंचे। किसानों ने बताया कि मार्केट रेट तय किए बिना यहां बिजली टावर लगाने का विरोध किया जा रहा है। वर्तमान में खुदाई के लिए टेलीग्राफ एक्ट संसद से निरस्त और निष्क्रिय है। जिसको किसान नए प्रस्तावित टेलीकम्युनिकेशन एक्ट 2023 के तहत न्यायिक जनसुनवाई चाहते है।


### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.स. | निविदा स. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82241496 | आई ड्रॉप सोडियम हयालूरोनेट 0.1% w/v 10 मिलीलीटर की बोतल | 11282 no's | 09.02.2024 |

**निविदा शर्ते** : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस स. 82241496 171/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात जिसकी **उम्र** 22/25 वर्ष, **कदः** 5'6", **रंगः** सांवला, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** पतला कमजोर, **पहचानः** बाएं हाथ पर एक 'बिच्छू' का टैटू है, जिसने काले रंग का टी-शर्ट जिसमें लाल व सफेद रंग की धारी, स्लेटी रंग का इनर लोअर और नंगे पैर है। जो कि ट्रेन कोच पूजा एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 5/6, सिग्नल एस-25 के पास, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में पड़ा मिला। जिसके मृत शरीर को 72 घण्टे के लिए सब्जी मण्डी के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। इस संदर्भ में **DD No.9A दिनांक: 09.01.2024 u/s 174 Cr.P.C.** थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थानाः पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन. नं. 011-23961522
मो.: 8750871302

दि.पु./580/रेलवे/2024

### हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(वेबसाइट : www.hssc.gov.in)

**ग्रुप-डी के पदों हेतु 21 और 22 अक्तूबर, 2023 को आयोजित परीक्षा कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी)-2023, हरियाणा के परिणाम की घोषणा के सम्बन्ध में उम्मीदवारों को सूचना**

यह सभी सम्बन्धित उम्मीदवारों की जानकारी के लिये हैं जो 21 और 22 अक्तूबर, 2023 को आयोजित ग्रुप-डी की परीक्षा में उपस्थित हुए थे, कि कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी)-2023, हरियाणा का परिणाम उम्मीदवारों की लॉगइन पर अपलोड किया जा चुका है। स्कोर कार्ड में दर्शाये गये सामाजिक आर्थिक मानदंड अंक आंशिक रूप से इंगित किये गये हैं किन्तु ये अभी, जोकि सीडब्ल्यूपी सं. 25781/2023 शीर्षक वरूण भारद्वाज बनाम हरियाणा सरकार तथा अन्य और अन्य सभी सम्बन्धित मामलों के अंतिम परिणाम के अधीन होंगे, तक निरस्त रहेंगे।

उम्मीदवारों को एचएसएससी की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक https://cnr.nic.in/NTAResult/HSSCGroupD/Login?apprefno=101552311 पर अपना पंजीकरण नम्बर और जन्मतिथि का उपयोग करते हुये अपने सीईटी स्कोर कार्ड चैक करने / डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

1. **उम्मीदवार अपना परिणाम / स्कोर कार्ड डाउनलोड करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।**

**महत्वपूर्ण निदेश** :–

1. यह स्कोर कार्ड परिणाम की घोषणा से 3 वर्षों की अवधि हेतु अथवा एक उम्मीदवार की हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सम्बन्धित नियुक्ति अधिकारी द्वारा की गई नियुक्ति हेतु अनुशंसा जो भी पहले हो, वैध है।
2. यह स्कोर कार्ड इलैक्ट्रोनिकली तैयार किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
3. उम्मीदवार की विशेष श्रेणी, उप श्रेणी समेत उसके ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र/परिवार पहचान पत्र के अनुसार इंगित किये गये हैं। यदि उसमें कोई परिवर्तन आवश्यक है तो उम्मीदवार आयोग अर्थात एचएसएससी द्वारा निर्धारित समय के अंदर एचएसएससी, आयोग से अर्थात आयोग की कार्यालयीन वेबसाइट पर इस सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना द्वारा सम्पर्क करे।
4. ***सामाजिक-आर्थिक मानदंड के तहत अंक अंतरिम हैं और एचएसएससी द्वारा प्रमाणीकरण परिवर्तन के अधीन है। यदि भर्ती के किसी स्तर अथवा नियुक्ति के उपरांत पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा सामाजिक-आर्थिक मानदंड अंक प्राप्त करने के लिए किया गया दावा स्थापित करने योग्य नहीं है और /अथवा यह उम्मीदवार द्वारा उम्मीदवार द्वारा गलत और भ्रामक जानकारी अथवा गलत जानकारी दी गई है तो ऐसे उम्मीदवार के उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और ऐसे उम्मीदवार के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।**
5. उम्मीदवार की बायोमैट्रिक्स (ऊंगलियों की छाप और फोटोग्राफ) परीक्षा के समय लिए जाएंगे और इनका मिलान और सत्यापन उनकी वास्तविक ज्वाइनिंग से पहले उनके द्वारा दिए गए बायोमैट्रिक्स से किया जाएगा और यदि कोई कदाचार पाया जाता है तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उसके विरूद्ध आपराधिक कार्यवाही भी की जाएगी।
6. पात्र उम्मीदवारों के पात्रता मानदंड, स्व-घोषणा, विभिन्न समर्थित दस्तावेजों इत्यादि को निर्धारित नॉर्म्स के अनुरूप प्रमाणित किया जाएगा।
7. नियुक्ति हेतु शॉर्ट लिस्टिंग के उद्देश्य से विचार पात्रता रैंक में मैरिट लिस्ट, मेडिकल फिटनेस, उसके दावे के समर्थन में प्रस्तुत मूल दस्तावेजों के प्रमाणीकरण और एचएसएससी और नियुक्ति अधिकारी द्वारा निर्धारित ऐसे किसी अन्य मानदंड को पूर्ण करने के अधीन होगी।
8. उम्मीदवार, यदि किसी स्तर पर गलत जानकारी जमा करवाने अथवा स्कोर कार्ड के साथ छेड़-छाड़ किये हुये पाया जाता है, अनुचित कार्य करने के रूप में माना जाएगा और उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी तथा आगे, जो भी कानूनी कार्यवाही उचित मानी जाएगी, अमल में लाई जाएगी।
9. प्राप्त किए गए रॉ मार्क्स नॉर्मलाइज मार्क्स में अंतरित कर गये हैं, नॉर्मलाइज मार्क्स करने की विस्तृत प्रक्रिया हेतु कृपया वेबसाइट www.hssc.gov.in देखें।
10. सीईटी 2023 में महज उपस्थित होने और स्कोर कार्ड की प्रोसैसिंग से उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता और यह सीईटी स्कोर की अवधि के दौरान समय-समय पर जारी सूचनाओं / निर्देशों / विज्ञापनों द्वारा परिचालित होगा। उम्मीदवार कार्यालयीन वेबसाइट www.hssc.gov.in को नियमित रूप से देखें क्योंकि किसी को भी व्यक्तिगत रूप से सूचना नहीं दी जाएगी।
11. यह सीईटी स्कोर हरियाणा सरकार की अधिसूचना सं. 42/119/2019/5जीएस-1 दिनांक 05.05.2022 और समय-समय पर संशोधित अनुसार के तहत जारी की गई है। उम्मीदवार उपरोक्त अधिसूचना के नियम एवं शर्तों द्वारा बाधित है।

*** टिप्पणी : 1. सामाजिक-आर्थिक मानदंड अंक माननीय उच्च न्यायालय के सीडब्ल्यूपी सं. 25781 ऑफ 2023 आदेश दिनांक 16.11.2023 के अंतरिम आदेशों के तहत निरस्त किए गए हैं। सामाजिक-आर्थिक मानदंड में दिए गए अंक निरस्त रहेंगे और सीडब्ल्यूपी सं. 2587 ऑफ 2023 शीर्षक वरूण भारद्वाज बनाम हरियाणा सरकार तथा अन्य सम्बन्धित मामलों के अंतिम परिणाम तक इन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 12 जनवरी, 2024

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/605/2024/24189/88/7 दि. 15.01.24

**खबर संक्षेप**

## डीडीए ने दी सफाई, कहा झुग्गी-झोपड़ी को नहीं तोड़ा, भ्रम न फैलाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दिल्ली में जे जे क्लस्टर में की जा रही तोड़फोड़ पर लग रहे आरोपों का खंडन किया है। डीडीए ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) द्वितीय अधिनियम 2011 की वैधता को तीन वर्ष की अवधि के लिए 31 दिसंबर 2026 तक बढ़ा दिया है। ऐसे में डीडीए किसी भी स्लम यानी झुग्गी झोपड़ी में तोड़फोड़ नहीं कर रहा। दिल्ली में जेजे क्लस्टर सहित कुछ अनधिकृत विकास को दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षित रखा जा रहा है। डीडीए ने केजरीवाल सरकार के मंत्रियों आतिशी मार्लेना, सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय पर कहा कि यह सामने आया है कि इनके बयान केवल असत्य, आधारहीन और शरारतपूर्ण हैं बल्कि लोगों को गुमराह करने के आशय से अभिप्रेरित भी हैं। डीडीए ने बताया कि लोक कल्याण मार्ग पर तीन जेजे कलस्टरों के लिए तत्काल सर्वेक्षण प्रक्रिया दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा वर्ष 2011 में शुरू की गई थी।

## कड़ाके की ठंड जारी, तापमान 3.3 डिग्री दर्ज

**नई दिल्ली।** लगातार कड़ाके की सर्दी दिल्ली वालों के लिए आफत बनी हुई है, दिन प्रतिदिन तापमान गिरता जा रहा है। सोमवार की सुबह इस सीजन की सबसे ठंडी सुबह के रूप में दर्ज हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे लुढ़कते हुए अब तक के सबसे न्यूनतम स्तर पर 3.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि अधिकतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम का सामान्य स्तर है। लोधी रोड़ में न्यूनतम तापमान सबसे कम 3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### सीएम ने एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड कैंप का किया निरीक्षण

# देशभक्ति व भारत के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को मजबूत करने में एनसीसी की अहम भूमिकाः केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली



हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) अपने आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' के साथ देशभक्ति और भारत के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को मजबूत करने के लिहाज से भी अहम है जिनका उल्लेख हमारे संविधान में किया गया है। यह बातें सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली छावनी में चल रहे एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर के निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं को अनुशासन, साहस की भावना और राष्ट्र की सेवा के गुणों को अपनाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करता है।

केजरीवाल ने कहा कि हमारा देश अपनी सांस्कृतिक विविधता, भिन्न-भिन्न भाषाओं और धर्मों के साथ विविधता में एकता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। एनसीसी 'एकता और अनुशासन' के अपने आदर्श वाक्य के साथ संविधान में निहित देशभक्ति और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को मजबूत करने में सहायक रहा है। यहां वार्षिक एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर को 'मिनी इंडिया' के रूप में वर्णित किया गया है क्योंकि इसमें शामिल कैडेट का चयन देश के सभी हिस्सों से किया गया है। केजरीवाल ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि एनसीसी अपने प्रशिक्षण दर्शन और शिक्षण विधि की मदद से युवाओं को ऊर्जावान बनाने और उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने में समर्थ होगा जो राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देंगे। दिल्ली कैंट में डीजी एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड कैंप के निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय कैडेट कोर महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को देखा। मुख्यमंत्री को गेट नंबर-1 से एनसीसी कैंप एरिया तक पायलट किया गया और डीजी एनसीसी अगवानी की गई। सबसे पहले सीएम अरविंद केजरीवाल को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने एनसीसी बैंड का आनंद लिया और फ्लैग एरिया का दौरा किए। इस कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत की प्रस्तुति के बाद राष्ट्रगान के साथ हुआ। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कैडेट्स के साथ बातचीत भी की। इस दौरान सीएम केजरीवाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया और कैडेट्स के साथ ग्रुप फोटो हुआ।

### कैंप के लिए चुने गए कैडेट्स को दी बधाई

सीएम ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि मैं इस कैंप के लिए चुने गए सभी कैडेट्स को बधाई देता हूं। मुझे पता है कि आप सभी ने यहां तक आने के लिए बहुत सी कठिनाइयों का सामना किया है। सभी कैडेट्स एक मुश्किल चयन प्रक्रिया को पास करके यहां तक पहुंचे हैं। मुझे यकीन है कि आप सभी देश और एनसीसी को गौरवान्वित करेंगे। मैं आप सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

### एनसीसी कैडेट्स ने समाज में फैला रहे है जागरूकता

सीएम ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स ने नशा मुक्ति, पृथ्वी बचाओ, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ, पर्यावरण बचाओ और दहेज उत्पीड़न समेत कई विषयों पर समाज में जागरूकता फैलाने में अहम योगदान दिया है। ऐसा कोई सामाजिक कार्य या जागरूकता अभियान नहीं है, जिसमें एनसीसी ने अपनी मिसाल नहीं छोड़ी है। सीएम ने एनसीसी कैडेट्स और उनके प्रशिक्षकों को समाज के प्रति निस्वार्थ सेवा के लिए बधाई दी और कहा कि इसी उत्साह के साथ आप देशवासियों के लिए एक रोल मॉडल बनेंगे और राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि मुझे यह जानकर काफी खुशी हुई कि एनसीसी अब देश के तटीय क्षेत्रों, सीमा क्षेत्रों और वामपंथी क्षेत्रों में अपनी पहुंच को मजबूती से बढ़ाने की कोशिश कर रही है, ताकि इन दूरस्थ इलाकों में रह रहे युवाओं को भी प्रोत्साहित किया जा सके। मुझे यकीन है कि एनसीसी शिक्षा और ड्रिल के साथ इन युवाओं में ऊर्जा भरने का काम करेगी और इन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने वाले देश के श्रेष्ठ नागरिक बनाने में सफल होगी।

## गणतंत्र दिवस परेडः दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ी की ज्यादातर सदस्य पूर्वोत्तर राज्यों से

एजेंसी ⏭नई दिल्ली



आगामी गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली पुलिस की ओर से मार्च करने वाली महिला टुकड़ी (ऑल वूमन मार्चिंग कंटिन्जेंट) की अधिकांश सदस्य नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम जैसे पूर्वोत्तर राज्यों से हैं। इस टुकड़ी का नेतृत्व कर रहीं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की अधिकारी श्वेता के. सुगाथन ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस टुकड़ी में शामिल पुलिसकर्मियों में से कई ने वर्ष 2023 की परेड में भी हिस्सा लिया था। सुगाथन ने कहा कि मौजूदा टुकड़ी की सदस्य कांस्टेबल और हेडकांस्टेबल रैंक की हैं। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के इतिहास में यह पहली बार है कि मार्च करने वाली टुकड़ी में केवल महिला पुलिसकर्मी शामिल होंगी और इस बार इस टुकड़ी में शामिल 80 फीसदी प्रतिभागी मूल रूप से पूर्वोत्तर राज्यों की निवासी हैं। इस टुकड़ी में शामिल महिला पुलिसकर्मी नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और असम से हैं। महिला पाइप बैंड, जिसमें 135 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल हैं, का नेतृत्व भी एक महिला कांस्टेबल रुयांगनुओ केन्से द्वारा किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुगाथन ने कहा कि हमारी टीम में ज्यादातर महिलाएं पूर्वोत्तर राज्यों से हैं। हमारे पास मूल रूप से मिजोरम, नगालैंड, मेघालय, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और असम निवासी कांस्टेबल हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पिछले साल भी दिल्ली पुलिस की एक टुकड़ी का नेतृत्व किया था, लेकिन यह पुरुषकर्मियों की टुकड़ी थी। इस साल यह अलग है क्योंकि यह पूरी तरह से महिला टीम है। वे सभी बहुत उत्साहित हैं। सुगाथन ने कहा कि तैयारियां जोरों पर हैं और इस टुकड़ी को गणतंत्र दिवस पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की उम्मीद है। पुलिस बल के अनुसार, दिल्ली पुलिस की अपने और उस क्षेत्र के लोगों के बीच 'अंतर को पाटने' के लिए आठ पूर्वोत्तर राज्यों से लोगों को भर्ती करने की नीति है। गणतंत्र दिवस समारोह में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है, ऐसे में दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ी की तैयारियां जोरों पर हैं। सशस्त्र बलों और अन्य लोगों के साथ यह टुकड़ी 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर मार्च करेगी।

### मणिपुर निवासी कांस्टेबल रुचिका परेड में शामिल होने को लेकर उत्साहित

मणिपुर निवासी कांस्टेबल रुचिका कहती हैं कि वह मूल रूप से मणिपुर के इंफाल की निवासी हैं और दिल्ली पुलिस के पाइप बैंड की सदस्य हैं। रुचिका कहती हैं कि परेड में शामिल होने को लेकर वह बहुत उत्साहित हैं। कांस्टेबल सपना ने कहा कि यह उनके लिए एक 'ऐतिहासिक क्षण' साबित होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि परेड में भाग लेना 'जीवन में एक बार मिलने वाले अवसर' जैसा है। उन्होंने कहा कि हमें इस दल का हिस्सा बनकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर मार्च करना हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। रक्षा मंत्रालय ने पिछले साल गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने वाले सभी बलों, राज्य सरकारों और विभागों से कहा था कि वे अपनी टुकड़ी, बैंड और झांकियों में महिला प्रतिभागियों को भी शामिल करें। दिल्ली पुलिस के खाते में अब तक के सभी गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने की उपलब्धि शामिल है। दिल्ली पुलिस की टुकड़ी को अब तक 15 बार मार्च करने वाली सर्वश्रेष्ठ टुकड़ी घोषित किया गया है। इससे पहले इसे वर्ष 2021 में सर्वश्रेष्ठ टुकड़ी घोषित किया गया था।दिल्ली पुलिस का आदर्श वाक्य 'शांति, सेवा और न्याय' है।

# दिल्ली में सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम आयोजित करेगी आप

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) नेता सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी मंगलवार को दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगले सप्ताह से हर मंगलवार को शहर के सभी विधानसभा क्षेत्रों और नगर निगम वार्ड सहित 2,600 स्थानों पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ किए जाएंगे।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि इसके लिए आम आदमी पार्टी के भीतर एक संगठन बनाया गया है। सुंदरकांड महाकाव्य रामचरितमानस का एक अध्याय है, जो भगवान हनुमान को समर्पित है। आप ने यह घोषणा 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले की है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज मंगलवार को अपनी पत्नी के साथ रोहिणी के मंदिर में भक्तजनों के साथ 3 बजे सुंदरकांड पाठ करेंगे। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखकर कर दी है। उन्होंने ने एक्स पर लिखा कि सबकी सुख शांति और तरक्की के लिए कल आम आदमी पार्टी दिल्ली में कई जगह सुंदरकांड का पाठ करवा रही है। मैं अपनी धर्मपत्नी के साथ 3 बजे रोहिणी के मंदिर में सभी




भक्तजनों के साथ सुंदरकांड पाठ करुंगा। आप सभी अपनी सुविधानुसार अपने घर के पास होने वाले पाठ में आमंत्रित हैं।

### 22 जनवरी को घोषित किया जाए सार्वजनिक अवकाश : बिधूड़ी

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सोमवार को दिल्ली सरकार से मांग की है कि सोमवार 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए और मंदिरों के पुजारियों को इमामों की तरह वेतन दिया जाए। वहीं उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा सुंदरकांड पाठ कराने की घोषणा पर कहा कि प्रायश्चित किए बिना आप नेताओं का सुंदरकांड पाठ सिर्फ एक पाखंड है। बिधूड़ी ने कहा कि सदियों के इंतजार के बाद 22 जनवारी के दिन अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों की जा रही रही है। पूरा राष्ट्र इस दिन को एक बड़े उत्सव के रूप में मनाने की तैयारी कर चुका है।

### दिल्ली खाटू धाम में जलेंगे एक लाख 8 हजार दीपक

श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राजधानी के दिल्ली खाटू धाम में एक लाख दीपक जलाए जाएगें। इस अवसर पर बागेश्वर धाम वाले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम दिल्ली धाम में 20 जनवरी को आयोजित होगा। इस बारे में खाटू श्याम दिल्ली धाम के अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी के बताया कि 20 जनवरी को बागेश्वर धाम से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मंदिर में 1 लाख 8 हजार दीपमाला को प्रज्वलित कर राम दीप उत्सव का उद्घाटन करेंगे।

### धूमधाम से मनाया गया उत्तरैणी/मकरैणी पर्व

नई दिल्ली। दिल्लीवासियों ने धूमधाम से मनाया उत्तरैणी/मकरैणी पर्व। दिल्ली सरकार ने उत्तराखंड और गढ़वाल के लोगों के लिए पटपड़गंज के मंडावली क्षेत्र में स्थित डीडीए पार्क में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली के संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने 13 जनवरी को दीप प्रज्वलित कर किया था। कार्यक्रम में गढ़ रत्न नरेंद्र सिंह नेगी ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने लोकगीतों से लोगों को खूब झूमाया। इसके अलावा बिशन हरियाला, उषा नेगी, अनिल बिष्ट, अनुराधा निराला और अंजली खरे सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति से लोगों का मनोरंजन किया।

### पूर्व मंत्री गौतम के खिलाफ क्या कार्रवाई की है : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि मंत्री सौरभ भारद्वाज आज भगवान राम की पूजा करने की बात कर रहे हैं, लेकिन क्या वह बता सकते हैं कि उनकी पार्टी ने अपने पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जिन्होंने बार-बार सनातन धर्म अनुयायियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। राजेन्द्र पाल गौतम हमारे सनातनी देवी-देवताओं और श्री रामचरितमानस जैसे पवित्र ग्रंथों की आलोचना करते हैं। दिल्ली के लोग सौरभ भारद्वाज से जानना चाहते हैं कि क्या विधायक राजेंद्र पाल गौतम और अमानतुल्ला खान भी आज मंगलवार अपने कार्यालयों में हनुमान चालीसा पाठ रखेंगे।

### मंत्री हुसैन ने अजमेर शरीफ दरगाह के लिए भेजी चादर

दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने सोमवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 812वें उर्स के मौके पर चादर पेश की जो ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाई जाएगी। मंत्री इमरान हुसैन ने एफ आई इस्माइली, दिल्ली राज्य उर्स कमेटी के अध्यक्ष के साथ साथ जेड यू सिद्दीकी (सेवानिवृत्त आईएएस), उर्स समिति के सदस्यों परवेज नूर, मो. इस्लामुद्दीन, मो. मुस्तफा, वकार खान भोपाली, डॉ. इशरत कफील, फहीमुद्दीन सैफी सहित वी के गुप्ता और फिरोज की उपस्थिति में पारंपरिक चादर पेश की।

## उपराज्यपाल ने दी औद्योगिक विकास के लिए रानी खेड़ा में 147 एकड़ जमीन अधिसूचित करने को मंजूरी

**एजेंसी. नई दिल्ली** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रानी खेड़ा इलाके में 147 एकड़ जमीन को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए अधिसूचित करने को अपनी मंजूरी दे दी है। राज निवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह भूमि वर्ष 2007 में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) से दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) को हस्तांतरित कर दी गई थी। डीएसआईआईडीसी की बहुस्तरीय विनिर्माण केंद्र (मल्टी-लेवल मैन्युफैक्चरिंग हब) विकसित करने की योजना थी, लेकिन 14 दिसंबर, 2017 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए रोक के कारण, यह परियोजना तब तक अटकी रही जब तक कि उच्चतम न्यायालय ने 31 जुलाई, 2023 को एनजीटी के आदेश को रद्द नहीं कर दिया। कानूनी बाधाएं दूर होने के बाद दिल्ली सरकार के उद्योग विभाग ने दिल्ली औद्योगिक विकास संचालन एवं रखरखाव (डीआईडीओएम)कानून-2010 की धारा दो की उपधारा (के) के प्रावधान के तहत डीएसआईआईडीसी द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकास के लिए रानी खेड़ा को अधिसूचित करने के लिए दिल्ली के 'मास्टरप्लान-2021' के संदर्भ में तीन जनवरी को सक्सेना से मंजूरी मांगी थी।

IRCTC इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707
LiFE Lifestyle for Environment

आईआरसीटीसी निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

1. खुली ई–निविदा सं. 2024/आईआरसीटीसी/ईपीआर कंप्लायंस के लिए समय–समय पर संशोधित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत आईआरसीटीसी की ओर से ईपीआर अनुपालन की पूर्ति के लिए सेवा प्रदाता/एजेंसियों को काम पर रखने के लिए निविदा। ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः 07.02.2024 को 15:00 बजे। ई–मेल ggmrailneer@irctc.com
2. डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कंपनी (डीएमसी) का इम्पैनलमेंट, ईओआई नं. 2023/आईआरसीटीसी/ सीओ/टूरिज्म/ओबीटी, अखिल भारत आधार पर आउटबांड टूर पैकेजों के अतिथियों को बैकइंड सेवाएं प्रदान करना। इम्पैनलमेंट की प्रक्रिया पूरे वर्ष खुली रहेगी और प्रत्येक वैकल्पिक माह पर जांच की जाएगी। ईओआई की पहली जांच की तिथि और समय 15.02.24 को 15:00 बजे होगा। ईओआई पूर्व बैठकें 23.01.24 और 30.01.24 को 15:00 बजे आयोजित की जाएंगी।
3. "कॉर्गो एजेंटों के इम्पैनलमेंट" के लिए ईओआई आईआरसीटीसी/सीओ/टीआरएसएम (सीएआरजी)/7/2023/टूरिज्म/सीओ दिनांक 15.01.2024, प्री–बिड मीटिंग: 30.01.2024 को 12.30 बजे। जमा करने की अंतिम तिथि: 15.02.2024 को 15:00 बजे, ई–मेल cargo@irctc.com
4. निविदा सं. जीईएम/2024/बी/4422635, आईआरसीटीसी के एनजीईटी सिस्टम के लिए आईसीटी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं हेल्प डेस्क सेवाओं की अधिप्राप्ति। प्री–बिड मीटिंग (वीसी): 23.01.2024 को 12:00 बजे। निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि: 05.02.2024 को 15:00 बजे।
5. निविदा सं. जीईएम/2023/बी/4377794, आईआरसीटीसी कस्टमर कॉन्टेक्ट सेंटर के लिए। जमा करने की अंतिम तिथि: 30.01.2024 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों के लिए क्र.सं. 1-5 के लिए www.irctc.com क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC और क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल देखें। दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता केवल क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर एवं क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल पर की जा सकती है।

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो उसे केवल क्र.सं. 1-5 के लिए आईआरसीटीसी वेबसाइट www.irctc.com पर, क्र.सं. 1-3 के लिए www.tenderwizard.com/IRCTC पर और क्र.सं. 4 और 5 के लिए जीईएम पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा।

ecatering.irctc.co.in
आईआरसीटीसी लि., एम–13, दूसरा तल, पुंज हाउस, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110 0 01

STARTUP HARYANA FIRST STEP OF SUCCESS
हरियाणा सरकार
hartron

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस, 2024
राज्य स्तरीय कार्यक्रम
मुख्य अतिथि
श्री बंडारू दत्तात्रेय
माननीय राज्यपाल, हरियाणा
16 जनवरी, 2024 | प्रातः 11:00 बजे से
हारट्रोन इनोवेशन एंड स्टार्टअप हब
प्लॉट नं.-1, उद्योग विहार, फेज़-1, गुरुग्राम

स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने हेतु की गयी पहल
- हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति चार मुख्य बिन्दुओं पर आधारित : आधारभूत संरचना में वृद्धि, वित्तीय सहायता, नियामक सहजता और उद्यमिता विकास।
- हरियाणा स्थित 6000+ स्टार्टअप को डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिनमें से 45% से अधिक महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स हैं।
- 14+ यूनिकॉर्न स्टार्टअप हरियाणा में स्थित हैं।
- छात्रों में उद्यमशीलता की भावना पैदा करने के लिए राज्य विश्वविद्यालयों में नए इन्क्यूबेशन केंद्र।

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा
तथा हारट्रोन

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## खबर संक्षेप

### जिले के स्कूलों में 20 जनवरी तक अवकाश

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा के



निर्देशानुसार जिला फरीदाबाद में भी पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों का 20 जनवरी तक अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि जिला में चौथी, पांचवीं व आगे की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की कक्षाएं लगातार लगेंगी। उन्होंने बताया कि स्कूलों का समय प्रातः 10 बजे से सायं चार बजे तक रहेगा।

### लायंस क्लब ने बुजुर्गों को खिलाया भोजन

**फरीदाबाद।** लायंस क्लब डैफोडिल डिस्ट्रिक्ट 321-ए1 के पदाधिकारियों ने गांव सीकरी स्थित



वृद्धाश्रम वृद्ध आवास में बुजुर्गों के साथ मंकर संक्रांति पर्व मनाया। डैफोडिल टीम के सदस्यों ने बुजुर्गों को दोपहर का भोजन, खीर प्रसाद, कचौरी, पकौड़े, पुरी, सब्जी अपने हाथों से परोसे। वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों को मुंगफली, गजक, रेवड़ी, बिस्किट तथा रश के पैकेट भी वितरित किया।

### संदीप पराशर मीडिया सलाहकार नियुक्त

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ ने संदीप पाराशर को राष्ट्रीय मीडिया एडवाइजर



नियुक्त किया है। पराशर ने महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं तेज प्रकाश भारद्वाज, द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज, ज्योतिश्री मठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज व चैयरमैन राजमाता राधा शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

### हीटर की आग में दम घुटने से युवक की मौत

**गुरुग्राम,** 15 जनवरी। भौंडसी थाना एरिया में सर्दी से निजात पाने के लिए ऑन किए हीटर से बेड में



आग लग गई। हादसे में दम घुटने से युवक मौत हो गई। युवक पर शराब का नशा इस कद्र हावी हो गया था कि वह दरवाजा ही नहीं खोल सका। उत्तराखंड के बागेश्वर का 36 वर्षीय नवीन कुमार यहां मारुति कुंज के निर्मल एंक्लेव में रहता था। वह पिछले चार-पांच साल से एक होटल में कुक का काम करता था।

### ट्रैफिक पुलिस ने 1737 वाहन के काटे चालान

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के आदेशानुसार व डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन



के दिशा-निर्देशानुसार ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऑपरेशन आक्रमण के अन्तर्गत 1737 वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान करीब 2750 वाहन चेक किए गए जिसमें 985 ई चालान तथा 752 पोस्ट चालान किए गए। सडक़ सुरक्षा के बारे में बताया।

### मॉल का लेंटर गिरा, एक की मौत, 7 घायल

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना इलाके के हिंडन एयरपोर्ट के पास निर्माणाधीन गौड़ एरो सिटी शॉपिंग



मॉल का लेंटर गिरने एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां टीला मोड़ थाना इलाके हिंडन एयरपोर्ट के पास एक शॉपिंग मॉल बन रहा है। रविवार की रात में एस्केप होल्डिंग हटाने का काम चल रहा था। तभी लेंटर भरभराकर गिर गया।

---

पीएम मोदी के आह्वान पर श्रीराम मंदिर में चला साफ-सफाई अभियान

# शहर के मंदिरों में सफाई करके पीएम की मुहिम को बढ़ाया आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने मंदिर में सफाई अभियान चलाया। सेक्टर-5 स्थित द्रोणाचार्य योग मंदिर ट्रस्ट की ओर से संचालित श्रीराम मंदिर में नवीन गोयल साथियों के साथ पहुंचे। मंदिर में सफाई करके उन्होंने पीएम की इस मुहिम को आगे बढ़ाया। मंदिर में स्वच्छता अभियान के दौरान शीतला मंडल उपाध्यक्ष राजेश दत्ता, गजेंद्र गुप्ता, सत्यदेव राघव, सुधीर भदौरिया, प्रशांत राघव, दीपक शर्मा, दयानंद आहुजा, प्रीतम वर्मा, गोरख दास, श्याम लाल, चुन्नीलाल, कश्मीरी लाल अरोड़ा समेत अनेक लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई।

**खास बातें**

- प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने सफाई में दिया योगदान
- 22 जनवरी को वहां पर घी के दीये जलाएं
- देश में भय, भ्रष्टाचार, गरीबी सब कुछ बदल रहा

### पीएम मोदी ने स्वच्छता के लिए देश को किया जागरुक



नवीन गोयल ने कहा कि स्वच्छता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को जागरुक किया। पीएम ने इस बार स्वच्छता के लिए मंदिरों को चुना। देशवासियों से आग्रह किया कि वे मंदिरों की सफाई करके वहां का माहौल बेहतरीन बनाएं। आने वाली 22 जनवरी को वहां पर घी के दीये जलाएं। मंदिर और घर इन दीयों से रोशन करें। उनके आह्वान पर ही देश पूरी तैयारी कर चुका है। आम तौर पर साल के अंत में मनाई जाने वाली दीवाली इस बार साल की शुरुआत में मनाई जा रही है। राम लला अपने घर में विराजमान हो रहे हैं। यह आयोजन सिर्फ सनातनियों के लिए नहीं, बल्कि हर सम्प्रदाय के लिए खास है। हर व्यक्ति इसमें अपने को शामिल करके भागयशाली समझ रहा है।

#### पूरा देश बदल रहा है

नवीन गोयल ने कहा कि देश में भय, भ्रष्टाचार, गरीबी सब कुछ बदल रहा है। यानी पूरा देश बदल रहा है। पीएम मोदी के करिश्माई नेतृत्व में ही यह सब हो पाया है। उन्होंने कहा कि पहले का भारत विदेशी इशारों पर संचालित होता था। आज के भारत से विदेशी सलाह मांगते हैं। पीएम मोदी ने जो देश की साख मजबूत की है, वह सदियों तक मजबूत रहेगी। पाकिस्तान जैसे देश अपने आप में सिमट कर रह गए हैं। उन्हें ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाता है। दुश्मन को घर में घुसकर मारा जा रहा है। यह सब पीएम मोदी के मजबूत ईरादों और निडरता से संभव हो पाया है।

# ब्लॉक डी टू सेक्टर 10 में चलेगा स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूरे ब्लॉक डी टू सेक्टर-10 में सफाई अभियान चलाया गया। पूरे ब्लॉक की सड़कों पर पानी छिड़ककर सफाई की गई। अभियान प्रधान जगजीत सिंह नैन के नेतृत्व में 15 से 21 जनवरी तक चलाया जाएगा। ब्लॉक के संरक्षक व पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला व किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि यह स्वछता अभियान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस मौके पर कारोबारी वीरेन्द्र शर्मा ने कहा कि निर्माण का सपना हर किसी ने देखा। इस मौके पर रश्मि महाजन, रमेश चांदना, सीमा वशिष्ठ, जिया, पूनम, राम कृपाल महेश आदि मौजूद थे।

---

भाजपा सरकार पर बोला हमला, भाजपा झूठी घोषणाएं करती

# हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस की बनना तय, जितेन्द्र भारद्वाज ने किया बड़ा दावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज ने कहा है कि हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस का बनना तय है। मौजूदा समय में लोग सरकार की मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं।

महंगाई और भ्रष्टाचार के चलते लोगों को दो जून की रोटी भी नसीब नहीं हो रही। श्री भारद्वाज कांग्रेसी नेता उमेश कौशिक के बल्लभगढ़ की शिव कालोनी स्थित निवास पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पंडित मणिराम कौशिक, देवकरण कौशिक, प्रोफेसर जे के सिंह, एम पी सिंह, सतीश शर्मा, सुनील शर्मा, राव देवेंद्र यादव, चौ. महावीर एडवोकेट, पवन पराशर, जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट सर्वेश कौशिक, एडवोकेट अमित शर्मा, एडवोकेट सोनू, अजय शर्मा, ज्ञान, राकेश कौशिक, नवीन शर्मा, मनीष, संजय शर्मा आदि मौजूद थे।

#### कांग्रेस शासनकाल में समुचित विकास हुआ

जितेंद्र भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में फरीदाबाद का समुचित विकास हुआ था और यह जिला विश्व के मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुआ था, लेकिन आज भाजपा सरकार में यह जिला स्मार्ट सिटी की जगह नरक सिटी बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तो यहां पर मेट्रो रेल, बदरपुर फ्लाईओवर, आईएमटी, मेडिकल कॉलेज, सिक्स लाईन हाईवे, गुडगांव तक सडक़ बनाई, वहीं सूरजकुंड सडक़ बनाई तथा सोहना से बल्लभगढ़ तक कनेक्टिविटी पर पूरा ध्यान दिया। भाजपा के लोग पिछले 9 साल से राज विकास का राग अलापते नजर आ रहे है, लेकिन युवाओं को रोजगार नहीं मिला। आज जो व्यक्ति सरकार के खिलाफ बोलता है। उसका मुंह ईडी या अन्य सरकारी एजेंसी के द्वारा बंद करवा दिया जाता है।

## व्यापारियों को वन टाइम सेटलमेंट स्कीम से बड़ी राहत

# 50 लाख तक के विवादित टैक्स का 30 प्रतिशत करना होगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार की तरफ से आबकारी एवं कराधान विभाग की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम शुरू की गई है जिसमें वैट से संबंधित सभी मामले निपटाए जाएंगे बिना किसी अर्थ दंड एवं ब्याज के इस स्कीम के शुरू होने से डिसप्यूटिड टैक्स में अगर 50 लाख रुपए का अमाउंट है तो उसका 30 परसेंट और अगर 50 लाख से अधिक है तो उसका 50 प्रतिशत भुगतान करने पर किसी भी प्रकार का ब्याज एवं दंड राशि शून्य हो जाएगी। फरीदाबाद के डिप्टी एक्साइज एंड टैक्सशन कमिश्नर ईस्ट कवल नैन ने बताया कि इस योजना के तहत ऑनलाइन पोर्टल पर 30 मार्च तक इस स्कीम का फायदा उठा सकते हैं। इन मामलों को निपटाने के लिए विभाग की तरफ से कुछ अधिकारियों को स्पेशल नियुक्त किया गया है। योजना के तहत सात तरह के कर अधिनियमों से संबंधित मामलों का निपटारण किया जाएगा।

### लंबे समय से व्यापारी कर रहे थे इस व्यवस्था की

एडवोकेट संदीप सेठी ने बताया कि व्यापारी इसकी लंबे समय से मांग कर रहे थे। इससे राजस्व में बढ़ोतरी होगी एवं व्यापारियों को लाभ भी मिलेगा। उद्योगपति अरुण बजाज ने बताया कि हरियाणा देश में कर संग्रहों के मामले में पहले 5 राज्यों में शामिल है। इस स्कीम के लागू होने से तमाम तरह के विवादों से छुटकारा मिलेगा। जिससे कराधान विभाग और व्यापारियों के बीच में अच्छा सामंजस भी बना रहेगा। फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान राजीव गौड के अनुसार जीएसटी से पहले सात कर अधिनियमों से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए ब्याज व आर्थिक दंड से जो छूट दी गई है। इस फैसले का हमारे संगठन स्वागत करता है। और कराधान विभाग के साथ मिलकर के ज्यादा से ज्यादा मामलों का निपटारण करवाने में सहयोग करेगा।




#### अलग-अलग स्लैब से व्यापारियों को मिलेगी राहत

टैक्स बार के महासचिव एडवोकेट राजेश गुप्ता के अनुसार योजना के तहत अलग-अलग स्लैब बनाए गए हैं। जिसमें व्यापारियों उद्योगपतियों को काफी राहत मिलेगी यही नहीं उद्योगपतियों को या उनके प्रतिनिधि को अब कराधान विभाग के चक्कर भी नहीं काटने होंगे ना ही टैक्स भरने में किसी तरह की कोई परेशानी आएगी।

---

स्वर्गीय श्रीमती सुनीता अरोड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं हंस वाहिनी के तत्वाधान स्वास्थ्य जांच शिविर

# बुजुर्गों की चिंता कौन करेगा, हम अपने कामों में व्यस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्वर्गीय श्रीमती सुनीता अरोड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं हंस वाहिनी के तत्वाधान में नंगला रोड़ भड़ाना चौक स्थित सैनी मंडी में स्वास्थ्य जांच शिविर व रक्तदान शिविर में 250 लोगों की जांच और 21 ने रक्तदान किया। वक्ताओं ने कहा कि हम अपने कामों में व्यस्त हैं, ऐसे में बुजुर्गों की चिंता कौन करेगा। इस पर ध्यान दें। डॉ. तरुण अरोड़ा, दीपांशी अरोड़ा, डा. मनसा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

# दुष्कर्म का आरोपी एएसपी मुकदमे के बाद भी नौकरी, उल्टे दे रहा धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग एटीएस के अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात राहुल श्रीवास्तव के खिलाफ करवाई की मांग को लेकर राष्ट्रवादी जनसत्तादल ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। श्रीवास्तव पर 21वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज है।

उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग एटीएस के अपर पुलिस अधीक्षक राहुल श्रीवास्तव व अन्य द्वारा लखनऊ में 21 वर्षीय युवती का बलात्कार करने के लिए भी पीड़ित युवती को करीब तीन महीने पुलिस विभाग के चक्कर लगाने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन अभी तक आरोपी अपर पुलिस अधीक्षक अपने पद पर बना हुआ है युवती समेत परिवार पर मामले को वापस लेने का दवाब बना रहा है। युवती को परिवार सहित जान से मारने की धमकी व झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी भी दे रहा है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ : निविदा सूचना संख्या 81/2023-2024 दिनांक 05.01.2024 क्र .सं. 05**
**निविदा संख्या 77235768 खुलने की तिथि 02.02.2024**

उपरोक्त संदर्भित निविदा के पात्रता मानदंड को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। दिनांक 15.01.2024

175/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष जैन, पुत्र गुलाब चन्द जैन,** निवासी मकान नं. 63, पॉकेट नं. 28, दूसरा तल, सेक्टर–24, रोहिणी, दिल्ली ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 822/2014, धारा 420/34 भा.द.सं.** के तहत थाना कोतवाली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष जैन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष जैन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 822/2014, धारा 420/34 भा.द.सं.** के तहत थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मनीष जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.03.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
मीना चौहान
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–08, (केन्द्रीय)
कमरा नं. 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/558/N/2024

**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक वार्ड नं. 14 में पैच वर्क और ड्रेनेज सिस्टम द्वारा गलियों/सड़कों का पुनर्निर्माण + 4 कार्य। | 13.01.2024 22.01.2024 | 67.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 12, एम.सी. रोहतक में दि लीटल श्री स्कूल, सेक्टर-3पी के सामने आरएमसी सड़क का निर्माण। | 13.01.2024 29.01.2024 | 34.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला, निकट हिसार बाईपास, रोहतक में हॉल का निर्माण + 7 कार्य। | 11.01.2024 24.01.2024 | 1.08 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक वार्ड नं. 1, नई अनुमोदित कॉलोनी सूर्य नगर एक्सटेंशन-04 में आईपीबी गली का निर्माण + 16 कार्य। | 12.01.2024 25.01.2024 | 1.77 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/80/24199/I/88/7 दि. 15.01.24

**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज नूह | गांव मलाब 25511 में सैनी शमशान घाट में चारदिवारी का निर्माण + 6 कार्य। | 12.01.2024 19.01.2024 | 39.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708036914 prexeeng.mwt@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | सिरसा जल सेवाएं डिवीजन, सिरसा में चौखटों और दरवाजों के शटरों को बदलना। | बंद होने की तिथि 17.01.2024 | 3.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में यमुनानगर खजूरी जटलाना रोड गुमथला राव तक सड़क का निर्माण, घोषणा कोड सं. 26425 दिनांक 15.05.2022, 1. यमुनानगर खजूरी जटलाना (आईडी सं. 511) कि.मी. 0.00 से 12.30, 2. जटलाना से गुमथला रोड (आईडी 532) किमी. 0.00 से 8.38, 3. गुमथला से गुमथला राव रोड (आईडी 531) कि.मी 0.00 से 1.62 तक | 12.01.2024 01.02.2024 | 216.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव जुआं-2 ब्लॉक सोनीपत वीएएनजीवाई में स्टेडियम (रूम, हॉल रूम और किचन) को पूरा करना। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 15.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बटाना जाफराबाद ब्लॉक सोनीपत में आईपीबी फ्लोरिंग का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 32.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार बालसमंद रोड (एमडीआर-107) आरडी 11000 से 26000 और 26.700 से 30.400 तक सड़क की विशेष मरम्मत, रोड आईडी 4873 + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.02.2024 | 1552.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | गांव पुरनपुरा राजकीय विद्यालय के निकट तालाब का जीर्णोद्धार। | 12.01.2024 18.01.2024 | 36.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रोहतक | गांव चिड़ी ब्लॉक लाखनमाजरा योजना राज्य वित्त-(पंचायत समिति) में पंजदी तालाब पर बरामदे का निर्माण, 2. गांव चिड़ी पंचायत समिति के तहत पार्क में सीटिंग बैंच और गजेबो का निर्माण, 3. गांव लाखनमाजरा पंचायत समिति के तहत बीडीपीओ कार्यालय भवन में रूम और शौचालय का पुनरोद्धार। | 10.01.2024 18.01.2024 | 11.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज बाढड़ा चरखी दादरी | गांव बौंद कलां वार्ड नं. 1 में बस क्यू शेल्टर (जिला परिषद) का निर्माण + 14 कार्य। | 10.01.2024 18.01.2024 | 58.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बरोदा मोड़ ब्लॉक मुंडलाना-2 में एचपीडब्ल्यू डब्ल्यूएमए के तहत अंसारवाला तालाब का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 53.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज सोनीपत | गांव धाना अलदादपुर (वीएजीवाई) में हनुमान अखाड़े में जिम की स्थापना। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 04.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज फतेहाबाद | दौलतपुर-गांव दौलतपुर ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद (जैडपी) के राजकीय उच्चतर विद्यालय में लोहे के शैड का निर्माण + 14 कार्य। | 11.01.2024 22.01.2024 | 123.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 13 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला करनाल लघु सचिवालय भवन में 1 अदद 8 पैसेंजर तथा 2 अदद 10 पैसेंजर की लिफ्टों को बदलना + 1 कार्य। | 10.01.2024 18.01.2024 | 66.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज भिवानी | गावं मिताथल, ब्लॉक व जिला भिवानी (महाबीर/पोलू पुत्र सज्जन से अनिल पुत्र हरज्ञान तक) साइड ड्रेन सहित आईपीबी गली की पेवमेंट, योजना-एफएफसी। | 11.01.2024 17.01.2024 | 3.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416087780 sdoprbhiwani@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज कथुरा, सोनीपत | गांव आहूलाना, ब्लॉक कथूरा में आर्य समाज सामुदायिक केन्द्र की चारदिवारी का निर्माण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 23.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में मारकंडा नदी क्रॉसिंग रोड के ऊपर से काला आम्ब सढ़ौरा बराडा शाहाबाद रोड से मौजूदा एच.आई. ब्रिज 3 स्पैन 45 एम प्रत्येक पर सुरक्षा कार्य का प्रावधान। | 10.01.2024 30.01.2024 | 192.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज मोरनी पंचकूला | गांव महमल जी.पी. कोटी में आर/वॉल का पीएस निर्माण, गांव शयोन जी.पी. कोठी में साइड रोड पर बावथी का निर्माण, गांव सरारी जी.पी. टिपरा में आर/वॉल का निर्माण, गांव रोड दकोदी जी.पी. टिपरा में आर/वॉल का निर्माण, गांव पपरोला जी.पी. कोठी ब्लॉक मोरनी पीएस सेक्टर में वाटर टंकी का निर्माण + 3 कार्य। | 12.01.2024 18.01.2024 | 14.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज पंचकूला | गांव हरिपुर ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में अम्बेडकर भवन का निर्माण, योजना वीएएनजीवाई + 2 कार्य। | 12.01.2024 18.01.2024 | 14.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 19 | वन विभाग हरियाणा पंचकूला | वन भवन के इंटीरियर और एक्सटीरियर की व्हाइट वॉशिंग और स्टेयर ग्रेनाइट को बदलना और रखरखाव। | 08.01.2024 23.01.2024 | ईएमडी 84000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1722573761 dfohqforest@gmail.com |
| 20 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | पीली मंदोरी डिस्टी. के आरडी 282500-एल, फतेहाबाद ब्रांच पर आरडी 0 से 31380 टेल ऑफटेकिंग तक का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 06.02.2024 | 189.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729357000 xennehrana@yahoo.com |
| 21 | पंचायती राज, रोहतक | गांव रूड़की, कृष्ण के मकान से दादा भीम के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण (8.5) + 3 कार्य। | 12.01.2024 18.01.2024 | 16.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812084342 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2024/420/24211/I/88/7 दि. 15.01.24

## खबर संक्षेप

### अंसारी ने गाया भजन हर कोई कर रहा तारीफ



**लखीमपुर खीरी।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर का उद्घाटन होना है। इसको लेकर रामभक्तों में उत्साह है। हर तरफ रामधुन गूंज रही है। खीरी की मुस्लिम छात्रा एमन अंसारी ने राम भजन गाकर लोगों का दिल जीत लिया है। एमन ने अपनी सुरीली आवाज में राम आएंगे भजन गाया है, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। आवाज में राम भजन सुनकर लोग तारीफ कर रहे हैं।

### चार लाख शिक्षकों की परीक्षा बीएसईबी लेगा



**पटना।** बिहार के चार लाख नियोजित शिक्षकों की समक्षमता परीक्षा को लेकर बड़ी खबर आई है। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति यानी बिहार बोर्ड की ओर से सक्षमता परीक्षा ली जाएगी। शिक्षा विभाग ने बीएसईबी को इसके लिए प्राधिकृत कर दिया है। विभाग की ओर से सोमवार को इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं।

### हत्या से तीन गुना ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में मौतें



**पटना।** बिहार में हत्या से ज्यादा लोगों की जानें सड़क हादसों में चली जाती हैं। बिहार में वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 8800 लोगों की असमय मौत हो गई, वहीं पटना में बीते वर्ष हुई अलग-अलग 375 सड़क दुर्घटनाओं में 220 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। 193 जख्मी हो गए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार कुल मौतों में सड़क दुर्घटना में मारे गए।

### यूपी के पूर्व मंत्री के मुंबई के फ्लेट में छापेमारी



**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को सपा की सरकार के दौरान खनन घोटाले में आरोपी रहे पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के मुंबई में बोरीवली और मलाड स्थित दो ठिकानों पर छापा मारा। छापे में पूर्व मंत्री के परिवारीजनों के नाम पर खरीदे गए छह फ्लैट की जानकारी मिली। जल्द ही ये फ्लैट जब्त किए जा सकते हैं। इनकी कीमत 15 करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है।

### रिटायर न्यायाधीश और महिला के घर चोरी

**पटना।** चोरों ने बुद्धा कॉलोनी और कदमकुआं इलाके के दो घरों को निशाना बनाया। चोरों ने रिटायर न्यायाधीश और एक महिला के घर को खंगाल डाला। पुलिस केस दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है। पटना हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति स्वर्गीय विजेंद्र नाथ की बुद्धा कॉलोनी थाना इलाके में रहते हैं।

धार्मिक स्थलों पर उत्सव की धूम, प्राण प्रतिष्ठा के दिन रहेगा 2 घंटे का अवकाश

# यूपी की चर्चा में मॉरीशस: यहां मंदिरों में शुरू रामायण के श्लोकों का जाप

एजेंसी ▶▶ पेटिट रैफ्रे

दुनियाभर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम देखने को मिल रही है। मॉरीशस कैबिनेट द्वारा सार्वजनिक कार्यालयों में काम करने वाले हिंदुओं के लिए 22 जनवरी यानी प्राण प्रतिष्ठा के दिन 2 घंटे के अनिवार्य अवकाश की घोषणा की गई। यही कारण है कि समूचे उत्तर प्रदेश में मॉरीशस चर्चा में आ गया है।

मॉरीशस सनातन धर्म मंदिर महासंघ के अध्यक्ष, भोजराज घूरबिन ने कहा कि हिंदू-बहुल देश के सभी मंदिर श्री राम की 'प्राण प्रतिष्ठा' के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में 22 जनवरी को 'रामायण' के छंदों के जाप का आयोजन करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मॉरीशस सनातन धर्म मंदिर महासंघ के अध्यक्ष भोजराज घूरबिन ने कहा कि 22 जनवरी को जब भगवान राम को भव्य सिंहासन पर विराजमान किया जाएगा तो उस दिन को दिवाली के समान उत्सव मनाया जाएगा।



#### हम दिवाली के समान उत्सव मनाएंगे

भोजराज घूरबिन ने कहा कि पूरे मॉरीशस में हमारे सभी हिंदू भाई-बहन इन दिनों जश्न के मूड में हैं। 15 जनवरी को मकर संक्रांति से हमारे सभी मंदिरों में रामायण के श्लोकों का जाप शुरू हो गया है। 22 जनवरी को, जब भगवान राम को भव्य सिंहासन पर विराजमान किया जाएगा, तो हम दिवाली के समान उत्सव मनाएंगे। इस साल दिवाली दो बार मनाया जाएगा। पहली दिवाली 22 जनवरी को पूरे देश में मनाई जाएगी, जबकि दूसरी 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। 500 साल के वनवास के बाद, प्रभु श्री राम अयोध्या आ रहे हैं।

**राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कराएंगे प्रखर विद्वान**

### पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित कराएंगे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा



22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। इस दिन के लिए उत्तरप्रदेश ही नहीं पूरे देशभर में लोग काफी उत्साहित हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त गर्भगृह में उपस्थित रहने वाले पांच लोगों में एक पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित भी हैं। इनका राम मंदिर में मुख्य पुजारी के रूप में चयन हुआ है। आयोजन में हालांकि वैदिक मंत्रोच्चार के दौरान कुल 121 पुजारी उपस्थित रहेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराने का सौभाग्य पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित को मिलेगा। लक्ष्मीकांत दीक्षित के पूर्वजों में एक मशहूर पंडित गागा भट्ट भी हैं।

### 121 पंडितों का करेंगे नेतृत्व, वेदों के हैं अच्छे जानकार

लक्ष्मीकांत दीक्षित अयोध्या राम मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के तौर प्रधान पुजारी होंगे। वह 16 से 22 जनवरी के बीच मूर्ति प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए देशभर से आने वाले वेदों की सभी शाखाओं के 121 पंडितों की टीम का नेतृत्व करेंगे। पंडितों की इस टीम में काशी के 40 से अधिक विद्वान भी शामिल होंगे। लक्ष्मीकांत वाराणसी के मीरघाट स्थित सांगवेद महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य हैं। इस महाविद्यालय की स्थापना काशी नरेश की मदद से की गई थी। लक्ष्मीकांत पूरे काशी में वेदों के अच्छे जानकार माने जाते हैं। यजुर्वेद के अच्छे विद्वानों में लक्ष्मीकांत दीक्षित की गिनती की जाती है। यही ही नहीं पूजा पद्धति में भी लक्ष्मीकांत माहिर माने जाते हैं।

'जय सिया राम' के लगाए नारे, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

# विशेष मुहूर्त में काशी से अयोध्या के लिए रवाना हुए वैदिक ब्राह्मणों का दल

जेंसी ▶▶ वाराणसी

अयोध्या के नए मंदिर में रामलाल विराजमान होने वाले हैं। 22 जनवरी को दोपहर 12:30 के अभिजीत मुहूर्त के बीच 84 सेकेंड के विशेष काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला को गर्भगृह में विराजमान करेंगे। इसके लिए 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े हुए अनुष्ठान की शुरुआत हो जाएगी। काशी से भगवान शिव का प्रतिनिधित्व करने वाले वैदिक ब्राह्मण आज वाराणसी के कारसेवक स्व. गौरी शंकर चौधरी पार्क से जब रवाना हुए तो सभी 55 वैदिक ब्राह्मणों से रवाना होने के पहले काशीवासियों सहित आरएसएस औ विहिप से लोगों ने आरती उतार माल्यार्पण करते हुए पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, तो वही शिव की नगरी में जयश्री राम के नारे लगा उन्हें अयोध्या के लिए रवाना किया।

**अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निभाएंगे मुख्य भूमिका**




15 जनवरी को दोपहर 11:40 बजे जब अभिजीत मुहूर्त लग जाता है, तब सभी काशी के वैदिक ब्राह्मण अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए रवाना हुए। वैसे तो वैदिक ब्राह्मणों का दल एक दिन पूर्व भी अयोध्या पहुंच चुका है। 14 जनवरी के भोर में ज्योतिषाचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविण सहित कुछ ब्राह्मण अयोध्या पहुंच चुके हैं। वहीं, आज करीब 55 वैदिक ब्राह्मण 2 लग्जरी बसों से हर-हर महादेव और जय श्रीराम करते हुए कूच कर गए। अब 16 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित सहित उनके पुत्र और 10 ब्राह्मण अयोध्या जाएंगे।

पंडित जयराम दीक्षित ने बताया कि अब तक काशी से 70 ब्राह्मण जा चुके हैं। 10 ब्राह्मण मंगलवार को रवाना होंगे और पूरे देश से 150 वैदिक ब्राह्मणों को इस अनुष्ठान के लिए बुलाया गया है। जब भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होगी, तो चारों वेदों का समावेश किया जाएगा, जो ब्राह्मण वर्ण के बाद बाद आचार्य निर्धारित करेंगे।

#### 108 कलशों के औषधि से होगा भगवान का अभिषेक

पंडित जयराम दीक्षित ने बात करते हुए बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन 16 जनवरी से शुरू हो जाएगा, जिसमें मूर्ति बनाने वाले कलाकार हमें मूर्ति सौप देंगे। उसके बाद 17 जनवरी को सरयू नदी में पूजन के बाद भगवान की यात्रा निकलेगी, जो मंडप तक जाएगी। उसके बाद 18 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा की सारी विधियां शुरू हो जाएंगी। 18 जनवरी को पंचांग पूजन मंडप में षोडशमातृका पूजन किया जाएगा। 19 जनवरी से विस्थापन और भगवान का नाना प्रकार का अधिवासन शुरू होगा। विस्थापन में भगवान का 108 प्रकार के औषधियों से स्नान कराया जाएगा, जो नया मंदिर बना है उसका भी विस्थापन होगा, उसकी भी शुद्धि होती है। उसके लिए 81 कलशों में रखे औषधि से किया जाएगा। इसके साथ ही 19, 20 और 21 जनवरी को भगवान का अधिवास जल से लेकर तमाम अन्न में और फिर शय्या धीवास के बाद अन्य विधियों से साथ होम हवन पूजन किया जाएगा। जब भगवान शैय्या धीवास से उठेंगे तब उनकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को किया जाएगा।

#### बस ड्राइवर बना केवट

अयोध्या होने के पहले बकायदा इन सभी वैदिक ब्राह्मणों की आरएसएस और विहिप सहित स्थानीय लोगों ने आरती उतारी, तो वहीं माल्यार्पण करते हुए सभी वैदिक ब्राह्मणों पर जमकर पुष्प वर्षा भी की। इन सभी ब्राह्मणों को काशी से अयोध्या लेकर जाने वाले बस के ड्राइवर पंकज

# दलितों और गरीबों के हक के लिए बसपा लड़ती रहेगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



आज बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्मदिन है। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सांप्रदायिक सोच वाली पार्टी से दूरी रखेंगे। अधिकांश दलों की मानसिकता जातिवादी। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में ईवीएम में धांधली हो रही है। ईवीएम के विरोध में बहुत आवाज उठी। देश में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए।

मायावती ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोगों को फ्री राशन का झांसा दिया। राशन देकर गुलाम बनाया जा रहा है। मायावती ने कहा कि यूपी में हमारी योजनाओं की नकल की जा रही है। धर्म की आड़ में राजनीति की जा रही है।

मायावती ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में अपनी चार बार की सरकार में सभी वर्गों के लिए काम किया था। अल्पसंख्यक, मुस्लिम, गरीब, किसान और मेहनतकश लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई थीं। इन योजनाओं को सरकारें नाम और स्वरूप बदल कर अपना बनाने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन जातिवादी होने की वजह से यह काम नहीं हो पा रहा है।

#### 'फ्री में थोड़ा सा राशन देकर गुलाम बनाने की कोशिश'

मायावती ने हमला करते हुए कहा कि लोगों को रोजगार देने के बजाय फ्री में थोड़ा सा राशन देकर अपना मोहताज बनाया जा रहा है, जबकि हमने अपनी सरकार के दौरान वर्तमान सरकारों के जैसे लोगों को अपना मोहताज नहीं, बनाया बल्कि सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों में रोजगार के साधन उपलब्ध कराए।

#### 'धर्म और संस्कृति की आड़ में राजनीति'

मायावती ने आगे कहा कि हमने अपनी सरकार में लोगों को सम्मान और स्वाभिमान ऊंचा करने का अवसर भी दिया, लेकिन वर्तमान में यह होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। केंद्र और राज्य सरकार धर्म और संस्कृति की आड़ में राजनीति कर रही है। इससे लोकतंत्र कमजोर हो रहा है।

#### अखिलेश यादव पर मायावती का हमला

इस दौरान मायावती ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचकूला में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की रखी आधारशिला

# 100 सीटें होंगी, 800 करोड़ रुपये से 30 माह में बनेगा मेडिकल कॉलेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पंचकूला के सेक्टर-32 में 30 एकड़ भूमि पर 800 करोड़ की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की आधारशिला रखी। मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा बनाए जाने वाले नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का नाम डॉ. मंगल सेन के नाम पर रखा जाएगा। प्रारंभिक चरण में 500 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी और इस परियोजना पर 300 करोड़ के अतिरिक्त व्यय का अनुमान है । पूरी परियोजना 30 महीने के भीतर पूरी होने की उम्मीद है। इस मेडिकल कॉलेज में 100 एमबीबीएस सीटें होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद, हमने राज्य के प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित करने की घोषणा की थी। दो जिलों चरखी दादरी और पलवल को छोड़कर हर जिले



में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए गए हैं। जिनमें से 6 सरकारी, 1 सहायता प्राप्त और 8 निजी सहित कुल 15 पहले ही संचालित हो चुके हैं । शेष जिले में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में राज्य में 6 मेडिकल कॉलेज थे। 2014 और 2019 के बीच यह संख्या बढ़कर 12 हो गई, जो 2019 से वर्तमान तक 15 तक पहुंच गई है।

पुलिस हिरासत में 23 साल पहले हुई थी विजय इक्का की मौत

बहुचर्चित विजय इक्का हत्याकांड

# तत्कालीन हाइवे थाना प्रभारी को 10 साल की सजा, एक लाख का जुर्माना

डॉ. कमलकान्त उपमन्यु ▶▶ मथुरा

सेंट फ्रांसिस स्कूल के डकैती कांड में पूछताछ करने को लेकर आई स्कूल के ही रसोई (कुक) विजय इक्का की पुलिस हिरासत में हुई मौत के मुकदमा का निर्णय हो गया। करीब 24 साल बाद आए बहुचर्चित कांड में एडीजे चतुर्थ डा. पल्लवी अग्रवाल की अदालत ने तत्कालीन नरहौली (हाइवे) थाना प्रभारी सुनील कुमार शर्मा को दस साल की सजा सुनाई है। एक लाख रूपये का भी अर्थदंड भी किया है।

चार अन्य पुलिसकर्मियों को अदालत ने बरी कर दिया है। मुकदमे की शासन की तरफ से पैरवी कर रहे सहायक शासकीय अधिवक्ता हेमेन्द्र भारद्वाज ने यह जानकारी देते हुए बताया, थाना नरहौली (हाइवे) क्षेत्र के सेंट फ्रांसिस स्कूल में 7 जून 2000 को डकैती की वारदात हुई थी। स्कूल के शिक्षक ब्रदर जार्ज क्रूजी की डकैतों ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस जघन्य वारातद के संबंध में पूछताछ के लिए शक के आधार पर थाना हाईवे पुलिस ने स्कूल के कुक का कार्य करने वाले विजय इक्का उठा लिया था। थाने में पूछताछ के बाद पुलिस विजय इक्का को रिजर्व पुलिस लाइन लाई। पुलिस लाइन के बाथरूम में 17 जून 2000 को विजय इक्का का शव लटका मिला था। पुलिस हिरासत में हुई विजय इक्का की मौत का मामला गरमा गया था। तत्कालीन नरहौली (हाइवे) थाना प्रभारी सुनील कुमार शर्मा, हेडकांस्टेबल राधेश्याम सिंह पुत्र सीताराम और उपनिरीक्षक जमील मोहम्मद रावत पुत्र मकसूद अली रावत निवासी ग्राम गंगावली थाना बीवीनगर बुलंदशहर, सिपाही दिनेश उपाध्याय पुत्र रामभरोसे निवासी मजटीला थाना ढकी आगरा, कांस्टेबल क्लर्क रामानन्द यादव पुत्र शंकर लाल यादव निवासी मटपुरा थाना सैफई इटावा के खिलाफ 18 जून 2000 को पुलिस हिरासत में साजिश के तहत कुक विजय इक्का की हत्या किए जाने का मुकदमा थाना सदर बाजार में दर्ज हुआ था।

थाना सदर बाजार पुलिस ने आरोपी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और जांच कर आरोप पत्र भी पुलिस ने अदालत में भी दाखिल कर दिया। इस मुकदमें की सुनवाई एडीजे चतुर्थ डा. पल्लवी की अदालत में हुई। एडीजीसी हेमेन्द्र भारद्वाज ने बताया, अदालत ने बहुचर्चित विजय इक्का हत्याकाण्ड में तत्कालीन नरहौली (हाइवे) थानाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा को गैर इरादतन तरीके से विजय इक्का की हत्या का दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने राधेश्याम सिंह, जमील मोहम्मद रावत, दिनेश उपाध्याय और रामानन्द यादव को बरी कर दिया है। निर्णय के बाद अदालत ने सुनील का सजा भुगताने के लिए वारंट बनाकर जेल भेज दिया।

## पेज एक का शेष

#### हितग्राही ललिता और...

में पढ़ती है, उसे छात्रवृत्ति, स्कूल यूनिफार्म मिली है और सुकन्या समृद्धि योजना में भी उसका खाता खुला है। लाड़ली लक्ष्मी योजना का भी बेटी को लाभ मिला है। दूसरा बेटा ध्रुव है, जो दूसरी क्लास में पढ़ रहा है, उसे भी स्कूल यूनिफार्म और मध्यान्ह भोजन मिलता है। तीसरा बेटा आंगनवाड़ी में जा रहा है। श्रीमती ललिता ने बताया कि वे स्वयं, शीतला माता स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं, जिससे गो-शाला संचालित करने का काम मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीमती ललिता की ओर से तत्परता से दी गई जानकारी की प्रशंसा की।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा से नई बहुओं को भी गैस कनेक्शन मिल गए:** प्रधानमंत्री ने श्रीमती ललिता से पूछा कि उन्हें जनमन योजना के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त हुई और इस योजना के तहत उन्हें क्या-क्या लाभ प्राप्त हुए? ललिता ने बताया कि उनके स्व-सहायता समूह को अधिकारियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव में आई रैली से जानकारी प्राप्त हुई। जनमन से उन्हें आवास स्वीकृत हो गया है। उन्होंने बताया कि उनके ससुर कृष्णा आदिवासी को केसीसी का लाभ मिला, बच्चों के आधार कार्ड बन गए, बच्चों का जाति प्रमाण-पत्र भी बन गया है। गांव में पहले 310 आयुष्मान कार्ड थे, जनमन योजना से 100 आयुष्मान कार्ड गांव में और बने हैं। गांव में सभी महिलाओं के पास उज्वला गैस कनेक्शन था पर विकसित भारत संकल्प यात्रा से नई बहुओं को भी गैस कनेक्शन मिल गए। गांव में उज्वला के 20 कनेक्शन और बढ़ गए है। गांव में नल-जल योजना का काम भी चल रहा है, जिससे हमें शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

**पीएम को मॉडल से बताया गांव का डेवलपमेंट:** मोदी को श्रीमती विद्या ने ग्राम विकास के संबंध में जानकारी दी। विद्या ने बताया कि वे वैष्णो देवी स्व-सहायता समूह का संचालन करती हैं। श्रीमती विद्या ने एक मॉडल के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी को बताया कि गांव में पानी की टंकी, नल, बिजली, पक्की सड़क और सामुदायिक केंद्र है, जहां गांव वाले गणेश उत्सव पर गणेश जी की स्थापना करते हैं और उत्सव मनाते हैं।

**पीएम आवास योजना के 1 लाख लाभार्थियों को जारी की पहली किस्त:** प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इसके साथ ही 893 करोड़ रुपए लागत के 541 टोलों में 1200 किमी सड़क निर्माण, 298 करोड़ रुपए की लागत के 70 हजार 263 घरों में विद्युतीकरण परियोजना, 20 करोड़ रुपए की लागत के 405 वन धन विकास केंद्रों, 126 करोड़ रुपए की लागत के 916 आंगनवाड़ी केंद्रों, 270 करोड़ रुपए की लागत के 450 मल्टीपरप्स केंद्रों, 275 करोड़ रुपए की लागत के 100 छात्रावासों, 34 करोड़ रुपए की लागत के 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और 240 करोड़ रुपए की लागत के 206 मोबाईल टॉवर की स्वीकृति प्रदान की।

#### मैं भाग्यशाली हूं कि...

**7 हजार से ज्यादा गणमान्य लोग शामिल होंगे:** समारोह के लिए देश भर से हजारों संतों को आमंत्रित किया गया है और आमंत्रित लोगों में राम मंदिर का निर्माण करने वाले मजदूरों के परिवार भी शामिल हैं। मंदिर ट्रस्ट, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की आमंत्रित सूची में 7,000 से अधिक लोग शामिल हैं, जिनमें बॉलीवुड हस्तियां, क्रिकेटर, उद्योगपति शामिल हैं।

**पीएम मोदी कर रहे हैं 11 दिन का अनुष्ठान:** पिछले हफ्ते, पीएम मोदी ने एक ऑडियो संदेश जारी किया था और कहा था कि वह 11 दिवसीय 'अनुष्ठान' (विशेष अनुष्ठान) शुरू करेंगे, क्योंकि राम मंदिर उद्घाटन के लिए केवल कुछ ही दिन बचे हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए केवल 11 दिन बचे हैं। भगवान ने मुझे अभिषेक के दौरान भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए बनाया है। इसे ध्यान में रखते हुए, मैं आज से 11 दिनों के लिए एक विशेष अनुष्ठान शुरू कर रहा हूं।

#### मोदी सरकार के नौ...

24.82 करोड़ लोग इस श्रेणी से बाहर निकल गए। रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से 5.94 करोड़ लोग बाहर निकले। इसके बाद बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़ और राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकले।

#### केंद्र सरकार की इन...

गया था। अब इसे 2029 तक बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत देश की करीब 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाता है। इस योजना में परिवार के हर सदस्य को 5 किलो गेहूं या चावल हर महीने मिलता है साथ ही एक किलोग्राम साबुत चना दिया जाता है।

**प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना:** केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसके जरिए भारत के नागरिक अपना 5 लाख तक का इलाज फ्री में करा सकते हैं। इस योजना की शुरुआत 25 सितंबर, 2018 को हुई थी।

**जल जीवन मिशन:** इस योजना की शुरुआत 15 अगस्त 2019 को हुई थी। 2024 तक देश के सभी गांवों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। अब तक 14 करोड़ घरों तक कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है। कुल 19 करोड़ घरों तक यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

#### उड़ान में 10 घंटे...

परिचालन में देरी हुई। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली और गोवा के बीच उड़ान संख्या 6ई 2175 के सह-पायलट और अन्य सुरक्षाकर्मियों ने साहिल कटारिया के खिलाफ उड़ान में उनके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार करने की शिकायत दी है। शिकायत में कहा गया है कि कटारिया ने दुर्व्यवहार किया और सह-पायलट अनुप कुमार को मारा तथा विमान के अंदर हंगामा मचाया। पुलिस ने बताया कि उड़ान में एक घंटे से अधिक की देरी होने के कारण यात्री उत्तेजित हो गया। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि यात्री के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाने के लिए सजा), 341 (गलत तरीके से रोकने के लिए सजा) और 290 (सार्वजनिक रूप से हंगामा करने के लिए सजा) और विमान नियमावली की धारा 22 के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि यात्री को अमर्यादित आचरण करने वाला घोषित कर दिया गया और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिया गया।

**कोहरे से पांच उड़ानों का बदला रास्ता:** दिल्ली हवाई अड्डे पर आने वाली पांच उड़ानों के मार्ग में सोमवार सुबह खराब मौसम के कारण परिवर्तन किया गया। देर रात एक बजे से तड़के पांच बजे के बीच चार उड़ानों को मार्ग परिवर्तित कर जयपुर और एक उड़ान को अहमदाबाद भेजा गया। रविवार को 10 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया था और कुछ को रद्द किया गया था। कम दृश्यता और घने कोहरे के कारण हवाई अड्डे पर विमान संचालन काफी प्रभावित हुआ है।

हममें से अधिकतर लोग उन वस्तुओं और उपलब्धियों को लेकर खुशी महसूस नहीं करते, जो हमारे पास होती हैं, लेकिन उन अभावों से दुखी रहते हैं, जो दूसरों के पास होती हैं। हर स्थिति में खुश-संतुष्ट रहने का तरीका यही है कि हम अपना सही आकलन करते हुए मानसिकता को बदलें और दूसरों से तुलना के बजाय अपनी उपलब्धियों का आनंद लें।

# ज्यादा का इरादा खुशियों को करे आधा



कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

आज के दौर में अगर अवसाद, उदासी और चिंता की कोई सबसे बड़ी वजह है तो वह है असुरक्षा की भावना और खुद के पास दूसरों की तुलना में कम संसाधन होने की चिंता। संसाधन का अर्थ यहां कुछ भी हो सकता है, जैसे संपत्ति, धन-दौलत, मकान, गहनें और भी बहुत कुछ। आइए, इन कारणों को जानते-समझते हैं, ताकि हम कभी अवसाद, उदासी और चिंता के शिकार ना हों।



## गलत ढंग से दूसरे से अपनी तुलना

हम अपनी तुलना अकसर उन लोगों के साथ करते हैं, जो अलग-अलग मामलों में हमसे बेहतर होते हैं। यानी बहुत सारे संपन्न लोगों की तुलना में हम अकेले साधन संपन्न होना चाहते हैं। ज्यादातर मामलों में दुखी व्यक्ति को अपनी मूलभूत जरूरतें पूरी ना होने की शिकायत नहीं रहती बल्कि अपनी अनंत इच्छाओं के अधूरा होने का दुख होता है। उसे अपने किसी रिश्तेदार, मित्र या पड़ोसी के पास खुद से ज्यादा सुविधाएं होने का दर्द सताता है। हमारा अवचेतन मन अकसर इस उधेड़बुन में लगा रहता है कि हमारी जिंदगी में कुछ ऐसा है, जो अपूर्ण है। हमें हमेशा यही लगता है कि दूसरे हमसे ज्यादा प्रसन्न, ज्यादा स्वस्थ, ज्यादा संपन्न और ज्यादा लोकप्रिय हैं। अनजाने में ही हम स्वयं को कमजोर महसूस करते हैं और आत्मग्लानि या तुलनात्मक हीनता के शिकार हो जाते हैं।



## उपलब्धियों से ऊर्जा प्राप्त करें

जब हम एक लक्ष्य को साध लेते हैं तो हममें दूसरे लक्ष्य को हासिल करने की ललक और ऊर्जा दोगुनी हो जाती है। हम निरंतर आगे बढ़ते चले जाते हैं। कई बार लोग कहते हैं, क्या करें, हमें तो अवसर ही नहीं मिलता। जबकि फलां की किस्मत अच्छी है, तभी तो उसे इतनी तरक्की के चांस मिल जाते हैं। इस संदर्भ में जाने-माने दार्शनिक नेपोलियन हिल ने कहा है, 'यह दुनिया उन लोगों के लिए अच्छी है, जो जानते हैं कि वास्तव में उन्हें अपनी जिंदगी से चाहिए क्या और उन्हें किस चीज को हासिल करने में अपना समय और ऊर्जा लगानी चाहिए। कहने का आशय है, जो लोग अवसर को पहचानने की क्षमता रखते हैं और मौका मिलने पर उससे चूकते नहीं और उसके पीछे-पीछे चलते रहते हैं, वे सदैव आगे बढ़ते रहते हैं, सफलता पाते हैं।

## संतुष्टि और कृतज्ञता का भाव है जरूरी

असंतुष्टि और तुलनात्मक हीनता से उबरने का एक और फायदा यह है कि हमारे दूसरों के साथ संबंध भी मधुर होने लगते हैं। इतना ही नहीं, ईर्ष्या भाव से उबरने पर लोगों में हमारी छवि भी निखरती है। हम दयालु, परोपकारी और मददगार बनने लगते हैं, इससे हमें दुआएं मिलती हैं, साथ ही अपार खुशी और आत्मसंतुष्टि मिलती है। जहां पहले हम हमेशा कुढ़न-चिढ़न के शिकार रहते थे, हर वक्त अपनी तकदीर को कोसते थे, वहीं इस स्थिति में हम प्रकृति, ईश्वर और इस ब्रह्मांड के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने लगते हैं। जब भी हमारा मन यह सोचकर बेचैन हो कि हम जमाने से पिछड़ गए हैं या हमारे पास वह नहीं है, जो हमारे परिचितों के पास है, तो हम झुग्गी-झोपड़ी और फुटपाथ पर रहने वाले दृष्टिहीनों, अपाहिजों की ओर देखें। हम जरा याद करें कि दुनिया में करोड़ों लोगों को दो वक्त का भोजन भी नहीं मिलता, तब यह समझ में आ जाएगा कि हमें कितना कुछ मिला हुआ है। ❁

### खुद पर रखें भरोसा

**जब हम** हमेशा खुद में कमियां ढूंढ़ते हैं, दुखी रहते हैं। हमें अवसर नहीं, समस्याएं ज्यादा दिखने लगती हैं तो हमारा पिछड़ना स्वाभाविक है। वहीं हम अपनी आत्मशक्ति, प्रतिभा और चातुर्य पर भरोसा करने लगते हैं तो हमारा मन आपदा में भी अवसर ढूंढ़ने लगता है, यहीं से शुरू होती है हमारी तरक्की का सिलसिला। अवसर कोई हलवाई की दुकान पर बिकने वाली मिठाई नहीं है, जो कोई हमारे हाथ में पकड़ा देगा और हम उसे गटक लेंगे। यह तो अपने हाथों से तैयार करने वाली होममेड मिठाई है, जिसके विभिन्न घटकों को एकत्रित करके हमें अपनी ऊर्जा की ऊष्मा से, विश्वास के तेल में पकाकर, अपनी मेहनत की चाशनी से मीठा करके इसका स्वाद चखना होता है।

### जरूरी है अपना सटीक आकलन

**सच तो** यह है कि हम स्वयं अपना आकलन कभी सही तरीके से नहीं करते हैं। यकीन मानिए, जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हैं, ठीक वैसा ही दूसरे भी हमारे बारे में सोचते हैं। हमारी सीमित या संकुचित सोच ही हमारी ज्यादातर दुर्बलताओं, तुलनात्मक हीनता और चिंता का कारण होती है। असंतोष का भाव और अंतहीन कामनाओं का दासत्व स्वीकार करना ही हमारी उदासी, झुंझलाहट और अवसाद की वजह है। हम अनजाने में ही दूसरों से बेवजह प्रतिद्वंद्विता करने लगते हैं, जबकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं होती। वास्तव में हमारी आवश्यकता अपने परिवार और खुद की जरूरतों को पूरा करने की होनी चाहिए। अपने जीवन की प्राथमिकता निर्धारित लक्ष्य हासिल करने की होना चाहिए, ना कि दूसरों जैसा बनने की। अगर हम अपनी जरूरतों को पूरा करने तक सीमित रहें और अपनी बेहतरी के लिए निर्धारित लक्ष्य को साधने में जुट जाएं तो हमें अनावश्यक तुलना और ईर्ष्या के लिए वक्त नहीं मिलेगा। हमारा चिंतन भी सार्थक कार्यों की ओर होने लगेगा, जो हमें आंतरिक खुशी और सुकून देगा।

# बदलते दौर में पैरेंट्स समझें बच्चों का भी होता है अपना व्यक्तित्व

भले ही पिछली सदी की तुलना में अब हम सबकी जीवनशैली कई स्तरों पर बदल चुकी है, लेकिन अधिकांश पैरेंट्स आज भी अपने बच्चों के स्वतंत्र व्यक्तित्व को नहीं स्वीकारते हैं। बच्चों के बेहतर विकास के लिए सभी पैरेंट्स को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए।



पैरेंटिंग / नीलम अरोड़ा

बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। सेमिनारों में, बौद्धिक विमर्शों में भले माता-पिता इस बात को स्वीकार करते हों, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता को यही लगता है कि उनके बच्चे कुछ नहीं जानते या उनके बच्चों की कोई समझ नहीं है, क्योंकि वे मन से स्वीकार ही नहीं कर पाते कि बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। यही वजह है कि 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता अपने बच्चों को उनकी छोटी उम्र में हमेशा सिर्फ सिखाते रहते हैं, कभी गंभीरता से किसी भी मसले पर उनकी राय जानने की कोशिश नहीं करते। ऐसा नहीं है कि माता-पिता अपने बच्चों का भला नहीं चाहते या उन्हें खुश होते हुए नहीं देखना चाहते। ऐसा सब कुछ है, लेकिन फिर भी माता-पिता सहजता से इस बात को स्वीकार नहीं कर पाते कि उनके बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व है।

**कम उम्र में हो रहा बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण:** समाजशास्त्रियों का आकलन है कि इन दिनों बच्चों के व्यक्तित्व का विकास या उनके व्यक्तित्व का निर्माण बहुत कम उम्र में हो रहा है। दरअसल, सूचना क्रांति ने अनुमान से भी कहीं ज्यादा उनके लिए एक्सपोजर पैदा किया है। इसलिए पहले जो बच्चे 15-16 साल की उम्र में व्यावहारिक जिंदगी के तौर-तरीके सीखते थे, आज वैसे तौर-तरीके बच्चे 7 से 8 साल की उम्र में ही सीख जाते हैं। सोशल मीडिया ने और सोशल मीडिया तक पहुंच बनाने वाले स्मार्टफोन ने बच्चों को पिछली सदी के मुकाबले कम से कम एक हजार फीसदी तेज रफ्तार से उनकी विभिन्न चीजों के प्रति जानकारी पैदा की है और अपनी राय बनाने में भूमिका निभाई है। इसलिए आज बच्चों के पारंपरिक विकास की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। लेकिन ज्यादातर माता-पिता इसे नहीं मानते हैं।

**गूगल ज्ञान की प्राप्ति :** एक जमाना था जब किसी भी बच्चे की जानकारियों के दो मुख्य स्रोत होते थे। घर में आमतौर पर पिता और घर के बाहर स्कूल के अध्यापक। यही कारण है कि तब लंबे समय तक हर बच्चे को लगता था कि उनके पिता दुनिया के सबसे ज्यादा जानकार व्यक्ति हैं। लेकिन यह मनोविज्ञान आज की पीढ़ी में नहीं है। आज की पीढ़ी के बच्चे किसी भी चीज की जानकारी पाने के लिए या अपनी किसी भी सहज जिज्ञासा के लिए गूगल का दरवाजा खटखटाते हैं, जहां उन्हें ज्यादातर सवालों के न्यूनतम बुनियादी जवाब मिल ही जाते हैं। इसलिए वह बड़ों की तरह गूगल ज्ञान पर मीनमेख नहीं निकालते बल्कि अपने स्तर पर उन्हें यह ऐसा गुरु मिल गया है, जिनके साथ बच्चे सबसे ज्यादा सहज हैं। दूसरी तरफ, मां-बाप आज भी इस उम्मीद में हैं कि उनके बच्चे उनसे ही दुनिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें और उनकी सोच और कल्पना के मुताबिक ही अपना व्यक्तित्व ढालें। वास्तव में सबसे बड़ा संकट यही है।

**ताजा परिदृश्य :** माता-पिता अपने बच्चों को सिखाने और बताने के लिए लालायित हैं, लेकिन बच्चे इस सब पर बहुत रुचि नहीं ले रहे, क्योंकि उन्हें भी लगता है कि उनके माता-पिता जानकारियां कम उपदेश ज्यादा देते हैं। इसलिए बच्चे उनसे दूरी बनाते हुए आज वर्चुअल दुनिया के साथ ज्यादा सहज हैं और मां-बाप को लगता है कि उन्हें दीन-दुनिया की कोई खबर ही नहीं है। इस विरोधाभासी सोच में संतुलन के लिए जरूरी है कि पैरेंट्स, अपनी मानसिकता को नए दौर के अनुसार बदलें। तभी बच्चों का बेहतर विकास होगा और उनके साथ आपकी बॉन्डिंग भी स्ट्रॉन्ग बनेगी। ❁

### अहम भूमिका निभा रहा आभासी समाज

**अगर बच्चों** और माता-पिता के बीच में भरोसे का जबरदस्त अभाव है, तो इसमें एक बड़ा कारण यही है कि माता-पिता इस बात को समझ ही नहीं पा रहे कि व्यक्तित्व गठन के मामले में उनकी जो रफ्तार थी, आज के बच्चों की रफ्तार उससे कई गुना ज्यादा तेज हो चुकी है। दूसरी बात, कम से कम मौजूदा और उसके पहले की पीढ़ी के माता-पिता भी यह समझने में ठीक-ठीक तालमेल नहीं बैठा पा रहे कि पहले की तरह अब बच्चों की जानकारियों और समझदारियां विकसित होने का स्रोत केवल माता-पिता स्कूल, कॉलेज या इर्द-गिर्द का समाज भर नहीं है बल्कि अब इन सबसे मिलकर भी कई गुना बड़ा एक आभासी समाज पैदा हो गया है, जो खासकर बच्चों को ना सिर्फ तेजी से प्रभावित कर रहा है बल्कि उनके व्यक्तित्व के निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका अदा कर रहा है।

# ऐसे सीखें आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग

एडवाइस / अंजू जैन

आज के दौर में लोगों को जब अपना ज्यादातर काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करने की जरूरत पड़ती है, यू-ट्यूब, वीलॉग या फेसबुक लाइव पर अकसर बोलना होता है, इस तरह लगभग हर प्रोफेशनल व्यक्ति के लिए पब्लिक स्पीकिंग का हुनर होना जरूरी हो गया है। आपके लाइव सेशन या वीडियो लोगों को आकर्षित करें और उपयोगी साबित हों, इसके लिए आपको कुछ बातों पर ध्यान देना होगा-



**श्रोताओं से जुड़ें :** अपने श्रोताओं से संवाद जरूर स्थापित करें। अपनी कही गई बातों से जुड़े प्रश्न जरूर पूछें और संभव हो तो उन्हें भी प्रश्न पूछने का मौका दें। इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित होंगे। श्रोताओं से जुड़ने के लिए उनकी समझदारी या उनके गुणों की सराहना करें।

**श्रोताओं की पसंद समझें :** श्रोताओं की पसंद-नापसंद उनकी जरूरत और प्राथमिकताएं जान लेना आपके लिए काफी फायदेमंद होगा। इसके लिए पर्याप्त रिसर्च और होमवर्क करना जरूरी है।

**नए तथ्य रखें :** श्रोताओं के सामने नए और चौंकाने वाले तथ्य जरूर पेश करें। अपने वक्तव्य में कुछ ऐसी बातें या तथ्य रखने की कोशिश करें, जो श्रोताओं के लिए काफी उपयोगी और दिलचस्प हों, लेकिन उन्होंने कभी इन्हें सुना ना हो। वक्तव्य भाषण के दौरान छोटे-छोटे किस्से-कहानियों, रोचक घटनाओं या कहावतों का इस्तेमाल करें, इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित रहेंगे। माहौल हल्का-फुल्का रखेंगी तो श्रोताओं को आपके भाषण के दौरान जरा भी बोरियत महसूस नहीं होगी।

**नोट्स बनाएं :** जब भी आप फेसबुक पर लाइव हों या वीलॉग बनाना हो तो अपनी स्पीच की तैयारी पहले से कर लें। स्पीच के दौरान आपको जिस टॉपिक पर बोलना है, उससे जुड़े नोट्स अपने सामने रखें, ताकि किसी प्रकार की भूल-चूक ना हो। एकाध बार अपने स्पीच को रिकॉर्ड कर सुनकर अपनी खामियां दूर कर लें। ❁

### आराम से बोलें

समझा यही जाता कि जोर-जोर से या धाराप्रवाह बोलना अच्छा वक्ता बनने के लिए जरूरी है, लेकिन मंझे हुए वक्ताओं की मानें तो कुछ वाक्य बोलने के बाद बीच में एक पल रुकना जरूरी है। इससे लोग आपकी बात ज्यादा एकाग्रचित्त होकर सुनेंगे।

# जब करवाना हो नेल एक्सटेंशन

अगर आपके नेल्स, नेचुरली लंबे और खूबसूरत नहीं हैं तो आप नेल एक्सटेंशन के जरिए इन्हें अट्रैक्टिव बना सकती हैं। लेकिन ऐसा करवाने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, ताकि आपके नेचुरल नेल्स को कोई नुकसान ना हो।

सजेशन / ललिता गोयल

मजबूत, लंबे और आकर्षक नाखून हथेलियों की खूबसूरती को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि फैशनेबल और अट्रैक्टिव दिखने के इस दौर में नेल एक्सटेंशन द्वारा नेल्स को खूबसूरत दिखाने का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। लेकिन नेल एक्सटेंशन कराते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि जिस तरीके से आप अपनी स्किन केयर करती हैं, वैसे ही नेल्स की भी प्रॉपर केयर करना जरूरी होता है।



**नेल एक्सटेंशन प्रोसेस :** नेल एक्सटेंशन में सबसे पहले आपके असली नेल्स को फॉइल किया जाता है और उनके साइड्स को साफ किया जाता है। नेल एक्सटेंशन, जैल और एक्रेलिक दो प्रकार के होते हैं। एक्रेलिक नेल एक्सटेंशन में एक आर्टिफिशियल नेल टिप आपके नाखूनों की लंबाई पर चिपका दी जाती है और फिर उस पर लगाने के लिए एक पावडर और लिक्विड मिलाया जाता है। जैल नेल एक्सटेंशन को लगाने के लिए एक रेडिमेड मिक्सचर का उपयोग किया जाता है, जिसे नेचुरल नेल बेड पर लगाया जाता है। छोटे नाखूनों के लिए जैल नेल एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना बेहतर माना जाता है।

**प्रिकॉशन है जरूरी :** अगर आप नेल एक्सटेंशन करवा रही हैं तो ध्यान रखें कि यह पर्मानेंट नहीं होता है। यह केवल 4-6 सप्ताह तक ही बना रहता है। इसकी अवधि, नेल एक्सटेंशन के तरीके और आपके ब्यूटी सैलून पर भी निर्भर करता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि नेल एक्सटेंशन करवाने के बाद आप वो सब काम नहीं कर सकती हैं, जो आप अपने नेचुरल नाखूनों के साथ कर सकती हैं जैसे टाइपिंग या घर के साफ-सफाई और रसोई के काम।

**लॉन्ग ड्यूरेबल होंगे नेल एक्सटेंशन :** नेल एक्सटेंशन लंबे समय तक टिका रहे, हाथों की ब्यूटी बढ़ाता रहे, इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- जल्दी-जल्दी या रेग्युलर नेल एक्सटेंशन कराने से नाखून कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में नेल एक्सटेंशन कराते समय थोड़ा गैप रखना जरूरी होता है।
- नेल एक्सटेंशन करवाने से पहले नेल्स की मसाज करना जरूरी है। नेल्स की मसाज ऑलिव ऑयल या बादाम के तेल से की जा सकती है। ऐसा करने से नेल्स की सही ग्रोथ होती है, साथ ही नेल्स मजबूत भी बनते हैं।
- नेल एक्सटेंशन कराने से पहले आप अपने नाखूनों को काटना ना भूलें क्योंकि बढ़े हुए नाखूनों पर नेल एक्सटेंशन कराने से नेल बेड टूटने लगते हैं और नेल्स कमजोर हो जाते हैं।
- बारिश के दिनों में नेल एक्सटेंशन कराने से पहले नाखूनों को अच्छी तरह से मॉयश्चराइज कर लें। दरअसल, नेल एक्सटेंशन नेल्स की नमी को कम करने के साथ ही क्यूटिकल्स को भी सख्त बना देता है, जिससे नाखून रफ हो सकते हैं। इसलिए पहले ही नाखूनों को मॉयश्चराइज कर लें।
- आपकी नेल एक्सटेंशन खूबसूरत और मेंटेन रहे, इसके लिए समय-समय पर नेल्स रीफिल कराना ना भूलें। इससे नेल्स मजबूत होंगे। साथ ही उनकी खूबसूरती लंबे समय तक बनी रहेगी।
- नेल एक्सटेंशन खराब ना हो, इसके लिए एक्सटेंशन कराने के बाद भारी वजन ना उठाएं क्योंकि इससे अकसर नाखून टूट जाते हैं या उनमें क्रेक आ जाता है।
- नेल एक्सटेंशन को घर पर ना हटाएं। इससे आपके नेचुरल नाखूनों को नुकसान पहुंच सकता है। नेल एक्सटेंशन को हटाने के लिए नेल टेक्नीशियन के पास जाना ही बेहतर उपाय होता है। ❁

**(नेल एक्सटेंशन एक्सपर्ट लतिका खुराना से बातचीत पर आधारित)**

# किचेन गार्डन में ऐसे उगाएं पौष्टिक ब्रोकली

वैसे जाड़े के दिनों में ब्रोकली बाजार में तो खूब मिलती है लेकिन अगर आप ऑर्गेनिक और अधिक पौष्टिक ब्रोकली खाना, खिलाना चाहती हैं तो इसे गार्डन में उगा सकती हैं। इसे कैसे उगाएं और किन बातों का ध्यान रखें, बता रहे हैं आपको।

गार्डनिंग / अनु आर.



अब से कुछ साल पहले तक अपने देश में ब्रोकली इसलिए कम चर्चा में रहती थी, क्योंकि तब यह बहुत महंगी हरी सब्जी होती थी। उन दिनों जब बाकी सब्जियां 5 से 10 रुपए पाव बिकती थीं, तब यह 30-40 रुपए पाव तक मिलती थी। क्योंकि तब ब्रोकली विदेशी सब्जी मानी जाती थी और यह बड़े पैमाने पर बाहर से ही आती थी। लेकिन अब ब्रोकली स्थानीय सब्जी बन चुकी है।

**कई गुणों से भरपूर:** ब्रोकली इतने गुणों से भरपूर होती है कि पहली नजर में इसके गुणों को जानकर लगता है यह कोई औषधीय सब्जी है। मिसाल के तौर पर ब्रोकली शुगर लेबल को कंट्रोल करती है। यह वजन घटाने में मददगार है। हृदय रोग, कैंसर, आंखों की समस्याओं और कमजोरी में यह फायदेमंद है। इसके खाने से लिवर मजबूत होता है, हड्डियां लचीली और ताकतवर बनती हैं। उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है, बैड कोलेस्ट्रॉल में कमी आती है, कैंसर का खतरा कम होता है, त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहती है। ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाव होता है। ब्रोकली अगर इतनी फायदेमंद है तो इसलिए क्योंकि इसमें अनेक पौष्टिक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें जिन पौष्टिक तत्वों की भरमार है, उनमें शामिल हैं- विटामिन सी, बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन ए, फोलिक एसिड, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, एंटीइनफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंटिव प्रॉपर्टीज और फाइबर भी पाए जाते हैं। आप अपने किचेन गार्डन में ब्रोकली उगाएं, इससे आपको ऑर्गेनिक ब्रोकली का स्वाद मिलेगा।

**उगाने के लिए सही है सर्दियां:** अब सवाल है, ब्रोकली को अपने किचेन गार्डन में कब और कैसे उगाएं? भारत में सर्दियों का मौसम खासकर दिसंबर, जनवरी का महीना इसके उगाने या नर्सरी के जरिए इसे लगाने का सबसे बढ़िया समय होता है। आमतौर पर यह बहुत आसानी से और कम रख-रखाव में भी किचेन गार्डन की सबसे उपयोगी सब्जी के रूप में फलती-फूलती है।

**मिट्टी और धूप:** ब्रोकली उगाने के लिए वैसे ही मिट्टी बनानी पड़ती है, जैसे फूलगोभी या पत्तागोभी को उगाने के लिए बनाते हैं। लेकिन ब्रोकली गमले में या जमीन में जहां भी उगाएं इस बात को सुनिश्चित कर लें कि वहां दिन में कम से कम छह घंटे धूप जरूर आती हो। ब्रोकली ऐसी मिट् टी में अच्छी तरह से उगती और विकसित होती है, जो पानी को सोख लेती है। प्राकृतिक खाद से उपजी ब्रोकली में ही इसके सौ फीसदी फायदे मिलते हैं। गाय के गोबर और कंपोस्ट खाद इसके उगाने और विकसित होने में बहुत कारगर भूमिका निभाते हैं। ❁



# सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री एवं शासन के मंत्रियों ने मंदिर में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भाजपा की ओर से रविवार से प्रदेश भर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान शुरू किया है। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री, प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री एवं पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में झाड़ू लगाकर सफाई की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के श्रीराम जनार्दन मंदिर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा पन्ना के बलदेव जी मंदिर में सफाई की।



◆ प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में पहुंचकर चलाया स्वच्छता अभियान



## मुख्यमंत्री ने उज्जैन, प्रदेश अध्यक्ष ने पन्ना, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने भोपाल में की सफाई

### कैलाश ने इंदौर तो प्रहलाद ने विदिशा में की सफाई

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर के श्रीविद्याधाम मंदिर, प्रहलाद पटेल ने विदिशा के खाटू श्याम मंदिर, राकेश सिंह ने जबलपुर के गढ़ा में संकटमोचन हनुमान मंदिर में सफाई की। भोपाल के स्मार्ट सिटी रोड के श्रीराम मंदिर में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के साथ प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने स्वच्छता अभियान के तहत मंदिर में सफाई की।





## खबर संक्षेप

### भूतेश्वर मंदिर में मंत्री राजपूत ने लगाई झाड़ू

**भोपाल।** सागर के प्राचीन भूतेश्वर मंदिर पहुंचे खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर परिसर में साफ-सफाई एवं झाड़ू लगाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। मंत्री राजपूत ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता के लिए अभियान चलाया है, जिसका असर पूरे देश सहित छोटे-छोटे गांव में भी दिख रहा है। 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, जिसको लेकर हम सब क्षेत्र के मंदिरों में भी साफ-सफाई करें, जिससे रामलला के स्वागत में मंदिर, शहर, हर घर-आंगन साफ और स्वच्छ रहे।

### कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**भोपाल।** प्रदेश में दतिया, रायसेन के बाद शनिवार को नजीराबाद में वन माफिया ने वन रक्षक पर हमला कर दिया। दो दिन बाद भी पुलिस अब तक हमला करने वाले वन माफिया को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंप कर वन रक्षक पर हमला करने वालों को गिरफ्तार उन पर रासुका लगाने की मांग की है। पांडे ने बताया कि वर्ष 2023 में 18 हमले हुए थे वहीं वर्ष 2024 में भी अब तक तीन हमले वन कर्मचारियों पर हो चुके हैं।

### चार एएसआई सहित 9 पुलिसकर्मी निलंबित

**भोपाल।** सागर शहर में चोरी के मामले में तत्काल कार्रवाई करने में लापरवाही बरतने वाले 4 एएसआई समेत 9 पुलिसकर्मियों को एसपी अभिषेक तिवारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सभी निलंबित कर्मचारियों को रिजर्व भेज दिया है। 12-13 जनवरी की दरम्यानी रात सागर शहर की डॉ. नाचनदास वाली गली में स्थित फरियादी संतोष जैन के सूने मकान में चोरी की वारदात हुई थी। जिसमें चोर मकान से सोने-चांदी के गहने ले गए थे। इसी चोरी की सूचना पर तत्काल कार्रवाई नहीं करने पर एसपी तिवारी ने एक्शन लिया है।

### श्रीरामचंद्र पथगमन न्यास की बैठक आज

**भोपाल।** श्रीरामचंद्र पथगमन न्यास की पहली बैठक चित्रकूट में 16 जनवरी को होगी। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। यह बैठक ग्रामोद्योग विश्वविद्यालय चित्रकूट में आयोजित होगी। इस बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर राम वन गमन पथ का रोड मैप तैयार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ पर्यटन राज्यमंत्री, मुख्य सचिव, विभिन्न विभागों के एसीएस, पीएस सहित पांच संभागों के संभागायुक्त और 8 जिलों के कलेक्टर भी मौजूद रहेंगे। बैठक में न्यास से जुड़े सभी विषयों पर चर्चा की जाएगी।

*कान्ह नदी के गंदे पानी को रोकने की सुविचारित*

*क्षिप्रा नदी शुद्धिकरण की बैठक में सीएम ने दिए निर्देश*

## सिंहस्थ की प्लानिंग में साधु-संतों का परामर्श लें

# सिंहस्थ 2028 से पहले क्षिप्रा नदी की शुद्धि के लिए कार्य योजना तैयार करें: डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर क्षिप्रा नदी का पानी स्वच्छ निर्मल एवं आचमन योग्य बनाने के लिये इंदौर, उज्जैन एवं देवास के संबंधित अधिकारियों को क्षिप्रा नदी को साफ रखने की कार्य योजना तैयार करने को कहा है। उन्होंने गंदे पानी को रोकने के लिए जगह-जगह स्टॉप डैम बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रविवार को उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ 2028 के विकास कार्य एवं क्षिप्रा शुद्धिकरण के संबंध में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इंदौर एवं उज्जैन संभाग के संभागायुक्तों एवं कलेक्टर्स को कार्ययोजनाएं बनाने के निर्देश दिए।

### बनेंगे 9 स्टॉप डैम

बताया गया कि सिंहस्थ 2028 में 12 करोड़ श्रद्धालुओं का अनुमान है। इसके लिए सभी मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था की जाएगी। इंदौर में क्षिप्रा नदी में नालो का गंदा पानी रोकने के लिए 9 स्टॉप डैम बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां-जहां गंदे नाले का पानी क्षिप्रा में मिल रहा है। जहां-जहां संत रहते हैं, उन घाटों का विस्तार प्राथमिकता से किया जाएगा, एवं मेला क्षेत्र में भी मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था की जाएगी।

### डायवर्जन प्लानिंग पर नाराजगी व्यक्त की

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कान्ह नदी का गंदा पानी क्षिप्रा में रोकने के लिए बनाई गई 99 करोड़ रुपए की डायवर्जन प्लानिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एक बार में ही ऐसी योजना बनाएं कि क्षिप्रा का जल पीने और आचमन योग्य बन जाए। गलत प्लानिंग के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत केंद्र सरकार से क्षिप्रा शुद्धिकरण के लिए आवश्यक बजट की मांग की जाएगी।*

### भीड़ नियंत्रण पर प्रभावी कार्रवाई अभी से शुरू

*भीड़ नियंत्रण पर प्रभावी कार्रवाई के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल मंदिर के अलावा राम जनार्दन मंदिर, सिद्धनाथ, काल भैरव जहां सेटेलाइट टावर है, वहां भी भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक प्लान बनाए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा की एक ही सड़क पर भीड़ का भार डालना उचित नहीं है, इसके लिए चार से पांच वैकल्पिक मार्ग भी बनाए जाएंगे।*

### मेला सनातन परंपरा के अनुसार होगा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस बार भी सिंहस्थ मेला गौरवशाली सनातन परंपरा के अनुसार आयोजित किया जाएगा। क्षिप्रा शुद्धिकरण के साथ ही महाकाल मंदिर तक जाने सड़क चौड़ीकरण, वैकल्पिक मार्ग की प्लानिंग, पावर स्टेशन, हवाई पट्टी विस्तार, ठहरने की व्यवस्था, पार्किंग आदि के भी विकास कार्य पूरा किए जाएंगे।*

### श्रद्धालु आएं तो करें गौरव का अनुभव

डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ मेले का इंदौर, देवास, ओंकारेश्वर दादा धुनी वाले, पशुपतिनाथ मंदिर, बगलामुखी मंदिर में भी विस्तार रहता है। जनता की सहभागिता रहती है। जब श्रद्धालु आएं तो गौरव का अनुभव करें।

## विज्ञान प्रौद्योगिकी में छिपी हैं नई संभावनाएं : मुख्यमंत्री

**इसरो का सेंटर मप्र में भी खुले इस संबंध में प्रयास किया जाएगा** | **डॉ. यादव वैज्ञानिक युवा संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय एवं मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में वैज्ञानिक युवा संवाद कायज्र्क्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसरो का एक सेंटर प्रदेश में भी खुले इस संबंध में प्रयास किए जायेंगे। विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं छिपी हुई हैं। पुण्य भूमि उज्जयिनी एक अलग आनन्द मिलता है। ब्रह्माण्ड को कोई नहीं जान सकता। मकर संक्रांति के पावन पवज्र् पर एक अलग आनन्द की अनुभूति हो रही है और यह पवज्र् वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे पर्व और



त्यौहारों में कई रोचक बातें छिपी हुई हैं। मोक्ष देने वाली नगरियों में उज्जयिनी नगरी की महत्ता का भी अपना एक अलग महत्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हैदराबाद से आए इसरो के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान के उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि उज्जैन में आकर उन्होंने युवाओं से रुबरु होकर विज्ञान के क्षेत्र में उनकी जिज्ञासाओं का संतोषजनक समाधान किया है।

**समाज को आगे बढ़ाने में विज्ञान एवं तकनीकी का बड़ा योगदान :** युवा संवाद में हैदराबाद इसरो के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान ने कहा कि हमारे समाज को आगे बढ़ाने ने विज्ञान एवं तकनीकी का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी बहुत अच्छी सोच रखने वाली पीढ़ी है। हमारे देश के वैज्ञानिक देश का नाम उज्जवल कर रहे हैं।

### ब्रह्मलीन संतों की समाधि स्थल पहुंचे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के खाचरौद में ब्रह्मलीन 1008 श्री सच्चिदानंद जी महाराज और ब्रह्मलीन 1008 श्री निजानंद जी महाराज के आश्रम पहुंचे।



मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन संतों की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और पूजन अर्चन किया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर्व पर यहां भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संत विवेक गुरुदेव एवं अन्य संतों से सौजन्य भेंट की।

### रेलवे क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान का किया भूमिपूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगर रोड स्थित इंदिरा नगर के समीप रेल्वे की भूमि पर बहु-विषयक क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। शहर के विकास में एक और नया आयाम जुड़ गया है, जो शहरवासियों के लिए अनुपम भेंट होगी। उन्होंने कहा कि सरकार सड़कों के विकास के साथ-साथ रेल्वे का भी विकास और विस्तार कर रही है। केन्द्र सरकार ने रेल्वे के विकास में 13 हजार 672 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।



### मकर संक्रांति पर राहगिरी आनंदोत्सव का किया शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 14 जनवरी को मकर संक्रांति के पवन पर्व पर हर्षोल्लास के साथ राहगीरी आनन्दोत्सव का शुभारंभ किया। आनन्दोत्सव में बचपन से पचपन और आनंदमयी उम्र के उत्सवधर्मी, भारतीय संकृति से जुड़े प्राचीन खेलों, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश विकास के पथ पर लगातार बढ़ रहा है। विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। सरकार सब का भला करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। राहगीरी में हर वर्ग के उत्सव प्रेमियों ने सहभागिता की।



### मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दीं शुभकामनाएं

*इस अवसर पर सीएम डॉ. यादव ने शुभकामनाएं दी और सब के परिवार में सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्यौहारों का वैज्ञानिक एवं पौराणिक महत्व है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व सही हो तो देश निश्चित ही आगे बढ़ता है। मुख्यमंत्री ने सुबह तरणताल चौराहे से कोठी तक पैदल चल कर उत्सवधर्मियों का उत्साहवर्धन कर हौसला बढ़ाया। राहगीरी में बचपन से पचपन और आनन्दमयी उम्र के उत्सवधर्मी भारतीय संस्कृति से जुड़े प्राचीन खेलों की गतिविधियां संचालित हुई।*




# मकर संक्रांति पर झुग्गियों में गर्म कपड़े और कंबल बांटे

**फरीदाबाद।** सेक्टर 31 में अरूणाभा वेलफेयर सोसायटी द्वारा लोहड़ी और मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर शीतलहर के भयंकर प्रकोप को देखते हुए सूरजकुंड रोड के पास वाली झुग्गियों में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया गया। ठंड से ठिठुरते चेहरों पर खुशी देखते ही बनती थी। शाम में वेलफेयर के बच्चों ने लोहड़ी जलाई और खूब मजा किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने नृत्य संगीत से सब का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ममता मित्तल, संयुक्ता श्रीवास्तव, डॉक्टर आर के श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों से ही त्योहार की रौनक होती है और बच्चों के साथ बच्चा बनकर त्योहार मनाना हमेशा खुशियों से भर देता है। कार्यक्रम में वेलफेयर की संस्थापिका और राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रणीता प्रभात ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किया और इस त्योहार के महत्व को बताते हुए सबका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि त्योहार हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, हमें ऐसे त्योहार मना कर बच्चों को अपनी संस्कृति के बारे में बताना चाहिए।

टंकराम बोले- अकबर की जगह राम भक्त आए हैं

# मंत्री ने गंगाजल से शुद्ध किया मो. अकबर का बंगला, फिर हुए विधि-विधान से शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सोमवार को सरकारी बंगले में शिफ्ट हो गए। उन्होंने पूजा-पाठ करने के साथ ही बंगले को गंगाजल से शुद्ध किया। इस दौरान मंत्री टंकराम ने कहा कि, बंगले में अकबर की जगह राम भक्त आए हैं। इसके बाद कांग्रेस ने मंत्री पर निशाना साधा है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि, कौन-किसका भक्त है, भाजपा को प्रमाणपत्र देने की आदत हो गई। गंगाजल को भी यह राम मंदिर से जोड़ने का काम कर रहे हैं। गंगाजल सबके लिए पवित्र है।



### राम नवमी पर हो राम मंदिर का अनुष्ठान

दीपक बैज ने कहा कि न्याय यात्रा गरीब, युवा, पीड़ित और बेरोजगारों को न्याय दिलाने के लिए है। राहुल गांधी सबके बीच पहुंचें और उनकी बातों को सुन सकें। हम नए एजेंडे के साथ लोकसभा चुनाव में जा सकें। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कहा कि लगातार शंकराचार्य इसका विरोध कर रहे हैं, मंदिर अभी अधूरा है। उन्होंने कहा कि, राम नवमी में इसका शुभारंभ करना चाहिए।

### आरोप न लगाए, जांच करवाए बीजेपी

केंद्रीय मंत्री द्वारा भ्रष्टाचार की जांच किए जाने वाले बयान को लेकर पीसीसी चीफ ने कहा कि अभी उनकी सरकार है, उनको कौन रोका है। यह हमारी सरकार को ईडी-आईटी के माध्यम से बदनाम करने के लिए है। यात्रा से देश में नए बदलाव का संकेत दीपक बैज ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे पार्ट न्याय यात्रा की शुरुआत हुई है। देशभर के नेता और छत्तीसगढ़ के नेता उसमें शामिल हुए। ऐतिहासिक शुरुआत मणिपुर इंफाल से हुई है। मुंबई तक 6700 किलोमीटर गुजरेगी। 20 मार्च को समापन होगा। दराहुल गांधी के इस यात्रा से देश में नए बदलाव का संकेत मिलेगा।

### गैंगस्टर तपन सरकार रायपुर से गिरफ्तार

◆ 17 साल सजा काटने के बाद 2022 में मिली थी जमानत, होली के दिन फिर कराया मर्डर

**रायपुर।** दुर्ग जिले का गैंगस्टर तपन सरकार पकड़ा गया है। सोमवार सुबह इसे भिलाई खुर्सीपार की पुलिस ने रायपुर के एक फार्म हाउस से गिरफ्तार किया है। पुलिस को दुर्ग के करीब 1 साल पुराने मर्डर केस में यह फरार चल रहा था। इसे पुलिस ने मुंबई समेत कई शहरों में तलाश किया था। तपन सरकार को सोमवार को दुर्ग की अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। तपन के अलावा पुलिस ने 5 और लोगों को गिरफ्तार किया है। भिलाई में होली के दिन हुए मर्डर केस में तपन सरकार को भी आरोपी

## छग में प्रवास करने वाले पहले पर्यटक माने जाते हैं भगवान राम

# छत्तीसगढ़ में मिलते हैं भगवान राम के प्रवास के ऐतिहासिक प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

22 जनवरी 2024 देश के इतिहास में अमिट छाप छोड़ने जा रहा है। इस दिन अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का लोकार्पण होने जा रहा है।

इसे यादगार बनाने के लिए देश भर में लोग जुटे हुए हैं। ऐसे में भगवान राम से जुड़ी तमाम ऐतिहासिक तथ्य भी सामने आने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में भगवान राम



### यहां बिताया था पहला चातुर्मास

इतिहासकारों के मुताबिक भगवान राम ने छत्तीसगढ़ में सीतामढ़ी-हरचौका से प्रवेश किया था। भरतपुर के पास स्थित यह स्थान मवई नदी के तट पर है। यहां गुफानुमा 17 कक्ष हैं जहां रहकर भगवान राम ने भगवान शिव की आराधना की थी। यहां कुछ समय व्यतीत करने के बाद वे नेउर नदी तट पर बने छतौड़ा पहुंचे, जहां भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण ने पहला चातुर्मास बिताया।

### बस्तर में लगता है मेला

इसी तरह बस्तर के रामराम में भगवान राम द्वारा भूदेवी की आराधना किए जाने की मान्यता है और यहां पर 608 साल से लगातार मेले का आयोजन किया जाता है।

**यहां होता है भगवान राम के नाम का उपयोग:** किसी से मिलते हैं तो राम-राम कहते हैं, तकलीफ में होते हैं तो राम कहते हैं, धान या अन्य फसलों को काठा में नापते हैं तो उसकी शुरूआत एक-दो नहीं बल्कि राम से करते हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन पंचकूला | जिला झज्जर, दुजाना में पुलिस स्टेशन का निर्माण + 9 कार्य। | 08.01.2024 29.01.2024 | 24.86 करोड़ | www.hphc.org.in | dbpanchkula@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24203/I/88/7 दि. 15.01.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | जिला रोहतक महम विधानसभा क्षेत्र में निदाना से बहुअकबरपुर रोड आईडी 1841 सड़क की विशेष मरम्मत + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.01.2024 | 1.04 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01262-270274 eerohtak.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24197/I/88/7 दि. 15.01.24

चिंतन

# जनजातियों में आवासीय गरीबी जल्द दूर करे केंद्र

भारत के ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय गरीबी व्यापक स्तर पर है। केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2022 तक 'सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य को प्राप्त करने के वास्ते एक अप्रैल, 2016 को पूर्ववर्ती इंदिरा आवास योजना का पुनर्गठन कर उसे प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) कर दिया गया था। वर्ष 2022 तो बीत गया, आज एक साल बाद भी सरकार सबको पक्के आवास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी है। बीच में बेशक कोरोना महामारी के काल के दो साल बीते, लेकिन यह को बड़ी बाधा नहीं होनी चाहिए थी। चूंकि सरकार हर वित्त वर्ष में पीएमएवाई-जी के लिए बजट का आवंटन करती है और राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में चरणों में दी जाती है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को 540 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। सरकार ने दावा किया है कि दस साल में 4 करोड़ पक्के मकान निर्मित कराए गए हैं। इसके बावजूद अभी भी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के गरीब आवास की भारी कमी से जूझ रहे हैं। भारत तो आवासीय गरीबी का भी शिकार है। संयुक्त राष्ट्र तथा उसके विभिन्न घटक निकायों ने पर्याप्त आवास के अधिकार को बुनियादी मानवाधिकार के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र समिति ने रेखांकित किया है कि पर्याप्त आवास के अधिकार की व्याख्या करते समय संकीर्णता का भाव नहीं होना चाहिए, अर्थात पर्याप्त आवास के अधिकार को मात्र चार दीवारों और एक छत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। भारत ने पर्याप्त आवास के अधिकार के संदर्भ में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, किंतु इसके बावजूद देश में सभी नागरिकों को मात्र एक आवास (पर्याप्त आवास नहीं) उपलब्ध कराना भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य बना हुआ है। पर्याप्त आवास के अधिकार की सर्वाधिक उपेक्षा देश के ग्रामीण क्षेत्र में है, जहाँ भौतिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ सामाजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे- स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं आदि उपलब्ध कराना गंभीर चुनौती है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार, पर्याप्त आवास में चार दीवारों और एक छत के अतिरिक्त बिजली एवं पानी की आपूर्ति और स्वच्छता तथा सीवेज प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी शामिल किया जाता है। आवासीय गरीबी एक व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य रहने तथा आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से उत्पादक होने की क्षमता को प्रभावित करती है। केवल छत निर्माण कराना ही पूर्ण आवास का लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता है। देश में केरीब 11 फीसदी आबादी जनजातियों की है, वे सबसे अधिक सुविधासंपन्न आवास की कमी से जूझ रहे हैं। जनजातियों को आवास के लिए राशि दिए जाने से निश्चित रूप से सबको आवास के सरकार के लक्ष्य की दिशा में सकारात्मक कदम है, इससे लाभार्थी जनजातियों के पक्के आवास बन सकेंगे। पिछले वर्ष 15 नवंबर को पीएम-जनमन की शुरूआत समाज के सबसे कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए की गई थी। पीएम-जनमन का बजट लगभग 24,000 करोड़ रुपये का है और इसमें नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण पहलों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य सबसे कमजोर जनजातीय समूहों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, इनमें आवास, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण, बिजली, सड़क और संचार शामिल हैं।




# अस्तित्व नहीं, विरोध की ज्यादा चिंता

कांग्रेस
उमेश चतुर्वेदी

कांग्रेस ने अपने चिरपरिचित सांप्रदायिकता विरोधी रुख को बरकरार रखने को ही चुना है, भले ही उसके अस्तित्व पर आशंका के बादल मंडराने लगे। चाहे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा कर रहे हों। कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि राममंदिर का पूरा आंदोलन ही सांप्रदायिकता की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। कांग्रेस के बौद्धिक समर्थकों को भी लगता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने राममंदिर के मुद्दे पर देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करती रही है। इसीलिए कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को सांप्रदायिकता के पैमाने पर ही परखती-देखती रही। उसका राजनीतिक रुख भी इसी पैमाने पर केंद्रित रहा। कांग्रेस इसी रुख के कारण उत्तर भारत के अपने गढ़ों से लगातार सिमटती चली गई।

कांग्रेस का अब तक का जो राजनीतिक रुख रहा है, उसके हिसाब से देखें तो राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा उसके सामने दो तरह की चुनौतियां लेकर आया था। कुछ महीनों बाद होने वाले आम चुनावों से पहले कांग्रेस के सामने पहली चुनौती सांप्रदायिकता विरोध की अपनी राजनीति को बचाए रखना थी। कांग्रेसी नेतृत्व और उसके रणनीतिकार शायद ही इसे स्वीकार करें। लेकिन उसके सामने दूसरी चुनौती अपने अस्तित्व को बरकरार रखते हुए मजबूत बनाना रही। तटस्थ नजरिए से देखें तो कांग्रेस ने अपने चिरपरिचित सांप्रदायिकता विरोधी रुख को बरकरार रखने को ही चुना है, भले ही उसके अस्तित्व पर आशंका के बादल मंडराने लगे। चाहे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा कर रहे हों।
दरअसल, कांग्रेस के रणनीतिकार मानते हैं कि राममंदिर का पूरा आंदोलन ही सांप्रदायिकता की बुनियाद पर खड़ा हुआ है। कांग्रेस के बौद्धिक समर्थकों को भी लगता रहा है कि भारतीय जनता पार्टी ने राममंदिर के मुद्दे पर देश में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करती रही है। इसीलिए कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को सांप्रदायिकता के पैमाने पर ही परखती-देखती रही। उसका राजनीतिक रुख भी इसी पैमाने पर केंद्रित रहा। पता नहीं कांग्रेसी रणनीतिकार इसे स्वीकार करते हैं या नहीं, लेकिन यह भी सच है कि कांग्रेस इसी रुख के कारण उत्तर भारत के अपने गढ़ों से लगातार सिमटती चली गई। जिस उत्तर प्रदेश से उसका केंद्रीय नेतृत्व जुड़ा हुआ है, उसी उत्तर प्रदेश की 80 में से सिर्फ एक सीट कांग्रेस के कब्जे में है। राज्य की 403 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस के महज दो ही विधायक हैं। उत्तर प्रदेश से सटे बिहार की चालीस लोकसभा सीटों में से पार्टी के पास सिर्फ एक ही सांसद है, जबकि 243 सदस्यीय विधानसभा में 19 विधायक हैं। वैसे इन विधायकों की संख्या के पीछे राज्य में उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल का साथ है। इसी तरह झारखंड में भी कांग्रेस का एक ही सांसद है, 82 सदस्यीय विधानसभा में उसके 18 विधायक हैं। इसमें उसके सहयोगी दलों का हाथ है।
राममंदिर आंदोलन के उभार के बाद उत्तर भारत में कांग्रेस का अस्तित्व लगातार छीजता चला गया। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि कांग्रेस राममंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर एक तरह से अपने अस्तित्व पर आए संकट को टालने की कोशिश करेगी। लेकिन उसने अस्तित्व बचाने की कोशिश की बजाय कथित सांप्रदायिकता विरोध की ही राह को चुना है। हालांकि कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व ऐसा नहीं चाहता था। कांग्रेसी विधायकों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बजाय किसी और दिन राम मंदिर जाने का बाकायदा ऐलान भी कर रखा है। कांग्रेसी नेता भी अब गाहे-बगाहे बोलने लगे हैं कि राम किसी एक के नहीं हैं, बल्कि सबके हैं। साफ है कि स्थानीय नेतृत्व राममंदिर आंदोलन से साथ अलग हुए सवर्ण वोटरों के एक तबके के साथ अपना रिश्ता जोड़ना चाहता है, लेकिन कांग्रेसी आलाकमान और उनके सलाहकारों को शायद यह पसंद नहीं आ रहा है।
यह नहीं भूलना चाहिए कि राममंदिर को लेकर भले ही



आंदोलन सैकड़ों वर्षों से चल रहा हो,लेकिन उसे गति विवादित ढांचे का ताला खुलवाने के बाद ही मिली। राजीव गांधी के निर्देश पर नवंबर 1989 में तब के विवादित ढांचे का ताला खोला गया था और नौ नवंबर को प्रतीकात्मक शिलान्यास हुआ था। उन दिनों शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने वाली संसदीय कार्रवाई के बाद राजीव सरकार अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के आरोपों का सामना कर रही थी। उसके ही अपने कद्दावर मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था, जिससे अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के आरोपों को बल ही मिला था। कुछ वक्त बाद चूंकि आम चुनाव होने थे, लिहाजा आरोपों को थामने और हिंदुवादी वोटरों का साथ पाने के लिए राजीव सरकार ने शिलान्यास का फैसला लिया। कांग्रेस का वह दांव उलटा रहा। ना उसे माया मिली और न राम। मुस्लिम वोटर लगातार समाजवादी खेमे की ओर झुकते चले गए और सवर्ण हिंदू वोट बैंक भी उससे दूर होता ही गया था।
राममंदिर के प्रतिष्ठा समारोह का बुलावा कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यकवाद की राजनीति को उत्तर भारतीय वोटरों के बीच जवाब देने का मौका हो सकता था। कांग्रेस समारोह में शामिल होकर यह कह सकती थी कि राम सबके हैं। किसी एक दल विशेष के नहीं। उसके इस कदम से उलटे भाजपा की सांसत बढ़ सकती थी। भाजपा के पास यह भी कहने को मौका होता कि जिस कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था, उसे भी राम की शरण में आना पड़ा है। वैसे राजनीति में ऐसी बातें होती रहती हैं। असल खेल वोटरों के सामने अपनी अहमियत साबित करना होता है। कांग्रेस चाहती तो वह इस मौके का इस नजरिए से इस्तेमाल कर सकती थी।
कांग्रेस ने राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में न जाने का फैसला करके एक तरह से धारा के खिलाफ जाने का काम किया है। धारा के विरोध में कुशल तैराक ही तैर पाता है पर अभी कांग्रेस की जैसी हालत है, उसे कुशल तैराक नहीं माना जा सकता। उसकी तैराकी की ज्यादातर कोशिशें नाकाम हो रही हैं। इसलिए धारा के खिलाफ इस बार का उसके तैरने को समझदारी नहीं मानी जा सकती। बीते पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ तेलंगाना में ही जीत मिली। इस चुनावी प्रदर्शन के बाद जिस तरह का नैरेटिव पार्टी ने पेश किया, उससे ऐसा लगता है कि उसे उत्तर भारत से ज्यादा उम्मीद नहीं है। तेलंगाना विंध्य पर्वतमाला से दक्षिणी इलाके में पड़ता है। कुछ महीने पहले विंध्य के ही दक्षिण में स्थित कर्नाटक में कांग्रेस को जीत मिली थी। तेलंगाना की जीत के बाद कांग्रेस ने विचार दिया कि उत्तर भारत के वोटर जहां सांप्रदायिकता के आधार पर वोटिंग करते हैं, वहीं दक्षिण के वोटर मुद्दों पर मतदान करते हैं। दक्षिण के दोनों राज्यों में अपनी जीत को कांग्रेस गैर सांप्रदायिक मुद्दों की जीत मानती है। शायद यही वजह है कि कांग्रेस ने राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार करके एक तरह से दक्षिण के किले को मजबूत करने की कोशिश में है। कांग्रेस शायद मान चुकी है कि जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के बरक्स समाजवादी राजनीति खड़ी है, वहां उसका थोड़ा-बहुत अस्तित्व बचा भी रहेगा, तो उसकी वजह स्थानीय दल ही रहेंगे। कांग्रेस व समाजवादी धड़े के दलों का मत आधार कम से कम उत्तर भारत में एक ही है। इनमें मुस्लिम वोटर अहम भूमिका में हैं। कांग्रेस इन वोटरों को ना खुद खोना चाहती है और न ही इंडी गठबंधन में उसके साथ शामिल दूसरे दलों को भी सांसत में डालना चाहती है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का आमंत्रण अखिलेश यादव भी ठुकरा चुके हैं। वैसे भी उन्हें अपने वोटबैंक को लेकर कोई कशमकश नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

स्मृति शेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# मां पर कविताओं ने मुनव्वर को बनाया 'चितेरा' शायर


उर्दू साहित्य का विशाल वटवृक्ष रविवार की सर्द शाम को नवाबों के शहर लखनऊ में ढह गया। 26 नवंबर 1952 को उत्तर प्रदेश के जिले रायबरेली में जन्मे मशहूर शायर जनाब 'मुनव्वर राणा' ने एक अस्पताल में अंतिम सांस लेकर नश्वर दुनिया को अलविदा कह दिया। खुदा ने उनके निधन की वजह दिल के दौरे के रूप में मुकर्रर की, जबकि थे कैंसर से पीड़ित। उनके न रहने की खबर सोमवार तड़के पूरे संसार में आग की तरह फैली, जिसने भी सुनी वह स्तब्ध रह गया। बड़ी-बड़ी हस्तियों ने दुख जताया। मुनव्वर के निधन से न सिर्फ उर्दू-साहित्य को नुकसान होगा, बल्कि अवधि-हिंदी भाषा को भी गहरा धक्का लगेगा। विश्व पटल पर उन्हें अवधि का खूब प्रचार-प्रसार किया। उर्दू शायरी में नया प्रयोग करके उन्होंने देशी भाषाओं को अपनी जुबान बनाई थी।
मुनव्वर राणा की कही प्रत्येक शायरी-कविता में ऐसी तल्खियां होती थीं, जो सियासतदानां को हमेशा नागवार गुजरी। उनकी प्रस्तुति में झलकता अलहदापन सुनने वालों को अपनी ओर खींचता था। मुनव्वर राना का जन्म बेशक उत्तर प्रदेश में हुआ, लेकिन ज्यादा वक्त उन्होंने कोलकाता में ही बिताया। वहां उनके वालिद का छोटा-मोटा कारोबार था। पारिवारिक सदस्य उन्हें 'मोटू' कहते थे, क्योंकि वह शुरू से ही शारीरिक रूप से हट्टे-कट्टे थे।



पहलवानी का भी शौक था जिसका हुनर उन्होंने मदरसे में तालीम लेने के दौरान टीचर को पटक कर दिखाया था। गलती पर टीचर ने डांटा तो उन्हें चित कर दिया, उसके बाद राणा को उनके वालिद ने खूब पीटा, तभी से उन्होंने पहलवानी का शौक त्याग दिया। राणा का इंतजार 'पहलवानी का अखाड़ा' नहीं, बल्कि 'साहित्य जगत' कर रहा था। कविताओं ने ही उनको 'मोटू' से 'मुनव्वर राणा' स्थापित किया। ये नाम उर्दू-साहित्य में सदैव अदब-सम्मान से लिया जाता रहेगा। साहित्य के अलावा अन्य सामाजिक मसलों पर उनकी बेबाक टिप्पणियां भी जगजाहिर रहीं। शायरी में शोहरत प्राप्ति कि जहां तक बात है, तो मुनव्वर को सबसे ज्यादा प्रसिद्धि 'मां' के स्नेह और रिश्तों पर उकेरी कविताओं से ही मिली। मां की ममता को दर्शाने वाली कविता की एक लाइन हमेशा सभी के दिलों में जिंदा रहेंगी।.... 'किसी को घर मिला हिस्से में या कोई दुकां आई, मैं घर में सबसे छोटा था मेरे हिस्से में माँ आई...। इन लाइनों में भावुकता और मार्मिकता का ऐसा संगम समाहित है जिसे सुनकर रूहें कांप उठती हैं। एक वक्त था जब शायरी के लिए सजने वाली कोई ऐसी महफिल नहीं होती थी जिसे वह अपनी शायरी से न लूटते हों? जहां उनकी मौजूदगी होती थी, तो वहां दूसरे शायर जाने से भी कतराते थे। महफिलों के अनगिनत किस्से हैं जो उनसे जुड़े हुए हैं।
हैदराबाद के एक मुशायरे में अपने कलामों के बारे में एक दफे कहा था कि 'वह गजल को कोठे से उठाकर माँ तक ले आए हैं'। वह एक ऐसा संदेश था जिसने सीधे राजनीति पर प्रहार किया था। वहीं, दुबई के एक मुशायरे में जब उन्होंने एक मां पर लिखी शायरी की एक लाइन पढ़ी, तो वहां बैठे दूतावास के एक बड़े अधिकारी बिलख-बिलख कर रोने लगे। उन्होंने तुरंत अपनी मां को फोन लगाया, और मांफी मांगी। बाद में पता चला उस अधिकारी की मां से कुछ दिनों से अनबन चल रही थी। उनकी शायरी में ऐसी ही ताकत थी कि बिछड़ों को भी एक करने का मादा रखती हैं। राणा बेबाक राजनीतिक बयानबाजी को लेकर बीते कुछ वर्षों से ज्यादा चर्चाओं में थे। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के दोबारा जीतने पर लखनऊ से पलायन करने की भी बात कह दी थी। उन्हें वर्ष 2014 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया था जिसे बाद में उन्होंने लौटा दिया था। तब से वह कुछ ज्यादा ही सियासतदानों के निशाने पर आ गए। दरअसल, उनकी चुभने वाली बेबाक बयानबाजियां ही उन्हें हमेशा परेशान करती रहीं। गले के कैंसर से पीड़ित 71 वर्षीय इस शायर का विवादों से कभी नाता छूटा ही नहीं? हालांकि उनके विवाद इसलिए कमतर आंके जाते हैं क्योंकि उन्होंने उर्दू साहित्य विधा पर जो अमिट छाप छोड़ी, वह अकल्पनीय है। उनके योगदान को पीढ़ियां याद रखेंगी। उनके जाने से उर्दू-साहित्य को निःसंदेह बड़ी क्षति हुई है। मुनव्वर उर्दू के बड़े शायर होते हुए भी अपने शेरों में अवधी और हिंदी जमकर प्रयोग करते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। - **श्रीश्री रविशंकर**

## गुरु अपने ज्ञान से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकता है



संकलित
प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में किताना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी**

11 जनवरी से 17 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के प्रति जागरूक करने के लिए वर्ष 1989 से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात के नियमों के पालन करने के लिए जागरूक करना है। इस वर्ष के राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम है, 'सड़क सुरक्षा नायक बनें'। अर्थात हमें खुद तो सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक होना चाहिए ही, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करना भी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। - **परेश सिंहा, दुर्ग**

## ट्रेंड

### अच्छी बातचीत



रूसी राष्ट्रपति पुतिन से अच्छी बातचीत हुई। हमने अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में विभिन्न सकारात्मक विकासों पर चर्चा की और भविष्य की पहल के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर सहमति व्यक्त की।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मेरा फेक वीडियो



मेरा वीडियो नकली है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। टेक्नोलॉजी का इस प्रकार का दुरुपयोग बिल्कुल गलत है। आप सब से विनती है के ऐसे वीडियो या एप या विज्ञापन आपको अगर नजर आए तो उन्हें तुरंत रिपोर्ट करें।
-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### राजनीतिक लाभ



राम लला के मंदिर निर्माण की मांग 1984 तक न आरएसएस, न जनसंघ और न ही भाजपा ने सोची। जब भाजपा ने 1984 के लोकसभा चुनाव में 2 सीटें जीती तब उन्होंने बाबरी मस्जिद राम मंदिर का लाभ राजनीतिक लाभ के लिए उठाया।
-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### प्रतीक्षित सौभाग्य



दस दिन से निरंतर यात्रा में हूं। हर्षित हूं कि अयोध्या में शताब्दियों से प्रतीक्षित सौभाग्य पल का सम्पूर्ण विश्व साक्षी होगा। इक्कीस जनवरी को अयोध्या जी में ही अपने अपने राम से मेरे राघवेंद्र के गुण स्तवन का सौभाग्य भी मुझ अकिंचन को प्राप्त होगा।
-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया का हाइपरसोनिक मिसाइल परीक्षण का दावा

उत्तर कोरिया ने सोमवार को दावा किया कि उसने ठोस ईंधन चालित मध्यम दूरी की एक नयी हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है जो क्षेत्र में अमेरिका के दूरस्थ ठिकानों पर हमला कर सकती है।




उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया में यह खबर तब आयी है जब एक दिन पहले दक्षिण कोरिया और जापान की सेना ने उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के समीप एक स्थान से मिसाइल दागे जाने का दावा किया था। इससे दो महीने पहले उत्तर कोरिया ने कहा था कि उसने ठोस ईंधन चालित मध्यम दूरी की नयी मिसाइल के इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जो गुआम और जापान में अमेरिकी सेना के ठिकानों को निशाना बनाने वाले हथियारों को विकसित करने के उसके कदमों को दिखाता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने कहा कि रविवार को किए परीक्षण का उद्देश्य मिसाइल के ठोस ईंधन चालित इंजनों की विश्वसनीयता और हाइपरसोनिक विस्फोटक की गतिशील उड़ान क्षमताओं की पुष्टि करना था। उसने परीक्षण को सफल बताया। केसीएनए ने यह नहीं बताया कि क्या उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन परीक्षण स्थल पर मौजूद थे।

## ऑफ बीट

# होता कुछ है, देखते कुछ हैं भ्रम में

कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर



और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## सात दिन चलेगा प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान

**16** जनवरी प्रायश्चित,दशविध स्नान,विष्णु पूजन,गोदान

**17** जनवरी शोभा यात्रा,सरयू का जल मंदिर पहुंचेगा

**18** जनवरी गणेश अंबिका पूजन,वास्तु पूजन

**19** जनवरी अग्नि और नवग्रह स्थापना,हवन

**20** जनवरी गर्भगृह को सरयू के जल से धोना

**21** जनवरी 125 कलश से मूर्ति का दिव्य स्नान

## चयनित मूर्ति की 9 विशेषताएं

- श्याम शिला की आयु हजारों साल होती है, यह जल रोधी होती है।
- चंदन, रोली आदि लगाने से मूर्ति की चमक प्रभावित नहीं होगी।
- पैर की अंगुली से ललाट तक रामलला की मूर्ति की कुल ऊंचाई 51 इंच है।
- चयनित मूर्ति का वजन करीब 150 से 200 किलो है।
- मूर्ति के ऊपर मुकुट व आभामंडल होगा।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर आज से शुरू होगी पूजन विधि



**150 से 200**
किलोग्राम है प्रतिमा का वजन

**अरुण मूर्तियां बना चुके हैं**

- केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा
- मैसूर में स्वामी रामकृष्ण परमहंस की प्रतिमा
- मैसूर के राजा की 14.5 फीट ऊंची सफेद अमृत शिला प्रतिमा
- मैसूर के चुंचनकट्टे में हनुमान जी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा
- संविधान निर्माता डॉ.बीआर आंबेडकर की 15 फीट ऊंची प्रतिमा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि समारोह को लेकर पूजन विधि आज से प्रांरभ हो होगी। राय ने कहा कि पूजन 21 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने कहा, ''रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होकर 1 बजे तक पूरी हो जाएगी. इसको लेकर प्लानिंग की जा रही है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आगे कहा कि राम भगवान की प्रतिमा 150 से 200 किलोग्राम की है।


चंपत राय

### प्राण-प्रतिष्ठा से पहले देश में होगा एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश में अर्थव्यवस्था को पंख लग गए हैं। श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश में एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। अकेले दिल्ली में ही 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार होने की संभावना है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने दावा किया है कि 22 जनवरी से पहले देश भर में व्यापारी एवं दूसरे सामाजिक संगठनों द्वारा लगभग 30 हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**देश में व्यापार में भारी वृद्धि होने का अनुमान**

खंडेलवाल के मुताबिक अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते देशभर में व्यापार में भारी वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इससे पहले कैट ने 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार का अनुमान लगाया था, लेकिन जिस प्रकार से दिल्ली सहित देशभर के लोगों में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जबरदस्त उत्साह है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि देश में एक लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। इस निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए कैट ने देश के 30 शहरों से प्राप्त फीडबैक को आधार बनाया है। कैट ने पूर्व अनुमान को संशोधित करते हुए कहा, मंदिर के इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश की अर्थव्यवस्था में उछाल का आंकड़ा, एक लाख करोड़ रुपए के व्यापार को पार करेगा।



### ये हस्तियां होंगी शामिल

दरअसल, 22 जनवरी को रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह है। इसमें विभिन्न क्षेत्र से आने वाली हस्तियां भी शामिल होंगी। चंपत राय ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चीफ मोहन भागवत अपने मनोभाव प्रकट करेंगे।

### अरुण योगीराज ने बनाई प्रतिमा

चंपत राय ने बताया कि मैसूरु के अरुण योगीराज की बनाई गई रामलला की नई प्रतिमा को राम मंदिर में स्थापित करने के लिए चुना गया है। रामलला की वर्तमान प्रतिमा भी नए राम मंदिर में रखी जाएगी। 23 जनवरी से राम मंदिर में भगवान राम के दर्शन कर सकेंगे।

### पुरानी मूर्ति का क्या होगा?

चंपत राय ने बताया कि पुरानी मूर्ति मंदिर परिसर में ही रहेगी। दरअसल, इसको लेकर सवाल पूछा जा रहा था कि इतने दिनों तक जिस मूर्ति का पूजा किया जा रहा था उसका क्या होगा? क्यों नहीं उसी मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया जाए।



## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री पीएमएलए के तहत गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ईडी ने वन विभाग में हुई कई अनियमितताओं के मामले में मनी लॉंड्रिंग के केस में पंजाब के पूर्व मंत्री संधू सिंह धर्मसोत को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर आरोप है कि रिश्वत लेकर तमाम अनियमितताओं को बरतते हुए उन्होंने पेड़ काटने के लिए एनओसी दी थी। ईडी ने 30 नवंबर 2023 को 15 जगहों पर छापेमारी की थी।

### मुस्लिम छात्रा ने गाया पहाड़ी भाषा में भजन



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर की मुस्लिम छात्रा सैयद बतूल जहरा ने हाल ही में राम भजन को अपनी मातृभाषा पहाड़ी में गाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। यूजर्स छात्रा की खूब तारीफ कर रहे हैं। छात्रा बतूल उत्तरी कश्मीर के उड़ी क्षेत्र की रहने वाली हैं और कॉलेज में प्रथम वर्ष में पढ़ती हैं। सर्जिकल स्ट्राइक वाला1 उड़ी राम भजन के लिए जाना जाने लगा है।

### साध्वी ने माई के दर्शन किए, स्कूल में लगाई झाड़ू



**दतिया।** केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सोमवार सुबह पीतांबरा माई के दर्शन किए। अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मां तो सब जानती है, लेकिन मनुष्य होने के नाते जो हमारा कर्तव्य है वह हमने पूरा किया है। केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सरस्वती स्कूल पहुंचकर झाड़ू लगाई।

### फ्लाइट्स में देरी, मिलेगी वॉट्सएप पर जानकारी



**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने एयरलाइन्स के लिए बेहतर कम्यूनिकेशन और यात्रियों की सुविधा के लिए एसओपी जारी की। यात्रियों की फ्लाइट में देरी क्यों हो रही है, इसका कारण भी बताना होगा। डीजीसीए ने इसके लिए सीएआर जारी किया है। फ्लाइट्स की देरी के संबंध में यात्रियों को वॉट्सएप के जरिए भी जानकारी दी जाएगी।

### अपने जन्मदिन पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने किया महत्वपूर्ण ऐलान

# गठबंधन से इनकार, मायावती का प्रहार, अब अकेला लड़ेगा 'हाथी'

बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने का ऐलान किया है। पिछले चुनाव में बसपा ने महागठबंधन में लड़ते हुए 10 सीटों पर जीत हासिल की थी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण को लेकर पार्टियों में हलचल तेज हो गई है। सभी दल अपने-अपने कोर वोटर्स के साथ ही दूसरे दलों के वोटर्स को भी लुभाने के लिए रणनीति बना रहे हैं। इसी बीच बसपा सुप्रीमो मायावती के अकेले चुनावी मैदान में उतरने के ऐलान से देश की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। दलित मतदाताओं को बसपा का वोट बैंक माना जाता है। हर चुनाव में सभी पार्टियों की कोशिश इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रहती है। यही वजह है इंडिया गठबंधन के कई नेता ये चाह रहे हैं कि मायावती विपक्ष के महागठबंधन में शामिल हो जाएं।

आपको बताते हैं कि दलित वोट आखिर क्यों जरूरी है और पिछले कुछ चुनावों में दलित वोट का क्या असर रहा है। आंकड़ों के अनुसार, यूपी में बसपा के जनाधार की बात करें तो पार्टी को 2014 के लोकसभा चुनाव में कोई सीट नहीं मिली थी और कुल 19.77 प्रतिशत वोट मिला था। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 19 सीटों पर जीत हासिल की और 22.23 प्रतिशत वोट हासिल किया।

**उत्तर प्रदेश में दलित वोट बैंक बना है बसपा की ताकत**

दलित वोट के आंकड़ों के संकेतों के निकल रहे मायने

पिछले लोकसभा चुनाव में 10 सीटों पर जीती थी



### पिछले चुनाव में बसपा का ऐसा था प्रदर्शन

इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पिछली बार के मुकाबले शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 सीटों पर जीत का परचम लहराया था और पार्टी को 19.26 प्रतिशत वोट मिला था। वहीं 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में पार्टी को केवल एक सीट पर जीत मिल सकी थी जबकि 12.88 प्रतिशत वोट हासिल किया था।

### अकेले लड़ेंगी मायावती

मायावती ने सोमवार को कहा कि हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव अकेले ही लड़ेगी। हम किसी गठबंधन में नहीं जाएंगे। गठबंधन से वोट बंट जाता है। हमारी पार्टी का सर्वोच्च नेतृत्व एक दलित के हाथ में है। गठबंधन करने पर हमारा वोट तो उन्हें मिल जाता है मगर उनका वोट खासकर सवर्ण वोट हमें नहीं मिलता है। साथ ही उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव की तुलना गिरगिट से की।

### भाजपा और सपा ने क्या कहा?

बसपा सुप्रीमो के इस ऐलान पर भाजपा नेता और यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उनके इस फैसले से भाजपा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भाजपा यूपी में सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। वहीं सपा प्रवक्ता राजपाल कश्यप ने कहा कि कौन सी पार्टी किस गठबंधन के साथ जाती है यह उसका अपना निर्णय है। जहां तक मायावती के बोलने का सवाल है, यह देखना होगा कि वो बोल रही हैं या उनसे बुलवाया जा रहा है। अखिलेश यादव संस्कारी नेता हैं।

### दलित वोट कितना जरूरी है?

अब आते हैं उस सवाल पर कि आखिर दलित वोट कितना जरूरी है? इस सवाल का जवाब ढूंढने के लिए पिछले चार लोकसभा चुनाव के नतीजों पर नजर डालते हैं। 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 26 प्रतिशत, भाजपा को 13 प्रतिशत, बसपा को 22 प्रतिशत और अन्य को 39 प्रतिशत दलित वोट मिला था। जबकि 2009 के चुनाव में कांग्रेस को 27 प्रतिशत, भाजपा को 12 प्रतिशत, बीएसपी को 20 प्रतिशत और अन्य को 41 प्रतिशत दलित वोट मिला था। दोनों ही बार देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार रही। इसके बाद 2014 के चुनाव में कांग्रेस को 19 प्रतिशत, भाजपा को 24 प्रतिशत, बसपा को 14 प्रतिशत और अन्य को 43 प्रतिशत दलित वोट मिला था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 20 प्रतिशत, भाजपा को 34 प्रतिशत, बसपा को 11 प्रतिशत और अन्य को 35 प्रतिशत दलित वोट मिला था। 2014 और 2019 में देश में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की सरकार बनी। ऐसे में आप खुद ही अंदाजा लगा सकते हैं कि केंद्र की सत्ता पर काबिज होने के लिए दलित वोट कितना जरूरी है।

### 'असली शिवसेना' को लेकर विवाद

# उद्धव ठाकरे गुट ने खटखटाया उच्चतम न्यायालय का दरवाजा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को विभाजन के बाद असली शिवसेना घोषित करने के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती दी गई है। स्पीकर ने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था। 10 जनवरी को अयोग्यता याचिकाओं पर अपने फैसले में स्पीकर ने शिंदे खेमे के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया था।

### शिंदे की स्थिति हुई और मजबूत

स्पीकर के इस फैसले ने मुख्यमंत्री के रूप में शिंदे की स्थिति को और मजबूत कर दिया है। बता दें कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के सीएम बनने के 18 महीने बाद एकनाथ शिंदे ने ठाकरे के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन में शिंदे की राजनीतिक ताकत बढ़ गई, जिसमें भाजपा और एनसीपी (अजित पवार समूह) भी शामिल हैं। गौरतलब है कि कुछ महीने बाद आम चुनाव और 2024 की दूसरी छमाही में राज्य विधानसभा चुनाव होने हैं।

# पूर्व आईपीएस अधिकारी शील वर्धन सिंह यूपीएससी के सदस्य बने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व आईपीएस अधिकारी शील वर्धन सिंह 37 वर्षों तक विशिष्ट सेवा में रहे हैं। उन्होंने सोमवार को यूपीएससी के मुख्य भवन के सेंट्रल हॉल में यूपीएससी के सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. मनोज सोनी ने शपथ दिलाई। शील वर्धन सिंह एक अनुभवी खुफिया विशेषज्ञ हैं, जो रणनीतिक सोच, वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य और आंतरिक सुरक्षा में विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं। वह नवंबर 2021 से दिसंबर 2023 तक सीआईएसएफ के महानिदेशक रहें और उन्होंने महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने के लिए दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के सभी क्षेत्रों में काम किया है।



### समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत

# नगालैंड पहुंची राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय' यात्रा

एजेंसी ▶▶ इंफाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' सोमवार शाम नगालैंड पहुंच गई। राहुल गांधी अपनी पार्टी के सहयोगियों के साथ मणिपुर की सीमा से लगे कोहिमा जिले के खुजामा गांव पहुंचे। राहुल गांधी और उनकी टीम का खुजामा में लोगों ने स्वागत किया। वह रात्रि विश्राम गांव में ही करेंगे।

कांग्रेस की नगालैंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष ख्रीदी थेनुओ ने बताया कि राहुल गांधी नगा होहो सहित नगा आदिवासी संगठनों, नागरिक संस्थाओं और चर्च निकायों के साथ उनके मुद्दों और समस्याओं पर बंद कमरे में बैठकें करेंगे। यात्रा 18 जनवरी को असम में प्रवेश करेगी और इससे पहले नगालैंड के पांच जिलों कोहिमा, त्सेमिन्यु, वोखा, जुन्हेबोटो और मोकोकचुंग से गुजरेगी।



उन्होंने बताया कि मंगलवार को राहुल गांधी विश्वेमा गांव से नगालैंड में अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगे और कोहिमा पहुंचने पर वह द्वितीय विश्व युद्ध के कब्रिस्तान पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

### देशव्यापी 'दीवार लेखन' अभियान की हुई शुरुआत

नई दिल्ली के लोधीनगर से अभियान की शुरुआत

# नड्डा ने दीवार पर बनाया 'कमल का फूल',नारा दिया और अपील की कि 'एक बार फिर... मोदी सरकार'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दीवार लेखन अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान भाजपा प्रमुख ने देशवासियों से एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि आज से एक बार फिर मोदी सरकार के नारे के साथ हमारा देशव्यापी दीवार लेखन कार्यक्रम शुरू हो गया है, देश के लोगों से हमारी अपील है कि वे फिर से मोदी सरकार बनाएं, देश को आगे बढ़ाएं, देश में स्थिरता और स्थिर सरकार की जरूरत है। इसलिए इस 'दीवार लेखन' कार्यक्रम के माध्यम से हम भारत के लोगों से एक बार फिर मोदी सरकार की अपील करते हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा कि आज नई दिल्ली स्थित लोधीनगर से लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त 'दीवार लेखन कार्यक्रम' का शुभारंभ किया। 'एक बार फिर से मोदी सरकार' के स्लोगन के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता देशभर के हर बूथ पर स्वयं को जोड़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।




### सभी को कराएंगे मंदिर के दर्शन

इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बयान देते हुए कहा था कि भाजपा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत इस पूरे हफ्ते कई कार्यक्रम करेगी।उन्होंने मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के बाद, भाजपा ने फैसला किया है कि मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक हम (पार्टी नेता और कार्यकर्ता) कई मंदिरों और पवित्र परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे।

### समावेशी सरकार जरूरी

'सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-प्रयास, सबका-विश्वास' का हमारा ध्येय नया आयाम प्राप्त करेगा। देश की जनता से मेरी अपील है कि आगामी चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व विकास के हमारे संकल्प को साकार करने के साथ देश में स्थिर व समावेशी सरकार चुनें।

# रियल मैड्रिड बना स्पेनिश सुपर कप चैंपियन, विनीसियस की हैट्रिक


चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराया

एजेंसी ▶▶| रियाद

विनीसियस जूनियर की हैट्रिक की मदद से रियल मैड्रिड ने सऊदी अरब में खेले गए मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना को 4-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। विनीसियस ने रविवार रात को खेले गए मैच में अपने तीनों गोल पहले हाफ में किए जिससे रियल मैड्रिड सत्र की अपनी पहली ट्रॉफी हासिल करने में सफल रहा। रियल मैड्रिड ने सुपर कप में 13वां खिताब जीता। बार्सिलोना ने 14 बार यह ट्रॉफी जीती है। विनीसियस ने पहला गोल करने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह जश्न मनाया। रोनाल्डो अभी सऊदी अरब की लीग में खेलते हैं। विनीसियस ने मैच के बाद कहा, 'यह क्रिस्टियानो रोनाल्डो के लिए था, क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं और अभी यहां खेल रहे हैं। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। बार्सिलोना के खिलाफ खेलना और 4-1 से जीत दर्ज करना आसान नहीं होता है। हमने शानदार खेल दिखाया।' रियल मैड्रिड की तरफ से रोड्रिगो ने भी गोल किया जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल रॉबर्ट लेवांडोस्की ने पहले हाफ में किया।

## टोटेनहैम ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका



**मैनचेस्टर।** टोटेनहैम ने दो बार पिछड़ने के बाद वापसी करके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैनचेस्टर यूनाइटेड का 25 प्रतिशत हिस्सा खरीदने के बाद यह पहला अवसर था जबकि ब्रिटेन के अरबपति जिम रेटक्लिफ मैच के दौरान उपस्थित थे। रासमस होजलुंड ने तीसरे मिनट में ही गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बढ़त दिला दी। रिचार्लीसन ने 19वें मिनट में टोटेनहैम की तरफ से बराबरी का गोल किया। मार्कस रैशफोर्ड ने 40वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड को फिर से बढ़त दिला दी। रोड्रिगो बेंटनकुर ने हालांकि दूसरे हाफ के 49वें सेकंड में गोल करके टोटेनहैम को फिर से बराबरी पर ला दिया।

## जापान और ईरान की एशिया कप में बड़ी जीत



**अल रेयान।** खिताब के प्रबल दावेदार जापान और ईरान ने अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए एशिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता में आसान जीत दर्ज की। रिकॉर्ड चार बार के चैंपियन जापान ने ग्रुप डी में शानदार वापसी करके वियतनाम को 4-2 से हराया जबकि ईरान ने ग्रुप सी में फिलीस्तीन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। जापान पिछले दो बार से यह टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है लेकिन इस बार उसे ट्रॉफी हासिल करने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। एक अन्य मैच में हांगकांग के फिलिप चान सिउ क्वान ने एशियाई कप के इतिहास में 1,000वां गोल किया, लेकिन उनकी टीम को संयुक्त अरब अमीरात से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### विविध शॉट खेलना ईश्वर का उपहार

**इंदौर।** लंबे छक्के जड़ने में माहिर भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने सोमवार को कहा कि स्पिनरों के खिलाफ कई तरह के शॉट खेलना उनके लिए ईश्वर का उपहार है। दुबे ने जिओ सिनेमा से कहा, 'मुझे खुशी है कि मेरे खेल में निरंतर सुधार हो रहा है। मैं जितने तरह के शॉट खेल लेता हूं वह मेरे लिए ईश्वर का उपहार है और मैंने भी इन पर काफी काम किया है। मैंने अपने खेल के कई क्षेत्र में सुधार किया है और मैं अच्छे रन भी बना रहा हूं।'

### लाभ नहीं लेना चाह रहा था मानवजीत

**नई दिल्ली।** कुवैत में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में ट्रैप निशानेबाज मानवजीत सिंह को 'दोषपूर्ण' बंदूक के कारण अयोग्य ठहराए जाने को 'अन्यायपूर्ण' करार देने वाले भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने अपीली जूरी को बताया है कि यह निशानेबाज किसी तरह का अनुचित लाभ नहीं लेना चाहता था। शॉटगन कोच विक्रम चोपड़ा ने टूर्नामेंट की अपीली जूरी को पत्र लिखा है। चोपड़ा ने लिखा है कि पूर्व विश्व चैंपियन मानवजीत ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के नियमों का उल्लंघन नहीं किया है जैसा कि आयोजकों ने भारतीय खिलाड़ी को अयोग्य घोषित करते हुए कहा था।



### वर्ल्ड नंबर-1 एक्सेलसेन इंडिया ओपन से हटे

**नई दिल्ली।** डेनमार्क के विश्व में नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन अस्वस्थ होने के कारण मंगलवार से यहां शुरू होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से हट गए हैं। एक्सेलसेन मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दौरान बीमार पड़ गए थे। वह इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चीन के वाईक्यू शी से हार गए थे। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा, 'शनिवार को मैच के बाद मैं बीमार पड़ गया और अभी मलेशिया में उपचार कर रहा हूं। मुझे अतिरिक्त जांच करवाने के लिए कहा गया है।'



### डब्लूएफआई की बैठक आज, फैसले पर अटल

**नई दिल्ली।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ मंगलवार को यहां अपनी कार्यकारी समिति की बैठक करेगा और खेल मंत्रालय की चेतावनी के बावजूद राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के अपने फैसले से पीछे नहीं हटेगा। कार्यकारी समिति की बैठक के लिए नोटिस 31 दिसंबर को जारी किया गया था।

## टेनिस : सातवीं वरीय और विंबलडन चैंपियन वोंद्रोसोवा बाहर

# गॉफ और मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में किया प्रवेश

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

अमेरिका की कोको गॉफ और रूस के दानिल मेदवेदेव ने सोमवार को यहां आसानी के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने वाली 19 वर्षीय गॉफ ने अन्ना करोलिना श्मीडलोवा को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त और विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को हालांकि पहले दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 6-1, 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव ने अपने प्रतिद्वंदी टेरेंस एटमाने के मैच के बीच से हट जाने के कारण दूसरे दौर में जगह बनाई। जब 22 वर्षीय एटमाने ने हटने का फैसला किया तब मेदवेदेव 5-7, 6-2, 6-4, 1-0 से आगे चल रहे थे।



### वावरिंका हारकर बाहर



पिछले साल फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने वाले स्टेफानोस सिटसिपास ने ज़िज़ौ बर्ग्स को 5-7, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 2014 के विजेता और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टैन वावरिंका पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें एड्रियन मन्नारिनो ने 6-4, 3-6, 5-7, 6-3, 6-0 से हराया। पिछले साल क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्टन ने रॉबर्टो बॉतिस्टा आगुट को 6-2, 7-6 (2), 7-5 से जबकि अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी और 25वीं वरीयता प्राप्त सेबेस्तियन कोर्डा ने विट कोप्रिवा को 6-1, 6-4, 2-6, 4-6, 6-2 से हराया।

## योगेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में जीते दो स्वर्ण



एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय निशानेबाजों का एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन जारी है और योगेश सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में सोमवार को व्यक्तिगत और टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। योगेश ने 573 के स्कोर के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। ओमान के मुराद अल बालुशी (570) दूसरे और इंडोनेशिया के अनंग यूलियांतो (567) तीसरे स्थान पर रहे। भारत के पंकज यादव (567) और अक्षय जैन (564) क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। भारतीय तिकड़ी ने 1704 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता।

कुवैत में शॉटगन क्वालीफायर में लक्ष्य ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 33 निशाने लगाकर कांस्य पदक जीता। वह क्वालीफिकेशन दौर के बाद 119 अंक के साथ चौथे स्थान पर थे। ईरान के मोहम्मद बेरानवांद ने 40 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शूट ऑफ में चीन के युहाओ गुओ को पछाड़ा। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता । चीन को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य मिला।

### ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान पर रही श्रेयसी

*महिला शॉटगन क्वालीफायर में राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता श्रेयसी सिंह को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा। वह पांच दौर में 115 अंक लेकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन फाइनल में 19 अंक ही बना सकी। ताइपै की वान यू लियू (44) को स्वर्ण और चीन की शिंकियू झांग (39) को रजत पदक मिला । कजाखस्तान की मारिया दमित्रियेंको (30) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की श्रेयसी, मनीषा कीर और भव्या त्रिपाठी ने टीम वर्ग में कुल 328 स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य मिला।*

## प्रखर ने बनाए 'रिकॉर्ड 404* रन', कर्नाटक बना कूच बिहार चैंपियन

638 गेंद खेले
46 चौके ठोके
03 छक्के जड़े

25 साल पुराना युवराज सिंह (358 रन) का रिकॉर्ड टूटा




एजेंसी ▶▶| शिवमोगा

कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी ने सोमवार को यहां मुंबई के खिलाफ 638 गेंद में नाबाद 404 रन की पारी खेलकर युवराज सिंह का अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी फाइनल में सर्वोच्च स्कोर का 25 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

भारत के पूर्व स्टार बल्लेबाज युवराज ने 1999 में बिहार के खिलाफ फाइनल में पंजाब के लिए 358 रन की पारी खेली थी। प्रखर की पारी की बदौलत मैच ड्रॉ रहा और कर्नाटक ने पहली पारी में 510 रन की बढ़त के आधार पर ट्रॉफी अपने नाम की। भारत के इस शीर्ष अंडर-19 टूर्नामेंट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड विजय जोल के नाम है जिन्होंने 2011-12 में असम के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए नाबाद 451 रन की पारी खेली थी। प्रखर ने अपनी पारी में 46 चौके और तीन छक्के मारे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुंबई के खिलाफ नाबाद 404 रन की पारी खेलकर कर्नाटक के प्रखर चतुर्वेदी कूच बिहार ट्रॉफी के फाइनल में 400 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।'

### कर्नाटक ने जीती ट्रॉफी

*प्रखर की मैराथन पारी से कर्नाटक ने मुंबई के 380 रन के जवाब में आठ विकेट पर 890 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 510 रन की बढ़त हासिल की। मैच ड्रॉ रहा। कर्नाटक के लिए हर्षील दमानी ने भी 179 रन की पारी खेली। प्रखर के 400 रन के आंकड़े को पार करने के बाद दोनों कप्तान मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए। पहली पारी में बढ़त लेने के कारण कर्नाटक इस सीजन में कूच बिहार ट्रॉफी का चैंपियन घोषित किया गया।*

## जीत से सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा भारत

**रांची।** भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां इटली की कम रैंकिंग वाली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

## मुलानी ने चटकाए 10 विकेट मुंबई की लगातार दूसरी जीत

ग्रुप बी मैच में आंध्र को 10 विकेट से हराया

*__मुंबई।__ बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने मैच में 10 विकेट चटकाए जिससे मुंबई ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में आंध्र को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत दर्ज की। फॉलोआन खेल रही आंध्र की टीम शेक रशीद (66) और हनुमा विहारी (46) की उपयोगी पारियों के बावजूद मुलानी (96 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने दूसरी पारी में 73.4 ओवर में 244 रन पर सिमट गई। मुंबई को 34 रन का लक्ष्य मिला।*



## बीसीसीआई ने चयनकर्ता पद के लिए मंगाए आवेदन

*__नई दिल्ली।__ भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने पांच सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं में से किसी एक को बदलने के लिए सोमवार को आवेदन मंगाए। पूरी संभावना है कि नया चयनकर्ता पूर्व तेज गेंदबाज सलिल अंकोला की जगह लेगा। क्योंकि पश्चिम क्षेत्र से चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के रूप में पहले ही एक प्रतिनिधि है। बीसीसीआई ने अपनी वेबसाइट पर विज्ञापन दिया है जिसमें चयनकर्ता के लिए वही योग्यता मांगी गई है जो 2 साल पहले मांगी गई थी। आवेदन करने वाले खिलाड़ी ने कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। अगर उम्मीदवार ने 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच भी खेले हों तो वह भी आवेदन कर सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी है।*

## सात्विक और चिराग की जोड़ी पर भारत की निगाहें

# इंडिया ओपन में पदक जीतने उतरेंगे खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चमक बिखेरने की कोशिश करेंगे। सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर टिकी रहेंगी।

सात्विक और चिराग ने 2023 में छह खिताब जीते थे जबकि हाल में वह मलेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट में उपविजेता रहे थे। इससे उनसे अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ का यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट पिछले साल सुपर 750 वर्ग में रखा गया था लेकिन तब भारतीय खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था और कोई भी दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाया था। इससे पहले 2022 में सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल जबकि लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल का खिताब जीता था।



भारतीय खिलाड़ी अब पिछले साल के लचर प्रदर्शन को भूल कर उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के फाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार गए थे लेकिन वह घरेलू धरती पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले साल सात्विक के चोटिल होने के कारण भारतीय जोड़ी को दूसरे दौर के मैच से पहले हटना पड़ा था, लेकिन इस बार वे पूरी तरह से फिट हैं। पहले दौर में उनका मुकाबला दुनिया के 25वें नंबर के फैंग जेन ली और फैंग चिह ली से होगा।

### पुरुष एकल से पदक की उम्मीद

पुरुष एकल में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत पर निगाहें टिकी रहेंगी विशेषकर तब जबकि ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु घुटने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही हैं। मलेशिया में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रणय और लक्ष्य को जल्द लय हासिल करनी होगी जबकि पिछले सप्ताह पहले दौर में जोनाथन क्रिस्टी को हराने वाले श्रीकांत उस जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। प्रणय और लक्ष्य मलेशिया ओपन के पहले दौर में हार गए थे। इंडिया ओपन में वह क्रमशः चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन और प्रियांशु राजावत के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

विश्व आर्थिक मंच की 54वीं वार्षिक बैठक स्विट्जरलैंड के दावोस में

# नीति-निर्धारण, वैश्विक साझेदारी सहित कई समस्याओं पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच की 54वीं वार्षिक बैठक 15 जनवरी से स्विट्जरलैंड के दावोस में शुरू हो गई। यह बैठक 19 जनवरी तक चलेगी। दुनिया के तमाम हिस्सों में मची जियोपॉलिटिकल उथल-पुथल की पृष्ठभूमि में हो रही बैठक का विषय विश्वास का पुर्ननिर्माण (रिबिल्डिंग ट्रस्ट) रखा गया है। डब्ल्यूईएफ की इस सालाना बैठक में 2,800 से ज्यादा लोग शामिल हो रहे हैं, जिनमें 60 देशों की सरकारों के प्रमुख भी शामिल हैं। इसके अलावा 40 देशों के वित्त मंत्री, 16 सेंट्रल बैंक गवर्नर और 30 ट्रेड मिनिस्टर भी डब्ल्यूईएफ मीटिंग में दावोस पहुंच रहे हैं।



### वैश्विक नेता पहुंचे दावोस

*फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन, चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग, दक्षिण कोरिया के प्रेसिडेंट हैन डक-सू, स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज, स्विस प्रेसिडेंट वियोला अमहर्ड, बेल्जियम के पीएम अलेक्जेंडर डि क्रू, इराक के राष्ट्रपति मोहम्मद शया अल सूडानी, नीदरलैंड के पीएम मार्क रुट्टे, कतर के पीएम मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी, सिंगापुर के राष्ट्रपति थारमन शंमुगारत्नम, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे बैठक में शामिल हो रहे हैं।*




### विश्व में हो रहे युद्ध संघर्ष पर भी चर्चा

*बैठक में नई प्रौद्योगिकी और उसके प्रभाव से पैदा हुए अवसरों का पता लगाना तथा नीति-निर्धारण और वैश्विक साझेदारी के मुद्दों पर चर्चा होगी। जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के खतरे, आर्थिक सहयोग, भू-राजनीतिक विभाजन, उर्जा सुरक्षा और विश्व के सामने खड़ी अन्य समस्याओं पर भी विचार-विमर्श होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध जैसे संघर्ष भी बैठक की कार्यसूची में शामिल हैं।*

### 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर रहने का अनुमान



डब्ल्यूईएफ में मुख्य अर्थशास्त्रियों के एक सर्वेक्षण में बताया गया है कि 2024 में वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर हो सकती है। इस वर्ष विभिन्न देशों के बीच आर्थिक मोर्चे पर मतभेद बढ़ने का भी खतरा है। डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी ने रिपोर्ट के बारे में कहा कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक परिदृश्य कमजोर बना हुआ है। वैश्विक अर्थव्यवस्था तंग वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक दरार और एआई में तेजी से प्रगति से जूझ रही है।

### भारत की ओर से तीन केंद्रीय मंत्री बैठक में शामिल

पांच दिन की इस बैठक में भारत का आधिकारिक प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अश्विनी वैष्णव और हरदीप सिंह पुरी कर रहे हैं। भारतीय प्रतिनिधि मंडल में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया तथा सौ से अधिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी शामिल हो रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास तथा यूपी, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री भी बैठक में भाग ले रहे हैं। दावोस में गौतम अदाणी, संजीव बजाज, कुमार मंगलम बिड़ला, संजीव बजाज, एन चंद्रशेखरन, नादिर गोदरेज, सज्जन जिंदल आदि शामिल हो रहे हैं।

### हमारे सामने एक खंडित दुनिया



डब्ल्यूईएफ फाउंडर और एक्जीक्यूटिव चेयरमैन क्लॉस स्कवाब के मुताबिक, 'हमारे सामने एक खंडित दुनिया है, जिसके समाज में टूट बढ़ रही है। इससे अनिश्चित्ता और निराशा में इजाफा हुआ है। हमें संकट प्रबंधन के आगे जाकर मौजूदा समस्याओं की जड़ खोजकर भविष्य में विश्वास को दोबारा विकसित करना होगा। ताकि हम ज्यादा बेहतर भविष्य का निर्माण कर पाएं।'
डब्ल्यूईएफ के अध्यक्ष बोर्जे ब्रेंडे ने कहा कि ये बैठक बेहद जटिल और चुनौती भरे जियोपॉलिटिकल और जियो-इकोनॉमिक हालातों में हो रही है।

## खबर संक्षेप

### दो भारतीय छात्रों की संदिग्ध हालत में मौत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कनेक्टिकट में दो भारतीय छात्रों की रहस्यमयी परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों 16 दिन पहले ही हायर स्टडीज के लिए अमेरिका गए थे। इनमें से एक छात्र गट्टू दिनेश तेलांगना और दूसरा छात्र निकेश आंध्र प्रदेश से था। पुलिस ने दोनों छात्रों के घरवालों को बताया कि उनकी मौत नींद में हुई है। जब दिनेश के दोस्त उससे मिलने के लिए उनके कमरे पर गए तो उन्हें दोनों सोते हुए मिले।

### पांच उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया



**अगरतला।** त्रिपुरा में नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के पांच कट्टर उग्रवादियों ने सोमवार को राज्य पुलिस मुख्यालय में पुलिस उपमहानिरीक्षक कृष्णेंदु चक्रवर्ती के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इसके साथ ही पिछले वर्ष से हथियार डालने वाले एनएलएफटी उग्रवादियों की कुल संख्या 26 हो गयी। उन्होंने हथियार भी सौंपे।

एस. जयशंकर ने ईरान के शहरी विकास और विदेश मंत्री से की मुलाकात

*कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देंगे*

# उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे और चाबहार पोर्ट के विकास पर सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शहरी विकास मंत्री के साथ चर्चा की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे को लेकर चर्चा की गई है। दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई हैं।

*तेहरान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चाबहार बंदरगाह और उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे को लेकर चर्चा की। दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की गई हैं।*

- ईरान और मध्य एशिया के बीच व्यापार पर दिया जोर
- क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई



### आईएनएसटीसी एक महत्वपूर्ण परिवहन मार्ग

*आईएनएसटीसी एक परिवहन मार्ग है, जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के जरिए से कैस्पियन सागर और रूस में सेंट पीटर्सबर्ग से उत्तरी यूरोप तक जोड़ता है। ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित, चाबहार बंदरगाह कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईरान द्वारा विकसित किया जा रहा है। 2021 में ताशकंद में एक कनेक्टिविटी सम्मेलन में जयशंकर ने चाबहार बंदरगाह को अफगानिस्तान सहित एक प्रमुख क्षेत्रीय पारगमन केंद्र के रूप में पेश किया। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा परियोजना के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी देखा जाता है। यह गलियारा भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी मल्टी-मोड परिवहन परियोजना है।*

### लाल सागर में उभरी स्थिति पर चर्चा

एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन से भी मुलाकात की। दोनों ने लाल सागर में उभरती सुरक्षा स्थिति सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों से लाल सागर से आवाजाही कर रहे व्यापारिक जहाजों को यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। भारतीय नौसेना ने उत्तर और मध्य अरब सागर सहित महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए अपने अग्रिम पंक्ति के जहाजों और निगरानी विमानों की तैनाती पहले ही बढ़ा दी है।

### दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करेंगे

*जयशंकर ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी से भेंट की। इसके पहले सोशल मीडिया पोस्ट पर पोस्ट साझा करते हुए जयशंकर ने कहा कि ईरान के शहरी विकास मंत्री मेहरदाद बजरपाश के साथ मेरी बैठक हुई। इस दौरान चाबहार बंदरगाह के संबंध में दीर्घकालिक सहयोग ढांचा स्थापित करने पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चाबहार बंदरगाह पर, विस्तृत और उत्पादक चर्चा की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) भी बैठक का मुद्दा रहा।*

## भारत विश्व मैत्री की बात करता है



*भारत और मालदीव के बीच चल रहे राजनयिक विवाद के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की बयानबाजी पर दो टूक कहा है कि राजनीति तो राजनीति होती है और इसकी कोई गारंटी नहीं है कि हर देश भारत को सपोर्ट करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में भारत ने अपार सफलता हासिल की है और दुनियाभर में अपने संबंधों को मजबूत किया है। लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि बदलती राजनीति के साथ विदेशी देशों के लोगों के मन भारत को लेकर सद्भावना हो और वे हमारे साथ अच्छे संबंधों का महत्व समझ सकें। पीएम नरेंद्र मोदी विश्व मैत्री की बात करते हैं।*

## सैनिकों की वापसी पर कोर समूह बनाया गया

*चीन की पांच दिवसीय यात्रा से स्वदेश लौटे मुइज्जू लगातार अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर निशाना साध रहे हैं। मुइज्जू ने भारत सरकार से 15 मार्च तक मालदीव में मौजूद अपने सभी सैनिकों को हटाने को भी कह दिया है। सार्वजनिक नीति सचिव अब्दुल्ला नाजिम ने राष्ट्रपति कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति ने भारतीय सैनिकों को मार्च से पहले वापस जाने के लिए कहा है। इस बीच, भारतीय सैनिकों की वापसी पर चर्चा के लिए दोनों देशों ने एक उच्चस्तरीय कोर समूह बनाया है। समूह ने रविवार सुबह विदेश मंत्रालय में एक बैठक की, जिसमें मालदीव में भारतीय राजदूत मुनु महावर भी शामिल हुए। नाजिम ने कहा कि राष्ट्रपति ने इस साल 15 मार्च से पहले मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी को रविवार की बैठक के एजेंडे के रूप में लिया और चर्चा की।*

हूती विद्रोहियों और अमेरिका में संघर्ष

# पहली बार अमेरिकी पोत पर लाल सागर में मिसाइल दागी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एजेंसी, दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने रविवार को लाल सागर में एक अमेरिकी जहाज को निशाना बनाकर पोत विध्वंसक क्रूज मिसाइल दागी, जिसे एक अमेरिकी लड़ाकू विमान ने मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा पट्टी में हमास के साथ इजराइल के युद्ध के बीच हाल में वैश्विक स्तर पर जहाजों की आवाजाही को प्रभावित करने वाले हमले हुए हैं।

देसी मिसाइल 'एस्ट्रा' बनेगी 'काल'

# बॉर्डर पर दुश्मनों के छूटेंगे छक्के

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने भारतीय वायु सेना को आपूर्ति के लिए स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित एस्ट्रा मिसाइल को हरी झंडी दिखाई। मिसाइल को भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), कंचनबाग यूनिट, हैदराबाद में कंपनी के सीएमडी, कमोडोर ए. माधवराव (सेवानिवृत्त), महानिदेशक, मिसाइल और सामरिक प्रणाली (डीजीएमएसएस) यू. राजा बाबू और डीआरडीओ, वायु सेना तथा बीडीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई गई।



### हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल

एस्ट्रा एक दृश्य सीमा से परे हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है जिसे डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है और भारतीय वायुसेना के लिए बीडीएल द्वारा इसका निर्माण किया गया है। हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की श्रेणी में यह हथियार प्रणाली दुनिया में अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ है। इसकी मारक क्षमता 100 किमी से अधिक है। इस मिसाइल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दुश्मनों के उन ठिकानों को भी तबाह करने की ताकत रखती है, जिसे पायलट नहीं देख पाता।

आईएमएफ चीफ बोलीं- एआई से 40% नौकरियां जाने का खतरा

# 2024 दुनिया की अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किल होगा, चुनाव से देशों पर कर्ज बढ़ेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टलीना जॉर्जीवा का कहना है कि एआई जॉब सिक्योरिटी के लिए खतरनाक हो सकता है। स्विट्जरलैंड के दावोस में शुरू हुई वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक में शामिल होने से पहले आईएमएफ चीफ जॉर्जीवा ने कहा कि एआई से विकसित देशों की 60% नौकरियां खतरे में आ जाएंगी। यह जॉब सिक्योरिटी के लिहाज से भी खतरनाक साबित होगा। हालांकि, एआई उत्पादकता बढ़ाने के लिए मौके भी पैदा करेगा।

**खास बातें**

- एआई उत्पादकता बढ़ाने के लिए मौके भी पैदा करेगा
- हाई स्किल्ड जॉब वाले देशों में एआई से सर्वाधिक खतरा रहेगा
- आधी नौकरियों पर एआई का गलत असर

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक में भाग लेने से पहले





### एआई का असर अच्छा भी हो सकता है

*आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया कि दुनियाभर की आधी नौकरियों पर एआई का गलत असर पड़ेगा। बाकी बची आधी नौकरियों पर इसके अच्छे प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का खतरा उन देशों में सबसे ज्यादा होगा, जहां हाई स्किल्ड जॉब की डिमांड होगी। जॉर्जीवा ने कहा- एक तरफ एआई के आने से आपकी नौकरी पूरी तरह से खत्म हो सकती है, दूसरी तरफ नौकरियां बढ़ सकती हैं। नौकरी के अवसर बढ़ेंगे तो आपकी प्रोडक्टिविटी भी बढ़ेगी। इससे इनकम, लिविंग स्टैंडर्ड भी बढ़ेगा।*

### कर्ज के जाल में फंसी दुनिया

उन्होंने कहा कि विकासशील देशों में एआई का प्रभाव कम हो सकता है, लेकिन वैश्विक स्तर पर करीब 40 प्रतिशत नौकरियों पर एआई का असर पड़ सकता है। वहीं, उन्होंने 2024 के लिए दुनिया को चेताया है। उन्होंने कहा कि 2024 दुनियाभर की अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किल साल हो सकता है। दुनिया कोरोना के वक्त लिए गए कर्ज के जाल से अभी तक नहीं निकल पाई है। इस साल दुनिया में 60 से ज्यादा देशों में चुनाव हैं। ऐसे में सरकारें लोगों को लुभाने के लिए पैसे खर्च करेंगी, इससे देशों पर कर्ज और बढ़ेगा।

### छोटे देशों की मदद करनी होगी

*14 जनवरी को आईएमएफ की नई रिपोर्ट पब्लिश हुई। इसमें अनुमान जताया गया है कि उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में लेबर मार्केट पर एआई का शुरुआती असर कम होगा। जॉर्जीवा ने कहा कि हमें विशेष रूप से कम आय वाले देशों को तेजी से आगे बढ़ने में मदद करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, ताकि वे एआई के आने से बनने वाले अवसरों का लाभ उठा सकें।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109